

असम इकाई के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा भाजपा में हुए शामिल - 12



अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत में रूस से और घटा तेल का आयात - 12



परमाणु समझौते के लिए ईरान और आईएईए के बीच नए तंत्र पर चर्चा - 13



वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की परीक्षा लेगा जिम्बाब्वे - 14


आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
15.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.38
सूर्यास्त 06.06

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी 09:09 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 23 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 184, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# देश की बदनामी में जुटी कांग्रेस दिवालिया और दरिद्र : मोदी

## प्रधानमंत्री ने मेरठ में नमो भारत आरआरटीएस व मेट्रो का किया उद्घाटन, 12,930 करोड़ की परियोजनाएं की समर्पित

- मोदी ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर विकास की जगह जहरीली राजनीति करने का लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ की धरती से कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देश को बदनाम करने में जुटी कांग्रेस आज राजनीतिक रूप से दिवालिया और वैचारिक रूप से दरिद्र हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एआई ग्लोबल समिट भाजपा का नहीं, बल्कि देश के सम्मान का कार्यक्रम था। लेकिन कांग्रेस ने सारी मर्यादाएं तोड़कर इसे अपनी ओछी राजनीति का मंच बना दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतनी पुरानी पार्टी के नेताओं को शर्म आनी चाहिए, लेकिन वे लाज छोड़कर अपनी हरकतों का बचाव कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने रविवार को मेरठ में भारत की पहली नमो भारत रैपिड रेल (आरआरटीएस), दिल्ली–मेरठ 82 किमी लंबे संपूर्ण कॉरिडोर और मेरठ मेट्रो (मेरठ साउथ–मोदीपुरम) का उद्घाटन करने के साथ करीब 12,930 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने एआई समिट को गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बनाते हुए सारी मर्यादाएं तोड़ दी।

आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है। लेकिन दुर्भाग्य देखिए... इतनी पुरानी पार्टी के नेता शर्माने की जगह बेशर्मी दिखा रहे हैं। मोदी ने कहा कि महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो। कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है।

एक बात से मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं इसके लिए उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर जहरीली राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उनमें हिम्मत है तो विकास के मुद्दे पर मुकाबला करें। प्रधानमंत्री ने नमो भारत को नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोल और संचालन से जुड़े अधिकतर पदों पर बेटियां नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले इस रूट पर शाम होते ही सन्नाटा और भय का माहौल रहता था, लेकिन आज बेहतर कानून व्यवस्था और आधुनिक परिवहन ने पश्चिम यूपी की तस्वीर बदल दी है। इससे पहले उन्होंने नमो भारत और मेरठ मेट्रो को हरी झंडी दिखाई और यात्रियों, छात्रों व सफाईकर्मियों से संवाद किया।



दिल्ली–मेरठ नमो भारत के संपूर्ण कॉरिडोर का राष्ट्र को समर्पण एवं मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर रैपिड रेल मॉडल के साथ प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी।

### पहले घोटालों में गुम हो जाते थे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, तकनीक आयात करनी पड़ती थी

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में मेट्रो, सड़क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं घोटालों में गुम हो जाते थे। तकनीक आयात करनी पड़ती थी और काम वर्षों तक अटका रहता था। भाजपा सरकार ने न केवल घोटाले बंद किए, बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाते हुए समयबद्ध तरीके से परियोजनाएं पूरी कीं। आज भारत मेट्रो नेटवर्क में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और 25 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं चल रही हैं। मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति के कारण अब परियोजनाएं अधर में नहीं लटकतीं, शिलान्यास होता है तो उद्घाटन भी सुनिश्चित होता है।

### मुख्यमंत्री योगी बोले- प्रधानमंत्री मोदी नए और आधुनिक भारत के निर्माता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नए और आधुनिक भारत के निर्माता हैं। मेरठ और पश्चिम उत्तर प्रदेश को मिली यह सौगात क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, रोजगार और जीवन स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दंगों और अव्यवस्था के दौर से निकलकर विकास, निवेश और बेहतर कानून व्यवस्था का मॉडल बना है। नमो भारत और मेरठ मेट्रो जैसी परियोजनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि उत्तर प्रदेश अब नए भारत की रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### एसआईआर: तत्काल मामलों के प्रबंधन के लिए समिति का गठन

**कोलकाता।** यहां की हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने एक समिति गठित की है, जो पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद से संबंधित कार्यों में न्यायिक अधिकारियों की व्यस्तता के कारण जरूरी मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करने की अंतरिम व्यवस्था की निगरानी करेगी। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर बीस फरवरी को अप्रसन्नता जताते हुए राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को असाधारण निर्देश दिया।

### 'बढ़ना है तो यहां जुड़ना है' अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन



**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को घोषणा की कि स्किल इंडिया डिजिटल हब' (एसआईडीएच) की पहुंच बढ़ाने के लिए संचालित किए जा रहे एक नए राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अभिनेता अमिताभ बच्चन से इसके प्रचार–प्रसार के लिए संपर्क किया गया है। 'बढ़ना है तो यहां जुड़ना है' अभियान की शुरुआत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने हाल ही में संपन्न हुए एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान की।

### मन की बात में मोदी बोले ओटीपी, आधार व बैंक विवरण साझा न करें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खातों के विवरण साझा न करने के सुझाव दिए। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खाते संबंधी जानकारी किसी को भी न दें। उन्होंने कहा कि जैसे हर मौसम के साथ खान–पान, पहनावा भी बदल जाता है, वैसे ही नियम से हर कुछ दिन के बाद अपना पासवर्ड भी बदल देना चाहिए। उन्होंने पूर्व में डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से बात की थी, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन घोटालों के बारे में जागरूकता बढ़ी है।

(विस्तृत पेज राष्ट्रीय पर)

### अफगानिस्तान पर पाकिस्तान ने एयर स्ट्राइक कर बरसाए बम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने देश में हुए हालिया हमलों के बाद अफगानिस्तान में शनिवार रात सात आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई की जिसके बाद अफगानिस्तान ने इसके जवाब में आवश्यक और सोच–समझकर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। खैबर–पख्तूनख्वा के बन्नू इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सेना के एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक सैनिक की मौत हो गई।

(विस्तृत देश विदेश पर)

## ग्लोबल टैरिफ के कारण भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील टली

- अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की बैठक की तारीख नए सिरे से तय होगी
- 23 फरवरी से तीन दिन की बैठक शुरू करने वाला था भारतीय दल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बैठक फिलहाल टल गई है। वाशिंगटम में मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को अब नए सिरे से तय करने का फैसला किया गया है। भारतीय दल 23 फरवरी से तीन दिन की बैठक शुरू करने वाला था। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं।

एक सूत्र ने कहा, भारत-अमेरिका व्यापार करार के लिए भारतीय वार्ताकारों की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में दोनों पक्षों का मानना है कि अब यह बैठक तब होनी चाहिए जबकि दोनों पक्ष ताजा घटनाक्रमों और उसके प्रभाव का आकलन कर लें। इसके लिए दोनों पक्षों को समय चाहिए। अब इस बैठक की तारीख दोनों पक्षों की सुविधा के हिसाब से नए सिरे से तय की जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पहले के बड़े शुल्क के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण हो जाता है। ट्रंप ने शुक्रवार को भारत समेत सभी देशों पर 24 फरवरी से 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था। हालांकि, शनिवार को उन्होंने शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की घोषणा की। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनके आर्थिक एजेंडा को एक बड़ा झटका देते हुए अमेरिकी शीर्ष अदालत ने उनके द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए शुल्कों को गैरकानूनी करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने 1977 के अंतर्राष्ट्रीय आपात आर्थिक अधिकार कानून (आईईईपीए) का इस्तेमाल कर अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया है।



### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप ने किया था ग्लोबल टैरिफ 15% करने का एलान

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप ने फिर से इन शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का एलान किया है। अगर यह शुल्क अधिसूचित होता है, तो यह अमेरिका में मौजूदा एमएफएन या आयात शुल्क के अलावा होगा। उदाहरण के लिए, अगर किसी उत्पाद पर 5% एमएफएन शुल्क लगता है, तो 15 प्रतिशत और जोड़कर यह 20 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, इस बारे में कोई स्थिति स्पष्ट नहीं है कि 150 दिन के समय के बाद भारत जैसे देशों पर अमेरिकी शुल्क क्या होगा। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत और आयात में 6 .22 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2024–25 में, दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर था।

## जैश के टॉप कमांडर सैफुल्ला समेत 3 आतंकी ढेर

जम्मू, एजेंसी



- किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ दो एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद

जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ में रविवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मार गिराए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादियों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों के प्रारंभिक आकलन में पता चला है कि मृतकों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक कुख्यात कमांडर सैफुल्ला भी शामिल है।

सैफुल्ला ने लगभग पांच साल पहले जम्मू कश्मीर में घुसपैठ किया था और तब से इस क्षेत्र में सक्रिय था। उस पर सुरक्षा बलों पर कई घातक हमलों की साजिश रचने का आरोप है। इनमें जुलाई 2024 का हमला भी शामिल है, जिसमें एक कैप्टन समेत चार जवान शहीद हो गए थे। सैफुल्ला पहले भी कई मुठभेड़ों के दौरान बच निकला था। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने व्हाइट नाइट कोर के जवानों द्वारा तीन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए की गई तेज और सटीक कार्रवाई की सराहना की। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेना के कमांडर ने दुर्गम क्षेत्र में दृढ़ साहस दिखाने के लिए जमीनी स्तर पर तैनात कमांडरों और सैनिकों की सराहना की है। उत्तरी कमान आतंकवाद मुक्त जम्मू कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। चत्रू बेल्ट के पासेरकुट इलाके में 'त्राशी-आई' ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों को मार गिराया गया तथा दो एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद किये गए।

### सात बांग्लादेशी समेत लश्कर के 8 सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तीन राज्यों में चलाए गए एक बड़े आतंकवाद रोधी अभियान के तहत आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के मॉड्यूल का पर्दाफाश करके इससे जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें से 7 बांग्लादेश के नागरिक हैं। एक अधिकारी ने बताया कि ये सातों बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और जाली पहचान पत्र बनवा लिये थे। ये गिरफ्तारियां पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में समन्वित छापेमारी के बाद हुईं।

(विस्तृत राष्ट्रीय पेज पर)

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्य पर पॉक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज



**प्रयागराज।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग समेत दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

यह प्राथमिकी शनिवार देर रात दर्ज की गई। इससे पहले प्रयागराज की पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने स्वामी विमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिकारियों के अनुसार, बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद के अलावा दो-तीन अज्ञात लोगों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, वादी आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने दावा किया कि हाल में प्रयागराज में संपन्न माघ मेले में उनके ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान एक नाबालिग लड़के समेत दो लोग आए और उन्होंने माघ मेले समेत धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान तथा एक गुरुकुल में उनके यौन शोषण के आरोप लगाए।

## एआई सम्मेलन में प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर सीधा हमला : कोर्ट

- दिल्ली की एक अदालत ने कहा- देश की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक कोर्ट ने कहा कि एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं का आचरण सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला था। जिसने देश की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने शनिवार को यह टिप्पणी तब की, जब भारत मंडपम में कमीज उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को उनकी अदालत में पेश किया गया। अदालत ने प्रदर्शनकारियों से पूछताछ के लिए पुलिस को उन्हें पांच दिन की हिरासत में रखने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों से बाहरी साजिश के संबंधों का संकेत मिलने से यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

## जेब से फोन निकाले बिना होगी बात, हड्डियों से पहुंचेगी आवाज

निघासन (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** निघासन कस्बे के 29 वर्षीय युवा इंजीनियर मयंक पांडेय ने एक अनोखा इलेक्ट्रॉनिक बैंड तैयार किया है, जिसे पहनने के बाद आपका हाथ ही स्पीकर में बदल जाता है। इस डिवाइस के जरिए बिना मोबाइल फोन जेब से निकाले और बिना इयरफोन लगाए कॉल रिसीव की जा सकती है।

मयंक वर्तमान में गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बीटेक में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की है। बचपन से तकनीक के प्रति लगाव रखने वाले मयंक पहले भी कई नवाचार कर चुके हैं। मयंक बताते हैं कि स्मार्टवॉच के जरिए कॉल रिसीव करते समय लाउडस्पीकर पर बात करने से गोपनीयता नहीं रहती। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एब्लर बैंड तैयार किया है। उनका कहना है कि आजकल अधिकतर लोग स्मार्ट वॉच पहनते हैं, लेकिन फोन दूर होने या इयरफोन न होने की स्थिति में निजी बातचीत करना मुश्किल हो जाता है। निघासन जैसे कस्बे से निकलकर तकनीकी नवाचार की यह पहल क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।

### ऐसे करता है काम

मयंक के अनुसार, मानव शरीर की हड्डियां ध्वनि तरंगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में सक्षम होती हैं। इसी सिद्धांत पर यह बैंड कार्य करता है। सामान्य इयरफोन में स्पीकर ध्वनि उत्पन्न करते हैं, लेकिन एब्लर बैंड में ऐसे इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का इस्तेमाल किया गया है जो कॉल से आने वाली आवाज को कंपन में बदल देते हैं। यह कंपन कलाई की हड्डियों से होते हुए हथेली और उंगलियों तक पहुंचता है। जब उपयोगकर्ता कलाई, अंगूठा या उंगली को कान पर रखता है, तो कॉल करने वाले की आवाज साफ सुनाई देती है। यह डिवाइस ब्लूटूथ तकनीक पर आधारित है और किसी भी स्मार्टफोन से कनेक्ट किया जा सकता है। इसमें लगे बटन ऑन–ऑफ, कॉल रिसीव/काटने और म्यूजिक कंट्रोल करने की सुविधा देते हैं।

**शासनादेश** | राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के गठन का शासनादेश जारी

## मुख्यमंत्री योगी बने राज्य स्तरीय दिशा समिति के अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की दिशा मार्गदर्शिका–2022 के तहत राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) के गठन का शासनादेश जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ होंगे, जबकि ग्रामीण विकास विभाग के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सह-अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। यह समिति राज्य में केंद्र प्रायोजित ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा, निगरानी और अनुश्रवण करेगी।

शासनादेश के अनुसार समिति में लोकसभा व राज्यसभा के सांसदों, उत्तर प्रदेश विधानसभा एवं विधान परिषद के नामित सदस्यों के साथ पंचायती राज, वित्त, राजस्व और ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अधिकारी सदस्य होंगे। समिति जिला स्तरीय दिशा समितियों के निर्णयों के अनुपालन, धन प्रवाह, डीबीटी भुगतान, मानव संसाधनों की तैनाती और योजनाओं में आ रही बाधाओं की समीक्षा करेगी। समिति की बैठक कम से कम हर छह महीने में एक बार अनिवार्य रूप से होगी और प्रगति रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जाएगी।

शासनादेश में समिति के दायित्व स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि यह समिति केंद्र प्रायोजित सभी ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। जिला स्तरीय दिशा समितियों के निर्णयों के अनुपालन की स्थिति, धन प्रवाह, डीबीटी के माध्यम से भुगतान, मानव संसाधनों की तैनाती और कार्यों में आ रही बाधाओं का समाधान समिति के प्रमुख कार्य होंगे। इसके साथ ही लाभार्थियों के गलत चयन, धन के दुरुपयोग या डायवर्जन जैसी शिकायतों की जांच कर आगे की कार्रवाई की संस्तुति भी की जाएगी।

### दिशा समिति के नामित सदस्यों की सूची जारी

राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) के गठन संबंधी शासनादेश में नामित सदस्यों के नाम जारी कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा नामित संसद सदस्यों में अनुप्रिया पटेल, चंद्रशेखर, स्वामी सचिदानंद हरि साक्षी, जय प्रकाश, किशोरी लाल, राजकुमार सांगवान, अखिलेश यादव, डिंपल यादव, संजय सेठ, सुरेंद्र सिंह नागर, रामजी तथा रामगोपाल यादव शामिल हैं ।राज्य सरकार द्वारा नामित विधानमंडल सदस्यों में राजीव तरारा, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, प्रेमसागर पटेल, भूपेश चौबे, आराधना मिश्रा, उमाशंकर सिंह, अनूप कुमार गुप्ता, साकेत मिश्रा और आशुतोष सिन्हा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित गैर–सरकारी सदस्यों में श्रीकृष्ण गौतम, जुबैद उर रहमान, रितु सिंह, संजिव कुमार और अंकुर वर्मा को समिति का सदस्य नामित किया गया है।

# 117 गोदाम और 11899 दुकानों में छापा, 13 गिरफ्तार, 14 एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेशभर में चला चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष अभियान

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट, एनजीटी व राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में चाइनीज मांझे को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पूरे प्रदेश में 117 गोदाम व 11899 दुकानों में छापे मारे गये। कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, प्रदेश में 14 मामले दर्ज किये गये है। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक अभियान जारी रहेगा।

उच्च न्यायालय, एनजीटी, उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चाइनीज मांझे के निर्माण, भंडारण तथा सिंथेटिक/शीशा लेपित नायलॉन पतंग डोरी के उपयोग व बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जांच के दौरान भारी मात्रा में अवैध सिंथेटिक मांझा और शीशा लेपित नायलॉन पतंग डोरी बरामद की गई। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1,93,960 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने कुल 14 मामले दर्ज किये है। इनमें 13 आरोपियों को नामजद किया गया। एक अन्य का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रदेश में चाइनीज मांझे से हादसे लगातार हो रहे हैं। इसे देखते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों को इस प्रतिबंधित मांझे की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस ने व्यापारियों से अपील की है कि प्रतिबंधित मांझे का निर्माण, बिक्री या भंडारण न करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने की वैश्विक पहल

## सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर रवाना हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार देर शाम चार दिवसीय विदेशी दौरे पर सिंगापुर और जापान के लिए रवाना हुए। वर्ष 2017 में म्यांमार यात्रा के बाद यह उनका पहला विदेशी दौरा है। इसे प्रदेश की निवेश कूटनीति और औद्योगिक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री 23-24 फरवरी को सिंगापुर और 25-26 फरवरी को जापान में रहकर कुल 33 वैश्विक कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को आगे बढ़ाने के तहत मुख्यमंत्री जी-टू-बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) बैठकों और राउंड टेबल संवाद के माध्यम से निवेशकों से सीधे चर्चा करेंगे। सिंगापुर में उनकी मुलाकात राष्ट्रपति थर्मन शनमुगारत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से प्रस्तावित है।

### योगी के साथ जाएंगे कई मंत्री व अधिकारी

मुख्यमंत्री योगी के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', मुख्यमंत्री के वरिष्ठ सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय-अमित सिंह, ओएसडी मुख्यमंत्री कार्यालय-आरबीएस रावत, औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव (श्रम)-डॉ. एमके शन्मुगा सुन्दरम, प्रमुख सचिव (पर्यटन)-अमृत अभिजात, सीईओ इन्वेस्ट यूपी-विजय किरन आनन्द, सीईओ यीडा-राकेश कुमार सिंह, निदेशक यूपीनेडा-इन्द्रजीत सिंह भी दौरे पर जाएंगे। यह दल सिंगापुर और जापान में निवेशकों, सरकारी एवं उद्योग प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकों, रोडशो और राउंड टेबल वार्ताओं में यूपी की योजनाओं, अवसरों और साझेदारी प्रस्तावों को पेश करेगा।

### सिंगापुर की कंपनियों से निवेश पर होगी चर्चा

सिंगापुर प्रवास के दौरान 25 कंपनियों से डेटा सेंटर, एग्रीबिजनेस, लॉजिस्टिक्स, क्लीन और सौर ऊर्जा, इंडस्ट्रियल पार्क तथा एविएशन क्षेत्र में निवेश पर चर्चा होगी। गूगल और एसटीटी ग्लोबल के साथ डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, जापफा ग्रुप और ओलम इंटरनेशनल के साथ कृषि आधारित उद्योग, तथा सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी के साथ एमआरओ और एयर कार्गो सुविधाओं पर फोकस रहेगा। जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास औद्योगिक विकास की संभावनाएं भी प्रस्तुत की जाएंगी।

### जापान में ऑटो व सेमीकंडक्टर रहेगा एजेंडा

जापान में आठ प्रमुख कंपनियों से ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और रियल एस्टेट निवेश पर वार्ता होगी। दौरे को 'ब्रांड यूपी' को वैश्विक पहचान दिलाने और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर करने की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 63 को गोकुल व 49 को आज मिलेगा नंद बाबा पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. दुग्धशाला विकास विभाग की ओर से सोमवार को गोधन समागम-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के गोकुल पुरस्कार के लिए 63 एवं नंद बाबा पुरस्कार के लिए चयनित 49 लाभार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही निराश्रित गोवंश के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गोशालाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में दुग्ध विकास, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह पुरस्कार प्रदान करेंगे। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी केजी ने बताया कि गोधन समागम में गोपालन से संबंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वदेशी नस्ल के गोपालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गोपालन से सम्बन्धित विषयों पर जानकारी दी जायेगी।

### पशु आरोग्य मेला 28 को, सर्जरी भी होगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत भौदरी के मजरा गनियार में 28 फरवरी को मंडलस्तरीय वृहद पशु आरोग्य मेला आयोजित होगा। पशुपालन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि मेले में लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई के पशुओं की गंभीर बीमारी का उपचार, टीकाकरण, जांच आदि किए जाएंगे। इसके अलावा चिकित्सक पशुओं की सर्जरी भी करेंगे। विशेषज्ञ सर्जनों की टीम बनाई है। सेवा निशुल्क रहेगी। अन्य जिलों के पशुपालक भी मेले का लाभ उठा सकते हैं।

### खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश व रोजगार को नई रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की उप्र. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को नई गति मिल रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के तहत करीब 3 .50 लाख तथा संगठित क्षेत्र में 80 हजार से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां कार्यरत हैं। इनमें 3000 से अधिक इकाइयों का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपये से अधिक है। यह क्षेत्र लगभग 2 .55 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार दे रहा है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अनुसार सरकार प्रत्येक जिले में 1000 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य लेकर चल रही है। साथ ही 15 एग्रो-फूड प्रोसेसिंग पार्क विकसित किए जा रहे हैं। निजी निवेश के तहत ग्रेटर नोएडा में नेश्ले, नोएडा-लखनऊ में हल्दीराम, बहेरी में पारले उत्पाद और वाराणसी में मदर डेयरी जैसी बड़ी इकाइयां स्थापित की गई हैं।

# अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर देश की ताकत

## विकास कार्यों की जितनी समीक्षा पीएम मोदी करते हैं, उतना कोई मंत्री भी नहीं करता : योगी




मेरठ में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सांसद अरुण गोविल व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने मेरठ के मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय व जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण का प्रधानमंत्री से किया अनुरोध

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी की कार्यशैली से प्रेरणा लेते हुए कहा कि पूरे देश के विकास कार्यों की जितनी समीक्षा प्रधानमंत्री करते हैं, उतनी तो कोई मंत्री अपने विभागीय कार्यों की भी नहीं करता। आज अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से भारत की ताकत दिखती है। योगी ने मेरठ के मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय व जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण करने के लिए पीएम से अनुरोध भी किया।

योगी रविवार को मेरठ के मोहिउद्दीनपुर में प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल संपूर्ण कॉरिडोर व मेरठ मेट्रो का लोकार्पण किए जाने के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत के माध्यम से अत्याधुनिक-सुरक्षित तेज पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाएं आज भारत की पहचान बन रही हैं। पीएम मोदी ने शनिवार को ही गौतम बुद्ध नगर में सेमीकंडक्टर के नए प्लांट का शिलान्यास किया है, यानी हमारा भारत आने वाले समय की चुनौतियों को देखते पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री का अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रति दृष्टिकोण विकसित भारत की उस आधारशिला का विजन है, जिसकी दुनिया में चर्चा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने देखा है कि 2014 के पहले देश कैसे चलता था। हाल में ही प्रधानमंत्री ने देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर की मॉनीटरिंग करते हुए 50वीं बैठक की। इससे पहले बड़े प्रोजेक्ट्स की मॉनीटरिंग नहीं होती थी। प्रगति की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री द्वारा आइडिया दिया जाता है। यह प्रधानमंत्री की कार्यशैली है कि दशकों से लंबित 85 लाख करोड़ की परियोजनाएं मात्र 10 वर्ष में धरातल पर उतरी हैं।


इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, दिनेश खटिक, सोमेंद्र तोमर, राज्यसभा सांसद व पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, सांसद अरुण गोविल आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने किया मेट्रो में सफर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रांति की धरा मेरठ पर रविवार को सबसे पहले शताब्दी नगर हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग मेरठ साउथ से शताब्दी नगर तक मेट्रो में सफर भी किया। प्रधानमंत्री ने मेट्रो में दिव्यांग बच्चों, स्कूली बच्चों, मेडिकल छात्रों व अन्य लोगों से संवाद भी किया।

# रामभद्राचार्य पर लगा मुकदमा वापस लेकर गलती की थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

- सपा प्रमुख ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोपों को लेकर सरकार को घेरा

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि रामभद्राचार्य पर लगे 420 के मुकदमे को हमने वापस लेकर गलती की थी, मुझे उन्हें जेल भेज देना चाहिए था। यह बात उन्होंने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे घटिया आरोप के सवाल पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रामभद्राचार्य के बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए, लेकिन शंकराचार्य को अपमानित करने के लिए जिसको ढूंढ कर लाए हैं, अगर वह उनका का चेला है तो यह बताना जरूरी है।

सपा प्रमुख रविवार को पार्टी मुख्यालय में अन्य दलों के नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गीता में लिखा है, माया में रह कर भी माया से जो दूर रहे, वो योगी है। गुरु नानक ने भी कहा था कि वस्त्र पहनने, कान छिदवाने से कोई योगी नहीं होता है। अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य के साथ व्यवहार ठीक नहीं हो रहा है। जिस समय शिखा को पकड़ कर अपमानित किया जा रहा था, उस समय भाजपा के लोग कहां थे।

# काउंसिल सदस्य पद के आवेदन मांगे गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में नए सदस्यों के नामांकन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। शासन के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा इसकी सूचना जारी कर दी गयी है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि बीते 20 फरवरी 2026 को आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। पूर्व में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को भी पुनः आवेदन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि विभागीय वेबसाइट का अवलोकन कर नियमानुसार आवेदन सुनिश्चित कर लें। मालूम हो कि यह काउंसिल, लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, ऑप्टोमेट्रिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, ओटी टेक्नीशियन आदि के पंजीकरण और रेगुलेशन से संबंधित होती है।

# डीप टेक, एआई व क्वांटम कंप्यूटिंग में अग्रणी बनेगा यूपी

## मुख्यमंत्री योगी ने आईबीएम के एआई इनोवेशन सेंटर का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश डीप टेक, एआई व क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। तकनीक के प्रभावी उपयोग से शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री रविवार को लखनऊ में आईबीएम एआई जी-टेक इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गत वर्ष मुझे आईआईटी कानपुर में डीप टेक पर आधारित कॉन्फ्रेंस में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर से मेरी बात भी हुई। मेडटेक पर मिलकर काम कर रहे हैं। यूपी के हालिया बजट में रोबोटिक्स में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है। इससे पहले ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए सरकार ने बजट में व्यवस्था की थी।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

इस अवसर पर आईबीएम के चेयरमैन व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरविंद कृष्णा तथा आईबीएम इंडिया एवं साउथ एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मनिन्द्र अग्रवाल और उत्तर प्रदेश सरकार व आईबीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आईबीएम के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरविंद कृष्णा ने कहा कि एआई से सरकारों की कार्यक्षमता और आर्थिक प्रतिस्पर्धा को नई दिशा मिलेगी।

**आईबीएम के सहयोग से आएगी तेजी :** योगी ने कहा कि सरकार ने लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने का काम किया है। आईबीएम इसमें सहयोग करेगी, तो तेजी से क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी। हमें क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए हमें काम करना है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश की दावेदारी मजबूत है। क्योंकि देश का पहला कंप्यूटर आईबीएम ने ही कानपुर आईआईटी में स्थापित करने में योगदान दिया था, और आज उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। मेरा मानना है कि क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए आईआईटी कानपुर नोएडा वाले कैंपस में सहयोग करने को तैयार है।

### दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

कार्यक्रम के दौरान आईबीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए, जिससे राज्य के विकास के दीर्घकालीन लक्ष्यों को एआई आधारित प्रशासन से जोड़ा जा सकेगा। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के साथ मिलकर यह सेंटर विभिन्न विभागों में एआई आधारित उपयोगों को विकसित करेगा और भिन्न-भिन्न विभागों में डिजिटल व एआई क्षमता को मजबूत करेगा। स्कूल शिक्षा निदेशालय के साथ मिलकर कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों और शिक्षकों के लिए एआई साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिससे उन्हें एआई की बुनियादी जानकारी और भविष्य की चुनौतियों के लिये जरूरी व्यावहारिक अनुभव व कौशल मिल सके।

# कचहरी व पुलिस लाइन उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस ने आजमगढ़ से की गिरफ्तारी, फर्जी वीपीएन व ई-मेल से भेजी थी धमकी

**अमृत विचार:** कचहरी व पुलिस लाइन को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल भेजने वाले को एटीएस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने वीपीएन का पेड वर्जन, अलग-अलग वाईफाई कनेक्शन और फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए जौनपुर न्यायालय परिसर और पुलिस लाइन गेट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। आरोपी को आजमगढ़ से दबोचा गया। आरोपी ने प्रेम प्रसंग में बदला लेने के लिए यह साजिश रची थी। उसके पास से पांच मोबाइल, लैपटॉप व कई सिम बरामद किया गया है।



आरोपी विशाल रंजन

एटीएस के मुताबिक 17 फरवरी को जिला जज के सरकारी ई-मेल आईडी पर पांच अलग-अलग ई-मेल आईडी से धमकी भरे मेल भेजे गए थे। इन ई-मेल आईडी को अलग-अलग नामों से लिए गए मोबाइल नंबरों के जरिए इंटरनेट का उपयोग कर और वीपीएन के पेड वर्जन के माध्यम से आईपी प्रॉक्सी बनाकर प्रोटॉन मेल पर तैयार किया गया था। साथ ही कुछ मोबाइल नंबर लिखे गये थे। जिसमें मुख्यमंत्री यूपी से एक लाख रुपये भेजने की मांग की गई थी और रकम न भेजने पर विस्फोट की धमकी दी गई थी। एटीएस की जांच में सामने आया कि आरोपी आजमगढ़ के निजामाबाद बक्शपुर का रहने वाला विशाल रंजन है। वह किराये के मकान में सिधारी में रहता था।

### शादी रुकवाने व प्रेमिका से बदला लेने के लिए रची साजिश

एटीएस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जिस लड़की से वह प्रेम करता था, उसकी शादी जौनपुर के एक युवक से तय हो गई थी। वह शादी रुकवाना चाहता था, इसलिए उसने मंगेतर के नाम से फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डाले, जिससे दोनों पक्षों में विवाद हुआ और पंचायत में उसे माफी मांगनी पड़ी। इसके बाद बदले की भावना से आरोपी ने अपनी प्रेमिका के मंगेतर व अन्य युवकों के नाम से फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर उनके मोबाइल नंबरों का प्रयोग करते हुए जौनपुर कचहरी और पुलिस लाइन को बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल भेजे, ताकि पुलिस उन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दे।

# बरेली की सलमा बनीं ग्रामीण आर्थिक सशक्तीकरण की मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गांव में बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाकर बदली अपनी किस्मत

**अमृत विचार:** प्रदेश में महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण आजीविका योजनाओं का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। बरेली के बिथरी चैनपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत उडला जागीर निवासी सलमा इसकी प्रेरक उदाहरण हैं। कभी आर्थिक तंगी और बेरोजगारी से जूझने वाली सलमा आज आत्मनिर्भर बनने के साथ ही अपने गांव में बैंकिंग सेवाओं की अहम कड़ी बन चुकी हैं। उनकी उपलब्धि को यूपी सरकार ने भी सराहा है।

बीए तक पढ़ाई के बाद रोजगार न मिलने से सलमा निराश थीं। पिता ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। इसी बीच बीसी सखी योजना की जानकारी मिलने के बाद 14 सितंबर 2021 को सलमा ने आवेदन कर प्रशिक्षण लिया और परीक्षा उत्तीर्ण कर बीसी सखी बनीं। अब वह रोजाना पंचायत में बैंकिंग सेवाएं देकर ग्रामीणों, खासकर महिलाओं, को बचत और डिजिटल लेन-देन से जोड़ रही हैं।

सलमा को कार्य प्रारंभ करने के लिए 75 हजार रुपये का सपोर्ट फंड मिला। आरसेटी प्रशिक्षण के बाद उन्होंने गांव में बीसी सखी सेंटर खोला। आज वह प्रतिमाह लगभग 35 हजार रुपये तक कमीशन अर्जित कर परिवार को आर्थिक स्थिरता और सम्मान दिला रही हैं।

**एसआईआर** प्रदेश के 1.77 लाख बूथों पर चला मतदाता सूची शुद्धीकरण अभियान

# 1.66 करोड़ नोटिसों की सुनवाई पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा-विशेष अभियान दिवस रहा सफल

**अमृत विचार:** केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के तहत रविवार को प्रदेश के सभी 1.77 लाख मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित जारी 3.26 करोड़ नोटिस में से अब तक 1.66 करोड़ से अधिक की सुनवाई पूरी हो चुकी है।

रिणवा ने बताया कि प्रदेश की औसत प्रगति 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। नोटिस सुनवाई में 70 प्रतिशत से अधिक प्रगति हासिल करने वाले 11 जिले औरैया, एटा, अम्बेडकरनगर, शामली, फिरोजाबाद, बदायूं, आजमगढ़, बस्ती, चित्रकूट, सहारनपुर और मथुरा की सराहना की गई। वहीं, 40 प्रतिशत या उससे कम प्रगति वाले 15 जनपदों को योजनाबद्ध ढंग से कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अपील की कि दावा एवं आपत्ति की अंतिम तिथि 6 मार्च तक सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए ईसीआईएनईटी मोबाइल एप और voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है।

### कल दिल्ली में गोलमेज सम्मेलन यूपी के लिए अहम

केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा 24 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाला ईसीआई-राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन उत्तर प्रदेश के लिए विशेष महत्व रखता है। 27 वर्षों बाद हो रहे इस सम्मेलन की अध्यक्षता देश के मुख्य चुनाव आयुक्त करेंगे। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। ईवीएम की सुरक्षा, मतदाता सूचियों के साझा उपयोग, तकनीक आधारित निर्वाचन प्रबंधन और हाल ही में शुरू किए गए ईसीआईएनईटी डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे विषय यूपी की चुनावी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व दक्ष बनाने में सहायक होंगे।

# 1162 दिव्यांगजनों को 13 दिन में मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार की समावेशी पहल के तहत 6 से 18 फरवरी तक चले 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0' के अंतर्गत 13 दिनों में 1162 दिव्यांगजनों को सवेतन रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान "सबका साथ, सबका विकास" नीति की पर संचालित हो रहा है और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

अभियान के सफल संचालन के लिए मिशन निदेशक पुलकित खरे द्वारा सभी 75 जिलों के अधिकारियों के साथ समन्वित रणनीति बनाई गई। समन्वित रणनीति से 856 अतिरिक्त दिव्यांगजन स्वेच्छा से अभियान से जुड़े और उन्हें रोजगार के अवसर मिले। अभियान के तहत रोजगार मेले और प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए गए, जिनमें टेलीकॉलर, मशीन ऑपरेटर, तकनीकी सहायक, हेल्पर और रिटेल सेल्स एसोसिएट जैसे पदों पर चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों को 9,000 से 21,000 रुपये मासिक वेतन के प्रस्ताव मिले। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से कई युवाओं को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता भी दी गई।

# उत्तर प्रदेश

## बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर भविष्य



विकसित उत्तर प्रदेश UP 2047



उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ और व्यापक बनाने के लिए योगी सरकार पिछले पौने नौ वर्षो से निरंतर मिशन मोड में कार्य कर रही है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पहुंचे, हेल्थ इंफ्रास्ट्रकार मजबूत हो तथा सुदूर इलाकों तक आधुनिक सेवाओं का विस्तार हो, इम्ही लक्ष्यों को केंद्र में रखकर सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए हैं। 'स्वास्थ्य सबका अधिकार' प्रदेश सरकार के लिए एक नारा नहीं, बल्कि उसकी प्राथमिकता है। इसी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप 9 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पाँच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रहे। 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' के संकल्प के तहत प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। हर जिले में डायलिसिस और सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, साथ ही हेल्थ एटीएम स्थापित किए गए हैं, जिससे जाँच और उपचार की सुविधाएँ और अधिक सुलभ हो सकें। इसके साथ ही राज्य में मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क और मेडटेक पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में नई संभावनाओं को जन्म दे रहे हैं और प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी का उभरता हुआ केंद्र बना रहे हैं। सरकार की सुदृढ़ रणनीतियों, नीतिगत पहलों और प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के एक नए युग में प्रवेश कराया है। यह बदलाव आकस्मिक नहीं, बल्कि दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और जनहित को केंद्र में रसाकर किए गए प्रयासों का सशक्त परिणाम है। आज उत्तर प्रदेश बेहतर, आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है।

## वर्ष 2047 तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक लक्ष्य

- सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता
- स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण
- फार्मा और मेडटेक हब का विकास
- स्वास्थ्य कार्यबल का समग्र विकास
- स्वास्थ्य में एआई और जीनोमिक्स का प्रयोग
- डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों का क्रियान्वयन

### चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते कदम









'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' नीति के अंतर्गत प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित

गोरखपुर में योग एवं नैचुरोपैथी में उत्कृष्ट शोध को बढ़ावा देने हेतु महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना

गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन

अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय की स्थापना

वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना

लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय संचालित

प्रदेश में वर्तमान में 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी एवं 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही 8 आयुर्वेदिक कॉलेज एवं उनसे संबद्ध चिकित्सालय, 2 यूनानी कॉलेज एवं उनसे संबद्ध चिकित्सालय तथा 9 होम्योपैथिक कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय संचालित

एमडी, एमएस और डिप्लोमा सीटों की संख्या 900 से बढ़ाकर 1,871 हुई, निजी क्षेत्रों में कुल 2,100 पीजी सीटें हैं उपलब्ध

सरकारी क्षेत्रों में 5,250 एम.बी.बी.एस. सीट, निजी क्षेत्र में 6,550 एम.बी.पी.एस. सीट तथा पीपीपी गोड के मेडिकल कॉलेजों में एम.बी.बी.एस. की 350 सीटें उपलब्ध

नर्सिंग में 7,000 सीट्स और पैरामेडिकल क्षेत्र में 2,000 सीटों की वृद्धि

31 नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थापना की गई

### पौने नौ सालों में बेहतर होती स्वास्थ्य सुविधाएं

हर गरीब परिवार को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क सुरक्षा कवच मिला। अब तक 56.30 लाख लाभार्थियों ने लाभ उठाया

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत देश में सर्वाधिक 5.35 करोड़ लाभार्थियों के कार्ड बनाये गये, अब तक 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी आच्छादित

एडवांस लाइफ सपोर्ट सेवा की 250, नेशनल एंबुलेंस सेवा की 2,270 एवं 108 सेवा के तहत 2,200 एंबुलेंस संचालित

प्रदेश के सभी पीएचसी में हेल्थ एटीएम की स्थापना

5,000 नये स्वास्थ्य उप केंद्रों की स्थापना

राज्य में 13.18 करोड़ आभा हेल्थ अकाउंट के निर्माण के साथ उत्तर प्रदेश देश में हैं प्रथम स्थान पर

आयुष्मान भारत योजना प्रदेश के अंतर्गत प्रदेश में 5,834 अस्पताल (जिसमें 2,949 सरकारी और 2,885 निजी अस्पताल शामिल) सूचीबद्ध

**यूपी एआई मिशन**

यूपी एआई मिशन के तहत लगभग 2000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम अगले तीन वर्षो में चरणबद्ध रूप से लागू किए जाएंगे, जो उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेंगे

राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना लागू

प्रदेश के 75 जनपदों में जिला चिकित्सालयों में डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध

प्रदेश के दूरदराज के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा टेली कंसल्टेशन की व्यवस्था, अब तक 3.54 करोड़ मरीज लाभान्वित







मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों से अब तक 13.50 करोड़ मरीज लाभान्वित

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 6.81 लाख क्षय रोगी पंजीकृत, निक्षय पोषण योजना अंतर्गत इन रोगियों के इलाज के साथ 500 रुपये प्रतिमाह का हो रहा भुगतान

निःशुल्क डायग्नॉस्टिक सेवा के अंतर्गत प्रदेश के 74 जनपदों में सी.टी. स्कैन सेवा उपलब्ध

ADVERTORIAL

## न्यूज ब्रीफ

### कस्बे के व्यापारियों ने नए कोतवाल से की मुलाकात

**शिवली।** रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शिवली नगर अध्यक्ष रमाकांत अग्निहोत्री के नेतृत्व में व्यापारियों ने शिवली कोतवाली के नव आगन्तुक कोतवाल एवं अपराध निरीक्षक का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए स्वागत किया। स्वागत के दौरान कोतवाल ने व्यापारियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया तथा सभी व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की भी अपील की। व्यापारियों ने कोतवाली के अपराध निरीक्षक शीलेंद्र सिंह यादव का भी माल्यार्पण का स्वागत किया। इस दौरान कोतवाल ने व्यापारियों से अपील की, कि वह लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर रोशनी का प्रबंध जरूर रखें। इस दौरान रजनीश वैश्य, बालेश गुप्ता, टीटू गुप्ता रहे।

### प्रोजेक्ट नई किरण में चार जोड़ों में रजामंदी

**कानपुर देहात।** रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में प्रोजेक्ट नई किरण की बैठक हुई। इसमें चार मामलों में रजामंदी हो गई। बाकी 38 मामलों को आगे की तिथि प्रदान की गई। महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे अभियान 'मिशन शक्ति 5.0' के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में बैठक हुई। कुल 42 मामले आए। चार प्रकरणों में पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष सुषमा सहित नीतू, रीनू, शालू, इन्दू मीनाक्षी पिंकी देवी, कंचन मिश्रा रहीं।

### गोवंशों के कंकाल मिलने पर जताया रोष

**राजपुर।** अमरौधा विकास खंड क्षेत्र के जरी खरका गांव के समीप बनी गौशाला में तीन स्थानों पर अलग-अलग जगहों पर गौवंश के कंकाल मिलने पर तहलका मच गया। बजरंग दल के एक दर्जन से अधिक लोग पहुंच पहुंच गए और विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके की नजाकत को देखते हुए मामला आला अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताया गया कि गौशाला में कई गौवंशो की मौत हो गई। मरे हुए गौवंशों को गौशाला के कुछ दूरी पर दफना दिया गया। बजरंग दल ने कंकाल को निकलवाया। पूरा दिन पुलिस और अधिकारी गौशाला में डटे रहे। भोगनीपुर तहसीलदार सूर्य प्रकाश ने बताया कि गौशाला में किसी गोवंश का कंकाल नहीं मिला है जो भी कंकाल मिले हैं, वह गांव के ग्रामीणों ने चार बोरी में भरकर गाड़े हैं।

### पुलिस कर्मियों ने चलाया जागरूकता अभियान

**कानपुर देहात।** मिशन शक्ति 5.0 को लेकर पुलिस द्वारा बाजारों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपदीय समस्त थाना पुलिस द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों मे महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करना, अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों से अवगत कराना तथा विभिन्न सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रमों के दौरान हेल्पलाइन तथा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही, यूपी कॉप एप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का सरलता से लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर व्याप्त साइबर अपराधों आदि से बचाव के व्यावहारिक टिप्स साझा किए।

### मंदिर में रहने वाली महिला की मृत्यु, नहीं हुई शिनाख्त

**कानपुर देहात।** मूसानगर के बाला जी मंदिर में रह रही महिला की शुक्रवार की रात मृत्यु हो गई। मौत कैसे हुई, इसके बारे में जानकारी नहीं हो सकी। मृतका कौन थी और कहां की रहने वाली थी, इस बारे में भी कोई सूचना नहीं मिली। अज्ञात महिला के बारे में बताया गया कि उसकी उम्र करीब 65 वर्ष थी। वह मंदिर परिसर में रहती थी। 20 फरवरी की रात्रि में मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में ग्रामवासियों द्वारा थाना मूसानगर पर सूचना दी गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि शव के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी हो तो मोबाइल नंबर 9454403699, 8840696891 और 9454401471 पर सूचना दें।

# डिलौलिया में सीडीओ ने चौपाल लगा सुनी समस्या

**कानपुर देहात।** सीडीओ ने ग्राम डिलौलिया में जन चौपाल लगाई। इसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

गांव की समस्या, गांव में समाधान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने पेयजल, सड़क, विद्युत, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। श्री जायसवाल ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धावस्था/विधवा/दिव्यांग पेंशन योजना, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य विकासपरक योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

# अकबरपुर इंटर कॉलेज पहुंचे डीएम, बूथों की परखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



पोलिंग बूथ पर बीएलओ से जानकारी लेते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

- मतदाताओं की शंकाओं का समाधान किया
- एसआईआर को लेकर पोलिंग बूथों पर रही चहल-पहल

**अमृत विचारः** एसआईआर को लेकर रविवार को जिले भर के पोलिंग बूथों पर चहल-पहल रही। बूथ लेवल अधिकारियों ने बूथ पर बैठकर मतदाताओं की शंकाओं का समाधान किया। पिछले माह प्रकाशित आलेख्य भी दिखाया। जिला निर्वाचन अधिकारी भी दौरे पर रहे। उन्होंने अकबरपुर इंटर कॉलेज में स्थापित बूथों का निरीक्षण किया। व्यवस्थाएं जांचीं।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह द्वारा जनपद कानपुर देहात स्थित अकबरपुर इंटर कॉलेज में स्थापित बूथ संख्या 108 से 116 तक का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन तथा ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ को निर्देशित किया कि जिन मतदाताओं की फोटो अस्पष्ट है, उनकी फोटो पुनः अपडेट कराई जाए। साथ ही फॉर्म-6 के साथ आवश्यक अभिलेख संलग्न कराने एवं घोषणा पत्र पर आवेदक के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को एप के प्रिव्यू ऑप्शन एवं अन्य तकनीकी सुविधाओं के समुचित उपयोग की जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित अद्यतन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान की प्रत्येक गतिविधि समयबद्ध, पारदर्शी एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित की जाए, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

# हादसे में उज्जैन से लौट रहे चार युवकों की मौत

## मृतकों में तीन रूरा व चौथा गोंडा जिले का रहने वाला, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कोटा के पास हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



अंकुश दुबे, श्रेष्ठ बाजपेई, प्रांजुल चतुर्वेदी।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार व जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रूरा के रहने वाले तीन दोस्तों सहित चार युवकों की रविवार को कोटा राजस्थान में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया कि चारों दिल्ली में रहते थे और अलग-अलग कंपनियों में जॉब करते थे। दो रोज पहले कार से वह महाकाल के दर्शनों के लिए दिल्ली से उज्जैन को निकले थे। रास्ते में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर वे हादसे का शिकार हो गए। उनकी कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। चारों की मौके पर मौत हो गई। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर यहां मातम पसर गया। शवों को लाने के लिए परिजन कोटा को निकले हैं।

रूरा कस्बे के पालीवाल नगर मोहल्ले के रहने वाले अंकुश दुबे पुत्र विवेक कुमार (19) व रामनगर मोहल्ले के रहने वाले श्रेष्ठ बाजपेई पुत्र अनुपम बाजपेई (22) व प्रांजुल चतुर्वेदी पुत्र कृष्ण कुमार (26) दिल्ली में जॉब करते थे। वहीं आवासित थे। बीच में उनका यहां आना-जाना लगा रहता था। परिचितों के मुताबिक गोंडा जिले के गांव धौलपुरवा निवासी अंश प्रताप सिंह उनका दोस्त था। दो दिन पहले सभी ने कार बुक कर उज्जैन महाकालेश्वर दर्शनों की तैयारी की। बताते हैं कि रविवार को सुबह सभी ने दर्शन किए। इसके बाद वह वापस दिल्ली को निकले। दोपहर बाद करीब तीन बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर कोटा चेचट थाना क्षेत्र में उनकी कार आगे जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। बताया गया कि कार ट्रक से ज्यादा दूरी पर नहीं थी। किसी कारण वश ट्रक रूका तो कार पीछे से उसमें घुस गई। इससे कार का लगभग आधा हिस्सा खत्म सा हो गया।

कार पर सवार सभी चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। कोटा से मिली जानकारी के अनुसार हादसे के काफी देर बाद तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी। कार से किसी तरह बाहर निकाले गए युवकों में एक के पास रूरा का पता निकला तो यहां जानकारी आई। जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। श्रेष्ठ की मां चेतना, पिता अनुपम, प्रांजुल के पिता कृष्ण कुमार मां सुनीता, पत्नी विष्णुप्रिया और अंकुश के पिता विवेक माता विमलेश का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी के बाद परिजन घटना स्थल को रवाना हो गए।

### सुबह फोन से परिजनों को कराए थे महाकाल के दर्शन

- मृतक प्रांजुल चतुर्वेदी के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रांजुल अपनी निजी गाड़ी ओला कंपनी में चलाता था। उसने शनिवार को सुबह उज्जैन जाने की बात बताई थी। रविवार को सुबह वीडियो कॉल कर सभी को बाबा महाकाल के दर्शन भी कराए थे। पिता यह कह कर फफक पड़े कि आखिरी बार बात हो रही है, इसका रत्ती भर भी अंदाजा नहीं था।

- शवों को लाने के लिए परिजन कोटा के लिए हुए रवाना, रूरा में शोक का माहौल

# ससुराल आए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के आराजी बिछियापुर गांव में ससुराल के पड़ोस में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दिबियापुर थाना क्षेत्र के रोहिनी निवासी आग्रह स्वामी (32 वर्ष) की ससुराल मंगलपुर थाना क्षेत्र के आराजी बिछियापुर निवासी हरी बाबू के यहां है। शनिवार को हरी बाबू के पड़ोस में गयाराम के बेटे की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए आग्रह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ आए थे। आग्रह सूरत गुजरात में निजी नौकरी करते थे। रविवार दोपहर वह ससुराल के एक कमरे में सो रहे थे। परिजनों ने उन्हें भोजन के लिए बुलाया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें नींद आ रही है और बाद में खा लेंगे। इसके बाद परिजन अपने काम में व्यस्त हो गए। लगभग 12 बजे हरी बाबू की पुत्री प्रेमलता ने कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। संदेह होने पर उसने परिजनों को बुलाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने खिड़की से अंदर देखा तो बीम के कुंडे से शव लटका हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और मृतक के परिजनों को भी खबर दी गई। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई अखिलेश और अजय समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था, जबकि पत्नी पुष्पा शव देखकर बदहवास हो गईं। मृतक की दो पुत्रियां आराध्या (5 वर्ष) और वैष्णवी (3 वर्ष) हैं। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। चौकी इंचार्ज संदलपुर सुनील दत्त ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

# मेगा लिटरेसी हेल्प शिविर में लगे दो दर्जन विभागों के स्टॉल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



उज्ज्वला योजना के लाभार्थी को सांकेतिक सिलेंडर भेंट करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रविवार को माती जिला मुख्यालय के ईको पार्क मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग विभागों के करीब दो दर्जन स्टॉल भी लगे। न्यायिक अधिकारियों ने लोगों को कानून से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। आम जनों से उनका लाभ उठाने की अपील की। शिविर के दौरान उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस-चूल्हों का वितरण किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रीमती रवीना ने कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिला जज रविन्द्र सिंह, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण साजिया नजर जैदी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम रजत सिंन्हा, डीएम कपिल सिंह, एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय का स्वागत किया। इसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात की सचिव नूपुर श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य समस्त विभागाध्यक्षों एवं लाभार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांग लाभार्थियों को व्हीलचेयर एवं वाकिंग स्टिक तथा पुलिस अधीक्षिका द्वारा छह माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा उज्जवला योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को गैस-चूल्हा देकर लाभान्वित किया गया। कुल 196 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र विभिन्न न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा वितरित किए गए। इस दौरान जिला कारागार, स्वास्थ्य विभाग, लघु सिंचाई विभाग, डाक विभाग, महिला एवं बाल पुष्टाहार विभाग, स्वतः समूह, खादी ग्रामोद्योग एवं अन्य विभागों सहित कुल 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं एवं हस्तकला से तैयार उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

# खून की उल्टियां होने के बाद बिगड़ी अधेड़ की हालत

**रसूलाबाद।** रविवार को सहालग में काम के दौरान आजाद नगर निवासी एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ गई और उसे खून की उल्टी होने लगी। इस पर उसे तत्काल सीएचसी रसूलाबाद ले जाया गया जहां डॉक्टर सौरभ साथ में उसका प्राथमिक उपचार किया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हालात कानपुर के फर्क किया गया।

आजाद नगर निवासी 51 वर्षीय किशन पुत्र मुरली उर्फ सुरेंद्र की सहालग में काम करते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि सहालग में काम के दौरान उन्हें खून की उल्टी होने लगी। गंभीर हालत में परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी रसूलाबाद ले गए।

वहां डॉ. सौरभ शाक्य ने किशन का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक स्थिति को देखते हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। किशन के दामाद वीरेंद्र ने बताया कि किशन सहालग में काम करने गए थे, तभी उनकी तबीयत खराब हो गई।

# प्रेमी युगल ने परिजनों के सामने मंदिर में की शादी

कार्यालय संवाददाता
कानपुर देहात

- मंगलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं दोनों

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने आपसी सहमति से पति-पत्नी के रूप में साथ रहने का निर्णय लिया। उन्होंने थाना परिसर में स्थित मंदिर में शादी रचाई, जिसमें दोनों पक्षों के परिजन मौजूद रहे। शादी के बाद युगल ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार भी लगाई।

सरस्वती 20 वर्ष पुत्री राम कुमार, निवासी ग्राम जुरिया, थाना मंगलपुर की है जब कि शीलू 21 वर्ष पुत्र जगमोहन, निवासी ग्राम जैतीपुर, थाना मंगलपुर का रहने वाला है। दोनों ने पुलिस को पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह एक-दूसरे से प्रेम करते हैं और बिना किसी दबाव के पूर्ण होशोहवास में अपनी रजामंदी से 22 फरवरी 2026 की शाम से पति-पत्नी के रूप में एक साथ रहने का निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे बालिग हैं और अपने अच्छे-बुरे का निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हैं।

शीलू और सरस्वती ने बताया कि उनकी मुलाकात हाल ही में क्षेत्र में लगी एक नुमाइश के दौरान हुई थी, जिसके बाद वे एक-दूसरे से प्रेम करने लगे। शुरुआत में लड़की पक्ष की ओर से कुछ असमर्थता जताई गई थी, लेकिन युगल के दृढ़ निर्णय के आगे सभी आपत्तियां फीकी पड़ गईं। अपराध निरीक्षक कमलेश यादव ने बताया कि दोनों प्रेमी युगल बालिग हैं और उन्होंने आपसी रजामंदी से एक-दूसरे के साथ रहने का निर्णय लिया।

# एसडीएम ने कहा, मताधिकार से वंचित न रहे कोई भी पात्र मतदाता

**रसूलाबाद।** 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम प्राथमिकता के आधार पर मतदाता सूची में जोड़े जाएं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

यह बात एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने रविवार को बीएलओ केंद्रों के निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान मौजूद बीएलओ से कही। एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे। एसडीएम ने बीएलओ को घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं का सत्यापन करने, दस्तावेजों की सही जांच करने और सभी प्रविष्टियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने कस्बा रसूलाबाद और पहाड़ीपुर के बूथ केंद्रों का निरीक्षण कर उपस्थित बीएलओ को उक्त निर्देश दिए।

# अबीर-गुलाल लगा एमएलसी ने शिक्षामित्रों को दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



एमएलसी अरुण पाठक का सम्मान करते शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** प्रदेश में एक लाख 68 हजार शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि के निर्णय के बाद खुशी का माहौल है। एमएलसी अरूण पाठक ने कैंप कार्यालय पहुंचे उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों को बधाई दी। होली से पहले मिली शुभ सूचना पर श्री पाठक ने शिक्षा मित्रों को अबीर-गुलाल लगाई और मानदेय बढ़ने की बधाई दी। शिक्षा मित्रों ने भी एमएलसी को बुके भेंट कर मानदेय बढ़वाने में अहम भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद अरुण पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय शिक्षामित्रों के सम्मान और उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे थे, जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरा किया है।

इस मौके पर शिक्षामित्र संघ के जिला उपाध्यक्ष विवेक मिश्रा, निशांत, प्रीति पाल, सन्नो चंदेल, ममता मेहता व संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा, शुरू हुई भागवत कथा

**शिवलीः** कस्बा शिवली में प्रारंभ होने वाली श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में कस्बा शिवली समेत आसपास क्षेत्र के गांव की पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मां अथैया देवी के पास से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख धार्मिक स्थलों से होते हुए पांडव नदी से जल लेकर वापस कार्यक्रम स्थल में समाप्त हुई। नगर पंचायत शिवली के गांधीनगर मोहल्ला निवासी सचिन द्विवेदी द्वारा अपने आवास पर श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। द्विवेदी परिवार एवं नगर क्षेत्र वासियों द्वारा बैंडबाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पांडव नदी से जल भरकर कलशयात्रा कथा परिसर पहुंची।

निरीक्षण | दौरे पर आए सीडीओ को ब्लाक कैंपस में मिली गंदगी

# फार्मर रजिस्ट्री में ढिलाई पर रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



निरीक्षण के दौरान रजिस्टर जांचते सीडीओ विधान जायसवाल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सीडीओ विधान जायसवाल ने डेरापुर विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों का गहन निरीक्षण कर पत्रावलियों एवं अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मानव संपदा पोर्टल एवं ई-ऑफिस के संचालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियां समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण की जाएं।

फार्मर रजिस्टरी एवं फैमली आईडी कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत अश्वनी कुमार का वेतन रोकते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि यदि आगामी सप्ताह तक अपेक्षित प्रगति नहीं की जाती है तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर बीएएम प्रियंका, संगीता कुशवाहा, दीपक देवी एवं टीए सौरभ गुप्ता, सुशील कुमार अनुपस्थित पाए गए जिस पर उन्होंने संबंधित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आमजन को बेहतर सुविधा एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सहायक लेखाकार को निर्देश दिये कि समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय नियमों का पालन किया जाए।



मानव का मानव होना ही उसकी जीत है, दानव होना हार है, और महामानव होना चमत्कार है।

-डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन




अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999




**इफ्तार** सोमवार शाम
सुन्नी: 6:09
शिया: 6:19

**सहरी** मंगलवार सुबह
सुन्नी: 5:17
शिया: 5:08

**पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमाया:** रोजेदार अपने हाथ-पांव, आंख का भी रोजा रखें यानी हाथ को कोई गलत काम की ओर नहीं ले जाएं, आपके पैर कहीं गलत नहीं पड़ें और अपनी नजरों को कहीं गलत नहीं डालें।

# एयरफोर्स कॉर्पोरल को रातभर थाने में पीटा, कान का पर्दा फटा

## गुजरात में तैनात है, अभद्रता का विरोध करने पर थाने ले जाकर मारे 70-80 थप्पड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शादी समारोह में आए थे, सेवन एयरफोर्स हॉस्पिटल में भर्ती, एडीसीपी को सौंपी गई मामले की जांच



कॉर्पोरल नितीश सचान।

> पीड़ित पक्ष ने तहरीर दी है। मामले में एडीसीपी साउथ को जांच सौंपी गई है। दोनों पक्षों को बुलाकर बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद जो भी पुलिसकर्मी दोषी मिला, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> –दीपेंद्र नाथ चौधरी, डीसीपी साउथ

**अमृत विचार।** घाटमपुर में पुलिस की पिटाई से घायल गुजरात एयरफोर्स में तैनात कॉर्पोरल अस्पताल पहुंच गया। आरोप है उसे थाने ले जाकर दरोगा ने पूरी रात पीटा। 70-80 थप्पड़ मारे गए। जिससे उसका कान का पर्दा फट गया। विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद परिजनों ने कॉर्पोरल को सेवन एयरफोर्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीसीपी साउथ से शिकायत की गई। एडीसीपी को जांच सौंपी गई है।

घाटमपुर निवासी 25 वर्षीय नितीश सचान एयरफोर्स में कॉर्पोरल के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा समय उनकी तैनाती गुजरात के जामनगर में है। नितीश ने बताया कि परिवार में शादी समारोह होने के कारण वह अवकाश पर आए थे। बीती 19 फरवरी को वह मिलन गेस्ट हाउस से पैदल घर की तरफ जा रहे थे। उनके साथी पार्किंग से वाहन निकाल कर उनके पीछे आ रहे थे। इसी बीच उदय नर्सिंगहोम के सामने दरोगा व एक हेड कांस्टेबल बोलेरो से आए और उन्हें रोककर पूछताछ करने लगे। नितीश ने परिचय देते हुए समारोह से घर जाने की बात कही। इसके बावजूद उनसे अभद्रता कर मारपीट की गई। जिसका उन्होंने वीडियो बना लिया। इस पर दरोगा ने चौकी इंचार्ज समेत अन्य पुलिसकर्मियों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी उन्हें बोलेरो में डालकर थाने ले गए। उन्हें लॉकअप में बंद कर दिया। कॉर्पोरल के अनुसार वहां उनके साथ अपराधियों ऐसा व्यवहार हुआ। दबाव बनाया कि फोन का लॉक खोलो, जिससे वीडियो डिलीट किया जा सके, लेकिन उन्होंने लॉक नहीं खोला। इसी बात पर पूरी रात उन्हें पीटा गया। परिजन थाने पहुंचे और पुलिस अधिकारियों तक बात पहुंची। इस पर पुलिसकर्मियों ने अपनी बचत के लिए उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। छूटने पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सूचना दी। कान में दिक्कत होने पर परिजनों ने सेवर एयरफोर्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां कान का पर्दा फटने की जानकारी हुई।

### पुलिस ने नहीं दिया रेफर लेटर

- नितीश के अनुसार मेडिकल में चेहरे व पेट में चोटें थीं। कान से सुनाई देना बंद हो गया था। मेडिकल में गंभीर चोटें होने पर पुलिस को रेफर लेटर दिया गया। फिर जब परिजनों ने सेवन एयरफोर्स में भर्ती कराने के लिए पुलिस से रेफर लेटर मांगा तो लेटर नहीं दिया। इस पर मुख्यालय को नितीश ने सूचना दी, तब जाकर सेवन एयरफोर्स में भर्ती किया गया। नितीश ने अपने मुख्यालय भेजे पत्र में बताया है कि उसके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार हुआ है। तीन दिन तक उसका मोबाइल पुलिस ने नहीं दिया।

# 10 हजार किलो खजूर जब्त

- खाद्य अधिकारियों ने 50 लाख कीमत का खजूर जब्त किया

**कानपुर।** कानपुर में रमजान के मौके पर एक्सपाइरी 10 हजार किलो खजूर को खपाने की साजिश का भंडाफोड़ हुआ है। खाद्य विभाग ने छापेमारी करके खजूर को जब्त कर लिया है। छापेमारी में जब्त किया गया खजूर वर्ष 2022 और 2023 में ही एक्सपायर हो चुका था। स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है।

कानपुर में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने एक ट्रेडर्स में छापेमारी की जिसमें 50 लाख रुपये कीमत का 10 हजार किलो एक्सपायरी खजूर डिब्बे में भरकर डिब्बों पर नया स्टीकर लगाकर बेचने की तैयारी की जा रही थी। खजूर के सेंपल जांच के लिए भेजे गये हैं।

इसी प्रकार मछरिया नौबस्ता में दो लाख 23 हजार 800 रुपए कीमत की कटी सुपारी मिली जिसको नष्ट कराया गया। इसी प्रकार खाद्य विभाग की टीम ने किदवई नगर, बेकनगंज समेत कई क्षेत्रों में छापेमारी करके मिलावटी खाद्य सामग्री पकड़ी।

# होली पर श्रमशक्ति शताब्दी, वंदेभारत में सफर का इरादा छोड़ दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहली मार्च से 10 मार्च तक ट्रेनों में बर्थ मिलना टेढ़ी खीर

**अमृत विचार।** होली में लाखों यात्रियों की भीड़ के कारण पहली मार्च से 10 मार्च तक श्रमशक्ति एक्सप्रेस, वंदेभारत और शताब्दी जैसी वीआईपी ट्रेनों में सीट या बर्थ चाहते हैं तो भूल जाइए। स्पेशल ट्रेनों में ट्राई कीजिये लेकिन ये ट्रेनें कब पहुंचेंगी, कुछ नहीं पता।

होली के मौके पर 1 मार्च से 10 मार्च तक किसी ट्रेन में सीट या बर्थ नहीं है, नई दिल्ली, मुंबई और गुजरात से बिहार और उत्तर प्रदेश की ओर आने वाली प्रमुख ट्रेनों (जैसे राजधानी, हमसफर, संपूर्ण क्रांति, सीमांचल, पूर्वोत्तर एक्सप्रेस. नई दिल्ली से कानपुर आने वाले श्रमशक्ति, स्वर्ण शताब्दी, शताब्दी, नई दिल्ली से वाराणसी या अयोध्या जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में कोई सीट उपलब्ध नहीं है। रेलवे ने 100 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं ताकि लोगों को सफर करने में कोई दिक्कत नहीं हो। नई दिल्ली से कोलकाता, पटना, भुवनेश्वर, गुवाहाटी आदि क्षेत्रों में जाने वाली कई ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची भी बंद हो चुकी है। लंबी दूरी की ट्रेनें जैसे सूरत, दरभंगा, अहमदाबाद,, पटना आदि जा रही ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची 300 के पार पहुंच चुकी है।

### तत्काल खुलते ही 2 सेकंड में बर्थ-सीट फुल

- तत्काल कोटे से अधिक किराया देकर भी लोग आरक्षण कराना चाहते हैं लेकिन तत्काल कोटे पर ज्यादातर दलालों का कब्जा है, जैसे ही सुबह 10 बजे तत्काल कोटा खुलता है, 2 सेकंड में पूरी सीटें फुल हो जाती हैं। नीलांचल, सप्तक्रांति, कालका मेल में तत्काल कोटे से भी बर्थ मिलना मुश्किल है। मुंबई, दिल्ली, छपरा-सूरत, अहमदाबाद-दरभंगा, रक्सौल-उधना और दिल्ली-धनबाद जैसी विशेष होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## शहर में आज



- **महोत्सव:** मोतीझील मेट्रो स्टेशन शिवाजी प्रतिमा के पास छत्रपति महोत्सव व लाजपत भवन में सम्मेलन सुबह नौ बजे।
- **समारोह:** संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की जयंती पर समारोह आवास-विकास-3 कल्यानपुर सुबह 11 बजे।
- **जयंती:** सपा कार्यालय नवीन मार्केट में संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की जयंती कार्यक्रम दोपहर तीन बजे।

## सिटी ब्रीफ

### आज नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** रतनलाल नगर, गोपाल नगर, बंसत विहार, टेलीफोन एक्सचेंज, नवशीलधाम, मोहनी माड़वाड़ी व परमपुरवा में बिजली सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक नहीं रहेगी। विजय नगर में सुबह 11 बजे से शाम को चार बजे तक और हॉसमैन बाग के ओ व एच ब्लाक में बिजली दोपहर साढ़े 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक नहीं आएगी। केस्को जरूरी कार्य कराएगा।

### बिजली गुल

**कानपुर।** साइकिल मार्केट उपकेंद्र के लाल कुआं व बेकनगंज फीडर से जुड़े आवास व दुकानों की बिजली रविवार सुबह आठ बजे पॉवर ट्रांसफार्मर में तकनीकी समस्या आने की वजह से गुल हो गई, जो सुबह साढ़े 10 बजे तक आई। कमला टॉवर व काहू कोठी में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक और 40 दुकान हनुमंदिर क्षेत्र में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक नहीं आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।





कोयला नगर में सांसद रमेश अवस्थी का सम्मान किया गया। अमृत विचार

# कोयला नगर को सांसद ने दी 2.37 करोड़ की सौगात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क, जल निकासी, नालियों आदि का काम होगा

**अमृत विचार।** छावनी विधानसभा क्षेत्र के कोयला नगर में सांसद रमेश अवस्थी ने क्षेत्रीय विकास को गति देते हुए 2 करोड़ 37 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जनता ने अपने सांसद का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

रविवार को सांसद रमेश अवस्थी ने नारा दिया कि जनता का सेवक बनकर करूंगा कानपुर का सर्वांगीण विकास। शिलान्यास समारोह में सांसद भावुक नजर आए। उन्होंने जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कानपुर का सर्वांगीण विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कोयला नगर का विकास डूडा के माध्यम से होगा इसमें मुख्य रूप से सड़कों का निर्माण, जल निकासी के लिए नालियों का सुदृढ़ीकरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार शामिल है। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला, आलोक वर्मा, सुमीत तिवारी, दीपक शुक्ला, जयंत दीक्षित, राघव द्विवेदी, हितेश द्विवेदी,गोलू शुक्ला,निर्मल चौधरी रचित यादव आदि मौजूद रहे।

# तेज आवाज में डीजे बजाने पर मुकदमा

**कानपुर।** देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस का अभियान जारी है। कैंट पुलिस ने बैंड संचालक पर मुकदमा दर्ज किया है। कैंट में गंगाघाट चौकी प्रभारी सन्नो वर्मा के अनुसार बीती 20 फरवरी को बंगला नंबर 72 के पास बीच सड़क पर श्याम बैंड संचालक अभिषेक शादी समारोह में रात साढ़े ग्यारह बजे तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। जिससे इलाके के लोगों को समस्या हो रही थी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि दरोगा की तहरीर पर आरोपी संचालक के खिलाफ लोक सेवक के आदेश की अवहेलना, सार्वजनिक उपद्रव की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# वाहनों पर हुड़दंग न करें, अपने बच्चों पर नजर रखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मरकजी शहरकाजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी रजवी।

- इफ्तार के बाद सहरी से पहले कम उम्र के बच्चे हुड़दंग करते फिरते हैं
- तीन से चार युवक शोर-शराबा एवं एक ही बाइक पर स्टंट करते

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक सब्र, तकवा, इबादत और अनुशासन का महीना है लेकिन इस महीने में सहरी के पहले और इफ्तार के बाद रात में कुछ कम उम्र के बच्चे हुड़दंग कर रहे हैं। शोर शराबा करने के साथ ही बाइक से स्टंट कर रहे हैं। लिहाजा वाल्दैन अपने बच्चों पर नजर रखें कि वह कहां जा रहे हैं और क्या कर रहे हैं।

रविवार को पवित्र माह रमजान के मुबारक और रूहानी दिनों को ध्यान में रखते हुए मरकजी शहरकाजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी रजवी ने ये नसीहत बाबूपुरवा में अपनी तकरीर में दी। शहरकाजी ने रमजान में बच्चों की बिगड़ती गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों की रात्रिकालीन गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें।

उन्होंने कहा कि तमाम बच्चे सड़कों पर हुड़दंग, शोर-शराबा, तेज रफ्तार बाइक चलाना और एक मोटरसाइकिल पर तीन-चार लोगों का बैठाकर घूमना जैसी खतरनाक हरकतों में लिप्त पाए जा रहे हैं, जो न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि जानलेवा भी है। यह ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है और इससे अपनी तथा दूसरों की जान को खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने हाल ही में गंगा बैराज पर हुए सड़क हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते दिनों अर्श और अहमद की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गई जो पूरे समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। तमाम युवक देर रात गंगा बैराज की ओर भी अनावश्यक रूप से जा रहे हैं जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

### बच्चों को रमजान के आदाब सिखाएं

- मरकजी शहकाजी ने वाल्दैन से गुजारिश की है कि अपने बच्चों को रमजान के आदाब सिखाएं, मस्जिदों और धार्मिक कार्यक्रमों की ओर उन्हें प्रेरित करें तथा बिना आवश्यकता देर रात बाहर निकलने से रोकें। विशेष रूप से तरावीह के बाद बाजारों, चौराहों और सड़कों पर भीड़ लगाना और मोटरसाइकिल रेस करना गंभीर परिणाम ला सकता है। इस संबंध में सामाजिक व्यक्तित्व शम्सुल कमर रहमानी और सूफी लाल कादरी ने भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि अभिभावक अपनी जिम्मेदारी समझें तो इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकता है।

# चाइनीज मांझा के खिलाफ छापेमारी, दो को पकड़ा

**कानपुर।** चकेरी में पुलिस ने रविवार सनिगवां में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस ने भारी मात्रा में चाइनीज मांझे व पतंग बरामद की। दो युवकों को भी पकड़ा। सनिगवां चौकी प्रभारी भरत कुमार पाठक ने बताया कि सूचना मिली कि सनिगवां में एक पार्क में युवक चाइनीज मांझों की चरखी व पतंग लेकर बेचने व उड़ाने के लिए एकत्र हुए हैं। इस पर सनिगवां स्थित बजरंग मैदान में छापेमारी की। पुलिस को देखकर कई युवक भाग निकले, लेकिन दो युवकों को पकड़ लिया गया। उनके पास से चाइनीज मांझे की 17 चरखी, 80 पतंग बरामद की है।

# मरीज की मौत पर अस्पताल प्रबंधन और आशा पर रिपोर्ट

**कल्याणपुर।** सर्दी-जुकाम होने पर महिला को आशा कार्यकर्ता ने इलाज के लिए कल्याणपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मौत होने पर पति ने आशा बहू समेत अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मूसानगर चपरघटा निवासी अजीत कुमार के अनुसार अक्टूबर में उनकी पत्नी सुधा खांसी जुकाम व ल्यूकोरिया से ग्रसित हो गई। गांव की आशा निशा उर्फ पप्पी उन्हें पुराना शिवली रोड कल्याणपुर स्थित लक्ष्य हॉस्पिटल लेकर आई। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत भर्ती करने की बात कही। अस्पताल में काम करने वाली आशा की बेटी प्रिया उर्फ आरती ने पति को बाहर भेज दिया। आरोप है कि जब अजीत वापस आए तो बेड पर बेसुध पड़ी सुधा के कर्मचारी हाथ-पैर रगड़ रहे थे। इसके कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। अजीत ने हंगामा कर दिया। अस्पताल प्रबंधन शारदा सिंह, दीपक सोनकर, शिवकुमार व बृजेश कुमार उसे धमकी देकर पत्नी का शव समेत बाहर निकाल दिया। स्टाफ अस्पताल बंद कर भाग निकले। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# 20 यूनिट रक्त का किया गया दान

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित मधुलोक हॉस्पिटल में भारत विकास परिषद किदवई नगर शाखा ने रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 20 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मनोज कुमार विश्नोई, सचिव आत्म प्रकाश दीक्षित, कोषाध्यक्ष अरुण जय, डॉ.लोकेन्द्र सिंह, प्रमोद जैसवाल, सतीश दीवान, अर्चना गोयल, मंजू मिश्रा, दिव्या तिवारी व गरिमा गुप्ता समेत आदि मौजूद रहे

चर्चा

मंथन में दिए गए सुझावों को विभागों तक पहुंचाया जाएगा

# सब कुछ है हमारे पास, बस चाहिए थोड़ा सा गंभीर प्रयास



कार्यक्रम को संबोधित करते विजय पांडे, उद्यमी विश्वनाथ गुप्ता, सुदीप गोयनका, डॉ. अतुल कपूर, सीए डीसी शुक्ला। अमृत विचार



मंथन में डॉ. सिधांशु राय, इंद्रमोहन रोहतगी, बलराम नरूला, दिग्विजय सिंह आदि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर में पर्यटन बढ़ाने के लिए उद्यमी बुद्धिजीवी व विशेषज्ञ हुए एकजुट

**अमृत विचार।** सोसाइटी फॉर टूरिज्म डेवलपमेंट के तत्वावधान में जीटी स्थित होटल प्रिस्टीन में कानपुर में पर्यटन विकास कैसे हो इस पर विचार मंथन का आयोजन किया गया। उद्योगपति, शिक्षाविद्, चिकित्सक, समाजसेवियों ने अहम सुझाव दिए। निष्कर्ष निकला कि शहर के पर्यटन को बढ़ाने के लिए सब कुछ उपलब्ध है, बस जरूरत है तो गंभीर प्रयास की।

टूरिज्म कॉन्क्लेव में शहर में उभरते हेल्थ, उद्योग और धार्मिक पर्यटन को सुव्यवस्थित ढंग से बढ़ाने पर जोर दिया गया। शहर में इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर बल दिया गया। प्रबंध निदेशक यूपी स्टेट हैंडलूम कॉरपोरेशन पीसी ठाकुर ने कहा कि कानपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमें स्थानीय समुदाय को शामिल करना चाहिए, इससे पर्यटन स्थलों को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। सोसाइटी संस्थापक डॉ. सिधांशु राय ने कहा कि रचनात्मक दृष्टिकोण एवं नए आयाम ग्रामीण पर्यटन, आर्टिफीशियल टूरिज्म आदि कानपुर पर्यटन को नया स्वरूप देंगे।

रोजगार एवं खुशहाली बढ़ाने में पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए सोसाइटी गंभीर प्रयास कर रही है। अमृत विचार कानपुर के कार्यकारी संपादक दिग्विजय सिंह ने कहा कि पर्यटन की गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर बने। बिठूर, घाटमपुर के पर्यटन स्थलों को व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए। इसके लिए एक निरंतर अभियान चलना चाहिए।

इस मौके पर व्यापारी नेता विजय पांडे ने कहा कि पर्यटन स्थल विकसित करें। मार्केटिंग हो। प्रशासन सुव्यवस्थित तरह से कार्य करे। इस अवसर पर इस अवसर पर सोसाइटी के पवन चड्ढा, अंगद सिंह सलूजा, डॉ आदित्य अग्रवाल, सुखबीर मलिक, सीए डीसी शुक्ला, सोसाइटी सचिव डॉ. राव विक्रम सिंह, नजम हमराज, उद्यमी बलराम नरूला, डॉ. कामायनी शर्मा , दीपिका श्रीवास्तव, डॉ. पंकजा पाण्डेय, डॉ. शिवा मिश्रा, शरद अग्रवाल, मोहम्मद आरिफ, शाहिद कामरान, एमए नकवी ,शरद अग्निहोत्री मौजूद रहे।

### बनाई जाएगी वेबसाइट

- सोसाइटी चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि कानपुर पर्यटन का ब्रॉशर एवं कानपुर पर्यटन योजना बनेगी। इसी तरह अध्यक्ष मनोज भाटिया ने कहा कानपुर महोत्सव, कानपुर यात्रा कानपुर दर्शन शुरू करना चाहिए। उधर कार्यक्रम निदेशक आनंद गुप्ता ने कहा कि पार्क विकसित कर कानपुर के पर्यटक स्थलों का चित्रण हो। निदेशक रोचक रोहतगी ने कहा संस्था कानपुर पर्यटन की वेबसाइट बनाएगी। कानपुर टूरिज्म कॉन्क्लेव का उद्देश्य कानपुर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है।

### कानपुर हाट बने

- शिक्षाविद् डॉ. इंद्रमोहन रोहतगी ने कहा कि कानपुर हाट बनाई जाए जो पर्यटन का केंद्र बने। इसके अलावा शहर के कलाकारों को भी बढ़ावा मिले।

### मिलकर आगे आएं

- डॉ. उमेश पालीवाल ने कहा कि हैप्पीनेस सेंटर भी पर्यटन का नया आयाम बनेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार से उम्मीद लगाने के बजाए हम सभी को आगे आने की जरूरत है।

### टूरिज्म सर्किट में मिले जगह

- उद्यमी विश्वनाथ गुप्ता ने कहा कि पर्यटन विकास पर स्पष्ट विजन रखने की जरूरत है। कानपुर को हैप्पीनेस सिटी के रूप में बढ़ावा देना होगा। कानपुर को टूरिज्म सर्किट में भी सम्मिलित किया जाए। सरकार के समक्ष अपनी अपेक्षा को मजबूती से रखने की जरूरत है ।डॉ. अभिषेक कपूर ने कहा कि कानपुर में मेडिकल टूरिज्म का हब बनने की संभावनाएं। मेडिकल टूरिज्म में गुणवत्तापरक सेवाएं अत्यंत महत्वपूर्ण। कई बार उपचार के लिए आने वाले मरीज कई- कई दिनों तक भर्ती होते हैं पर उनके तीमारदारों को ठहरने की समस्या आती है। इस समस्या का भी समाधान जरूरी है। उद्यमी सुदीप गोयनका ने कहा कि पर्यटन पर एक नई सोच विकसित करें। पर्यटन विकास में सीएसआर का उपयोग होना चाहिए । मार्केटिंग एक्सपर्ट शैलेन्द्र जेटली ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार किया जाए।

## सिटी ब्रीफ

### पीएचसी नवाबगंज में हज आजमीन का टीकाकरण

**कानपुर ।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवाब गंज में मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार पर 22 हज आजमीन का वैक्सीनेशन किया गया। रविवार को डॉ .आसिफ अहमद, डॉ .सुमबुल शकील आदि के जरिए 22 हाजियों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान हज ट्रेनर आतिफ सिद्दीकी एवं सरदार अहमद खान ने शेष 23 हज आजमीन से गुजारिश किया है कि 28 फरवरी से पहले टीकाकरण करा लें अन्यथा टीका नहीं लग पाएगा और दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### रथ यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

**कानपुर ।** 1008 सहस्त्र फणी पारसनाथ धाम दिगंबर जैन मंदिर सीसामाउ की द्वितीय वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान रथ यात्रा का आयोजन हुआ। इसमें श्री 1008 भगवान आदिनाथ को विराजमान किया गया। सुरेश चंद्र धनेश चंद जैन परिवार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सारथी अनिल जैन, सिद्धार्थ जैन परिवार बने। सुबह मंदिर की में अभिषेक शांति धारा के बाद आदिनाथ भगवान की रथ यात्रा शुरू हुई। जो पीरोड आनंद बाग रोड गोपाल टॉकीज सीसामऊ बाजार जवाहर नगर 80 फीट रोड होते हुए मंदिर में समाप्त हुई। यात्रा में संजीव जैन, आमोद, डॉ अनूप जैन, अनिल जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्कूल में छात्रों ने सैकड़ों मॉडल बनाए

**कानपुर ।** नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा एक से नौ तक के छात्रों ने सैकड़ों मॉडल प्रस्तुत किए। कला प्रतियोगिता में छात्रों ने महाकुंभ, बनारस घाट, 2050 में भारत, दुनिया मेरे सपनों की विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दी। मुख्य और विशिष्ट अतिथियों ने विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रधानाचार्य साकेत सिंह किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम संरक्षक राम प्रकाश मिश्रा, ब्रह्म प्रकाश मिश्रा, निदेशक आशीष मिश्रा, श्रुति पाण्डेय, शिक्षिक प्रतिनिधि दिव्या त्रिवेदी, अनुराधा शुक्ला समेत आदि रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# पेपर के तनाव में सीबीएसई छात्रा ने फांसी लगा दी जान

## 24 फरवरी को अकाउंटेंसी का दूसरा पेपर था छात्रा प्रकृति का

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रात एक बजे तक कमरे में पढ़ रही थी, सुबह फंदे से लटका मिला शव
- बारहवीं की छात्रा थी, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, दरवाजा तोड़ा गया

**अमृत विचार।** नवाबगंज में सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट छात्रा ने परीक्षा के तनाव में फंदे से लटक कर जान दे दी। छात्रा की बोर्ड परीक्षा चल रही है। बीती 18 तारीख को शिक्षाशास्त्र का पेपर देकर आई थी। दो दिन बाद 24 को अकाउंटेंसी का दूसरा पेपर था। उसी की तैयारी शनिवार रात एक बजे तक कर रही थी। रविवार सुबह जब उसकी मां कमरे में बेटी को देखने गई तो शव फंदे से लटका देख चीख पड़ीं। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा।

नवाबगंज स्थित एचबीटीयू में मैकेनिक विभाग में तैनात सुनील कुमार सिंह कैंपस में ही रहते हैं। परिवार में पत्नी नेमा, 17 वर्षीय बेटी प्रकृति व बेटा अविरल है। पिता ने बताया की दोनों बच्चे चौबेपुर


प्रकृति सिंह।

भवानीपुर स्थित एनएलके स्कूल में छात्र हैं। बेटा हाईस्कूल व बेटी बारहवीं की बोर्ड परीक्षा दे रही थी। शनिवार रात करीब आठ बजे दोनों ने खाना खाया और कमरे में पढ़ने चले गए थे। 12 बजे तक पढ़ने के बाद बेटा सो गया था, जबकि बेटी रात एक बजे तक पढ़ती रही।

रविवार सुबह जब पत्नी उठीं तो बेटी को जगाने के लिए गई तो कमरा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका पर दरवाजा तोड़ा गया तो बेटी का शव फंदे से लटका देखकर चींख-पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे बेटी ने फांसी लगाई थी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए और शव पोस्टमार्टम भेजा।

पिता के अनुसार बेटी का पहला पेपर अच्छा हुआ था। दूसरे पेपर अकाउंटेंसी को लेकर वह तनाव में थीं। इसी कारण वह रातभर पढ़ रही थी। उसी तनाव में उसने यह कदम उठाया है। नवाबगंज थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा के तनाव की बात सामने आई है। सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## मंदिर, बापू, नेहरू शास्त्री की मूर्तियां हटाने का विरोध

**कानपुर।** जुलाई 1934 में बापू जब तिलक हाल का उद्घाटन करने आए थे तो जरीबचौकी स्थित मंदिर भी गए थे और वहां सभा की थी। ये मंदिर लोगों की आस्था और स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष के अनकहे इतिहास का गवाह है लेकिन भाजपा मंदिर के अतिरिक्त वहां बापू, नेहरु, शास्त्री जी की मूर्तियों को हटाना चाहती है। यदि ये मूर्तियां विकास में बाधा हैं तो इन्हें संजोया जाए।

रविवार को घटना की जानकारी होने पर कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में कांग्रेसियों की टीम जरीब चौकी घटनास्थल पहुंची और कहा कि मंदिर एवं महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों को हटने नहीं देंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि दो दिन पूर्व पीडब्लूडी के अधिकारी एसके सुमन समेत कुछ अधिकारी आए और वहां लोगों से दो दिन में मंदिर व बापू,नेहरू,शास्त्री की मूर्ति,अशोक की लाट चिन्ह आदि हटाने की धमकी दे गए। कांग्रेस आंदोलन करेगी।

# युवक ने घर में फंदे से लटक दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत बिहार में युवक ने देर रात फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मां पड़ोस में किसी काम से गईं थी। लौटने पर बेटे के कमरे में पहुंची तो शव लटका देखा। बाद में पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

संजय गांधीनगर निवासी 25 वर्षीय आर्यन यादव दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। पिता की बीमारी के चलते करीब दो साल पहले मौत हो चुकी है। परिवर में मां कृष्णादेवी हैं। बहनोई अखिलेश यादव ने बताया कि 20 दिन पहले ही आर्यन दिल्ली से घर आया था। घर में मां-बेटा ही थे। शनिवार रात खाना खाने के बाद आर्यन कमरे में सोने चला गया था। इसी बीच किसी काम के सिलसिले में उसकी मां पड़ोसी के यहां गई थीं। जब आर्यन घर में अकेला था, तभी उसने यह कदम उठाया है। हनुमंत बिहार थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि वजह का पता नहीं चला है। परिजन कुछ नहीं बता सके। जांच की जा रही है।

### दरवाजे से लटककर युवक ने किया सुसाइड

**कानपुर।** रावतपुर में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। केशवपुरम निवासी 25 वर्षीय मनीष दुबे उर्फ गणेश ई-रिक्शा चलाता था। परिवार में मां नीलम व बहन खुशी है। सात माह पहले बीमारी के चलते उसके पिता की मौत हो गई थी। मां ने बताया कि शनिवार को वह ड्यूटी गई थीं, बेटा घर पर अकेला था। शाम को वह घर पहुंची तो बेटे का शव गेट से ही फंदे पर लटका मिला। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के दौरान युवक का मोबाइल कब्जे में लिया है। मां ने बिलखते हुए कहा कि 2020 में बड़ी बेटी मीनाक्षी ने भी फांसी लगाकर जान दी थी। फिर सात माह पहले पति की भी बीमारी के चलते मौत हो गई। अब जवान बेटे ने भी फांसी लगा ली। बुढ़ापे में उन्हें लाशें उठाना ही बाकी है।

## शांति व सद्भावना का दिया संदेश

**कानपुर।** रोटरी मंडल 3110 ने शांति, सद्भावना और भाईचारे की संदेश लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी डिस्ट्रिक पीस रैली का आयोजन किया। मंडल के विभिन्न शहरों में संदेश को प्रचारित करते हुए मंडलाध्यक्ष राजन विद्यार्थी के नेतृत्व में रैली का आगमन कानपुर में हुआ, जिसका स्वागत स्थानीय रोटरी शहीद पार्क, नानाराव पार्क, मॉल रोड पर किया गया। रोटरी क्लबों ने अपने सदस्यों के साथ रैली में सम्मिलित होकर शांति और सद्भावना का संदेश देते हुए शहर में निर्धारित रूट पर भ्रमण किया। मंडलाध्यक्ष राजन विद्यार्थी ने कहा कि शांति और सद्भावना एक सुखी स्थिर और प्रगतिशील समाज की आधार शिला है। इस दौरान क्षेत्रीय संयोजक गौरव जैन, समन्वयक विजय पुरवार, पूर्व मंडलाध्यक्ष दिनेश चंद्र शुक्ला, जसबीर भाटिया, मोहन गुप्ता, ओपी अग्रवाल, विश्वनाथ गुप्ता, संजय मेहरोत्रा, प्रदीप नेमानी, केजी गर्ग, सचिन गुप्ता, पुनीत गुप्ता, तरुणा सरदाना, अजय गुप्ता, अनीता श्रीवास्तव, ज्योत्सना कौर आदि थे।


खेल प्रेमियों ने श्रद्धांजलि दी। अमृत विचार

### मधुमक्खी के हमले में मृत अंपायर को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर ।** क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में जान गंवाने वाले अंपायर मानिक गुप्ता को परेड स्थित भरत स्ट्राइकर क्लब कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं अंपायरों ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। खेल प्रेमियों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक अंपायर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ अंपायर एवं क्रिकेट कोच जहीर अहमद ने कहा कि मानिक गुप्ता क्रिकेट के लिए एक समर्पित व्यक्ति थे। भरत क्लब के कप्तान अरुण पाण्डेय ( पूर्व अंपायर), ने कहा कि क्रिकेट मैदान में उनकी मृत्यु क्रिकेट के प्रति शहादत है। वरिष्ठ खिलाड़ी अतुल सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को उनके परिवार को आर्थिक मदद करनी चाहिए। इस दौरान भारतेन्दु पुरी, जितेन्द्र मिश्रा और प्रदीप पांडे ने भी अपने विचार रखे। संचालन वरिष्ठ खिलाड़ी संजय भारती ने किया। सभा में अंपायर पुनीत झा, आदित्य पांडे, सुनील साहू, सतीश पांडे, प्रशान्त पुरी, दुर्गा सिंह,अतुल साहू, बाकर अली,रमेश शर्मा,पृथ्वीराज, कृपेश त्रिपाठी,दीपक पांडेय आदि थे।

## नागरिक सुरक्षा के कार्यों को और मजबूत करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चीफ वार्डन राजीव सिंह का सम्मान समारोह

**अमृत विचार।** नागरिक सुरक्षा कोर,प्रखण्ड नवाबगंज द्वारा चीफ वार्डन राजीव सिंह का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की। राजीव सिंह ने सभी वार्डनों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए नागरिक सुरक्षा के कार्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में उपनियन्त्रक शिवराज सिंह , सहायक उपनियन्त्रक विष्णु कुमार शर्मा, नवाबगंज प्रखण्ड के डिवीजनल वार्डन धनंजय नारायण सिंह, डिप्टी डिवीजनल वार्डन ब्रजेन्द्र अग्निहोत्री, स्टाफ अधिकारी शिल्पा निषाद, अब्दुल सलाम जाफरी आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा ओम


राजीव सिंह का स्वागत हुआ।

प्रकाश श्रीवास्तव, संजय सिंह, जय प्रकाश साहू ,रत्नेश श्रीवास्तव, राजकुमार अग्रवाल , धर्मेन्द्र द्विवेदी, संतोष गुप्ता, धर्मेन्द्र शुक्ला, विभव सिंह, ममता तिवारी, अनिल मिश्रा, दुर्गेश निषाद, राजेन्द्र त्रिवेदी, जीतेंद्र सिंह, मनोज कुमार, सुनीता देवी, शुभ्रा,आदि थे।

# ढूंढा एक, हजार मिले पर सब के सब मक्कार मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खलासी लाइन स्थित हरिहरनाथ शास्त्री भवन सभागार में अनमोल सेवा संस्थान ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया। खादी ग्रामोद्योग के मंत्री राकेश सचान ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है।

डॉ. राधेश्याम मिश्र ने जो दुनिया का सृजन हारा, वही तुम्हारा एक सहारा, डॉ.अनिल बाजपेई हापुड़ ने ढूंढा एक, हजार मिले, सब के सब मक्कार मिले सुनाया। डॉ. निवेदिता शर्मा गाजियाबाद ने कभी इंकार की बातें कभी इजहार की बातें, नैनों ने नैनों से की मनुहार की बातें सुनाया। साहिल भदावरी दिल्ली दुर्दिन के ऊंचे पर्वत भी चढ़ाना बहुत जरूरी है, लाखों हो बाधाएं पथ में बढ़ाना



कवियों ने रचनाएं सुनाईं। अमृत विचार

- शास्त्री भवन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

बहुत जरूरी है पर समा बांधा। अखिलेश पुरोहित नोएडा ने कहा कितना मुश्किल है तजुर्बे की आबरू रखना जितना सहा है उसको हूबहू रखना। आतिशी सोलंकी ने शेर प्रस्तुत किया। उप्र खादी ग्राम उद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने दीपक मालवीय, डॉ.आरके अग्निहोत्री, विशाल अग्रवाल, अमरनाथ मल्होत्रा, रामेश्वर, सुनील बजाज, कृपा शंकर त्रिवेदी, महेंद्र गुप्ता, सुशील गुप्ता, सुरेश सचान, प्रेम नारायण सोमानी, चंद्रहास कटिहार, डॉ. प्रमोद त्रिपाठी, डॉ. अर्चना त्रिपाठी डॉ. बीना उदय को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# न्याय सिर्फ न्यायालयों तक ही नहीं सीमित, लोगों के अधिकारों से जुड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में वृहद विधिक सेवा व जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन
- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया

**अमृत विचार।** न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के अधिकारों से जुड़ा प्रश्न है। आर्थिक अभाव के कारण जो लोग न्याय पाने में असमर्थ हैं, उन्हें निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शासन की प्रत्येक कल्याणकारी योजना विधिक अधिकार और दायित्व से जुड़ी है। इसलिए उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर आयोजित शिविर लोगों को अपने अधिकार समझने का अवसर देते हैं। यह जानकारी जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दी।

सीएसजेएमयू के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृहद विधिक सेवा व जागरूकता शिविर का आयोजन किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित कर उन्हें प्रमाणपत्र और प्रतीकात्मक लाभ प्रदान किए। साथ ही 43 विभागों की प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों और योजनाओं की जानकारी दी। जिला जज अनमोल पाल ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। नोडल अधिकारी व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय सिंह, कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक, प्रभारी सचिव डीएलएसए कर्णिका अवध सीडीओ दीक्षा जैन ने भी संबोधित किया।

शिविर में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत माधुरी पत्नी अजय कुमार और अनीता पत्नी ओमप्रकाश को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। आयुष्मान योजना के अंतर्गत उमा, सुषमा, सिया व जानकी को आयुष्मान कार्ड दिए गए। टूल किट योजना के तहत लक्ष्मी और पूजा को सिलाई मशीन वितरित की। श्रम विभाग की योजनाओं से लल्ली देवी, बबलू, धनदेवी और उमेश कुमार को लाभान्वित किया गया। राजेश कुमार गुप्ता, मोहन कुमार और मनोज कुमार सहित दिव्यांगजनों को उपकरण दिए। महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से सृष्टि अनिरुद्ध, रियांश, रुद्रांशी व वैष्णवी को अन्नप्राशन कराया गया।

## सरसैया घाट और ब्रह्मावर्त घाट को चमकाया

**कानपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत जल संरक्षण की दिशा में गुजैनी नहर, सरसैया घाट, ब्रह्मावर्त घाट, स्वच्छता एवं नानाराव घाट समेत कई क्षेत्रो में सफाई अभियान चलाया गया। सैकड़ों निरंकार सेवादारों ने क्षेत्रों को चमका दिया।

संत निरंकारी मिशन द्वारा 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया जिसके अंतर्गत सरसैया घाट, छठ पूजा स्थल ( गुजैनी नहर ) , ब्रह्मावर्त घाट एवं नानाराव घाट में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में घाटों को साफ करके गंदगी को नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों में पहुंचाया एवं मूर्तियों को भी एकत्रित कर निश्चित स्थानों पर पहुंचाया गया। घाटों की सीढ़ियों की धुलाई की गई, पानी में मौजूद गंदगी को भी निकाला गया।

# अंगदान करके जीवन बचाने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईएमए ने कार रैली का आयोजन किया
- डीपीएस से शुरू हुई रैली बिठूर के कॉटेज में हुई समाप्त

**अमृत विचार।** आईएमए ने रविवार को मैनावती मार्ग स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल से आईएमए ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस कार रैली 2026 –डॉक्स ऑन व्हील्स का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य अंगदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाना व समाज को अंगदान कर जीवन बचाने का संदेश दिया। मृत्यु के बाद या जीवनकाल में अंगों को दान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। ताकि गंभीर रोगियों की जान बचाई जा सके और उन्हें नया जीवन मिल सके।

मैनावती मार्ग दिल्ली पब्लिक स्कूल से सांसद रमेश अवस्थी, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. विपिन टांडा, डीपीएस स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक मिश्रा ने आईएमए ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो प्रमुख



दिल्ली पब्लिक स्कूल से कार रैली को हरी झंडी दिखाते सांसद रमेश अवस्थी।

मार्गों से होते हुए पैशन रॉयल कॉटेज बिठूर में पहुंची। यहां बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा शामिल हुए। आईएमए के अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि अंगदान महादान है और इसके माध्यम से कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सकता है। क्योंकि अंग विफलता से जूझ रहे मरीजों के लिए प्रत्यारोपण ही एकमात्र सहारा होता है और एक व्यक्ति का अंगों का दान कर आठ लोगों की जिंदगियां बचा सकता है। आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ. देबाशीष देबरॉय व को-चेयरमैन डॉ. संजय सिंहवी ने कहा कि रैली का उद्देश्य अंगदान को लेकर समाज में फैले डर और गलत धारणाओं को खत्म करने के लिए सही जानकारी लोगों को देना रहा। क्योंकि कई प्रकार की भ्रांतियों, अंधविश्वास और जानकारी की कमी के कारण लोग अंगदान के लिए आगे नहीं आते। ऐसे में जागरूकता ही वह माध्यम है, जो लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित कर सकती है और जीवन की डोर टूटने से बचा सकती है। रैली के बाद कुछ प्रतियोगिता का आयोजन किया और विजेताओं को पीबी सोसाइटी ज्वेलर्स ने पुरस्कृत किया। इस दौरान आईएमए पूर्व अध्यक्ष डॉ.एसके कटियार, सरोज कटियार, डॉ.एके श्रीवास्तव, डॉ.अलका शर्मा डॉ.अर्चना भदौरिया, सचिव डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. संजय सिंघवी, वित्त सचिव डॉ. विशाल सिंह, डॉ. रेणु सिंह गहलोत, डॉ. विकास श्रीवास्तव समेत आदि डॉक्टर रहे।

**निरीक्षण** | बूथ दिवस पर हकीकत परखी

# बूथों पर पहुंचे डीएम , कोई मतदाता न छूटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बूथ दिवस पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बूथों पर जाकर स्वयं हकीकत परखी और स्पष्ट निर्देश दिये कि कोई भी मतदाता छूटने नहीं पाए।

रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित 'बूथ-दिवस पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जय नारायण विद्या मंदिर स्थित बूथ संख्या 236 से 242 तथा कंपोजिट विद्यालय, पुराना कानपुर स्थित बूथ


बूथों पर एसआईआर कार्य देखते डीएम। अमृत विचार

संख्या 296 से 305 पर मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़ी प्रक्रिया को परखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से प्राप्त आवेदनों की स्थिति जानी और निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन को निर्धारित समयसीमा में निस्तारित किया जाए। उन्होंने प्रकाशित आलेख्य सूची की उपलब्धता, फॉर्म-6 और फॉर्म-8 की स्थिति तथा मतदाताओं की उपस्थिति की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद मतदाताओं से संवाद कर अपील की कि वे अपना नाम सूची में अवश्य जांच लें और यदि कोई त्रुटि हो तो तत्काल आवेदन करें। बूथ पर पहुंचने वाले नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन देने और प्रक्रिया को सरल रखने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ईआरओ/एसीएम-6 आलोक कुमार गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## 91 ब्राह्मण डॉक्टर सम्मानित

**कानपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की ओर से ब्राह्मण चिकित्सक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी की अध्यक्षता में हुए आयोजन की शुरुआत मुख्य अतिथि विनय कुमार पाठक कुलपति ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी रहे। समारोह में 91 ब्राह्मण चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संजीव मिश्रा, विनोद शुक्ला, संजय अवस्थी, कौशल किशोर अवस्थी, डा शरद बाजपेई, डा उमेश पालीवाल, डा एसके मिश्रा, डा हेमंत मोहन, डा आरती मोहन, डॉ गोविंद त्रिवेदी ,डॉ शिवांश त्रिवेदी, डॉ संतोष तिवारी, डॉ जय त्रिवेदी, डॉ पंकजा पांडे, मीरा अग्निहोत्री आदि रहीं।

# जरीब चौकी फ्लाईओवर निर्माण में डॉट नाले की बाधा होगी दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कालपी रोड का डॉट नाला गुमटी बाजार होते हुए सीसामऊ में आकर मिलता

अमृत विचार। जरीबचौकी क्रासिंग पर फ्लाईओवर के निर्माण में कालपी रोड का डॉट नाला बाधा बन गया है। इसलिए नगर निगम द्वारा ही अब प्रबंध किया जाएगा। सेतु निगम द्वारा लिखे पत्र को संज्ञान में लेकर नगर निगम ने डॉट नाले का सर्वे कराया है। दोनों विभाग मिलकर बीच का रास्ता भी खोजने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे फ्लाईओवर का निर्माण भी हो जाए और डॉट नाला भी किसी तरह से प्रभावित न हो सके।

जरीबचौकी चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए शासन से अनुमति मिल चुकी है। लेकिन अब यहां पर नगर निगम का डॉट नाला बाधा बन रहा है। डॉट नाले के प्रबंध के संबंध में सेतु निगम ने नगर निगम को पत्र लिखा है। इसपर नगर निगम ने सर्वे कराया और कालपी रोड डॉट नाले का सीधे संबंध ईदगाह के पास धंसे डॉट से निकाला है। नगर निगम के एक अभियंता के मुताबिक ईदगाह के पास जो डॉट लाइन धसी है, वह डबल बरैल ब्रिक की है, जो कालपी रोड से गुमटी बाजार होते हुए गुमटी चैराहा, 80फिट रोड, ब्रहम नगर होते हुए नयापुरवा से सीसामऊ नाले में मिला है। डॉट नाला की एक बैरल 2.5 मीटर चौड़ी और 1.60 मीटर ऊंची है। एक लाइन में 1400 एमएम व 800 एमएमडाया की एमएस पाइप है। दूसरी लाइन में 1800 एमएम व 1200एमएम डाया की एमएस पाइप पड़ी है। अभी तक 1400 एमएम से 18 मीटर, 800 एमएम से नौ मीटर, 1300 एमएम से नौ मीटर व 1200 एमएम से छह मीटर पाइप पड़े है। नगर निगम ने तय किया कि भविष्य में जो भी नाले इसपर गिर रहे है, उस के लिए एक कंसल्टेंट का चयन किया जाएगा। नगर निगम की टीम ने सेतु निगम व जिला प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी है। अब अधिकारियों के बीच इसको लेकर चर्चा होगी।

# डिजिटल शिक्षा से आकार लेता उत्तर प्रदेश का भविष्य



उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार शिक्षा में डिजिटल क्रांति लाकर प्रत्येक बच्चे को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में आधुनिक कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास और डिजिटल संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक विद्यार्थियों को O-Level, CCC और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन व साइबर सुरक्षा जैसे भविष्यपरक विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 5,000 नए कंप्यूटर शिक्षकों की भर्ती और वर्चुअल शिक्षा की निरंतरता के साथ, उत्तर प्रदेश का युवा वर्ग डिजिटल दक्षता और नवाचार की दिशा में नए मुकाम हासिल कर रहा है।



‘ शिक्षा के आधार पर ही एक आदर्श समाज और सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण होता है। शिक्षा में संस्कार का विशेष महत्व है। जीवन में सफलता का मार्ग जहां से प्रारंभ हो सकता है, वहीं वास्तव में विद्या है ’

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



‘ शिक्षा न केवल वह नींव है जिस पर हमारी सभ्यता का निर्माण हुआ है, बल्कि यह मानवता के भविष्य की वास्तुकार भी है ’

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## गुणवत्तायुक्त और नवोन्मेषी शिक्षा

- स्कूल चलो अभियान और शारदा प्रोग्राम (स्कूल आएं हर दिन) जैसे अभिनव प्रयासों से 40 लाख अतिरिक्त बच्चों का नामांकन। ड्रॉप आउट दर में उल्लेखनीय गिरावट
- शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 88,700 बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराया गया है
- आरटीई के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में 22,040 बच्चे अध्ययनरत थे, 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 4 लाख 30 हजार से अधिक थी, वहीं 2025-26 में यह संख्या लगभग 1 लाख 41 हजार हो गयी है
- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं हो रहा संतृप्तीकरण
- 25790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज, 880 ब्लॉक रिसोर्स सेंटर्स एवं 5817 विद्यालयों में ICT लैब्स तथा शिक्षकों के उपयोगार्थ 2.61 लाख से अधिक टैबलेट की उपलब्धता को सुनिश्चित करा कर डिजिटल शिक्षा को आगे बढ़ाया जा रहा है
- कमजोर वर्ग की बालिकाओं को कक्षा 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराते हुए समस्त 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को उच्चीकृत किया गया
- गोरखपुर में पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल का संचालन
- 18 मण्डलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन
- पी. एम. श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों का उच्चीकरण करते हुए ग्रीन विद्यालय के रूप में विकसित करने का निर्णय
- प्री प्राइमरी एवं कक्षा 1 से कक्षा 08 तक से 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा है
- प्रदेश में लगभग रु0 4500 करोड़ की बजटीय व्यवस्था के साथ, प्रत्येक जनपद में 2-2 विद्यालयों के लक्ष्य के अंतर्गत कुल 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना की जा रही है, जिनमें 1500 छात्र क्षमता के साथ प्री प्राइमरी से कक्षा-12 तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी



## डिजिटल सशक्तीकरण

- स्नातक छात्रों को मोबाइल/टेबलेट प्रदान कर डिजिटल शिक्षा से जोड़ा जा रहा है
- समर्थ/सामर्थ (इरप) (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) प्रणाली से प्रदेश, पदोनति एनओसी व शिक्षकों की सेवाओं का डिजिटलीकरण
- 41.7 लाख छात्रों का अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में पंजीकरण
- सरकारी डिग्री कॉलेजों की लाइब्रेरी को शैक्षणिक सामग्री से युक्त प्री-लोडेड टैबलेट से युक्त कर डिजिटल शिक्षा को दिया जा रहा बढ़ावा
- ई-कॉन्टेंट स्टूडियो, ई सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम और ई-लाइब्रेरी की स्थापना
- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पेपर लेस क्लासरूम की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है
- सभी विश्वविद्यालयों, राजकीय अनुदानित महाविद्यालयों तथा अधिकांश स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना



## उच्च शिक्षा की नई दिशा

- 2021-22 से उत्तर प्रदेश ने एनईपी- 2020 के क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाई
- सीबीसीएस, बहु-विषयक शिक्षा, प्रदेश-निकास विकल्प और विषय चयन में लचीलापन लागू किया गया
- भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा और शोध-आधारित स्नातक कार्यक्रमों को दिया जा रहा बढ़ावा
- सभी एचईआईएस में एकरुप शैक्षणिक कैलेंडर किया गया है लागू
- ऑनलाइन क्रेडिट के माध्यम से 2 वर्षों में 3 वर्षीय डिग्री पूरी करने की सुविधा की गई प्रदान
- युवाओं को कौशल आधारित रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर

## माध्यमिक शिक्षा का सशक्तीकरण

- अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कुल 34,074 शिक्षकों का चयन
- शिक्षकों के 7,540 नवीन पदों का सृजन
- सेवा निवृत शिक्षकों के पूल से रिक्त पदों पर मानदेय के आधार पर सत्र के अंत तक शिक्षण व्यवस्था, राजकीय 780, सहायता प्राप्त 3222, सहायता प्राप्त संस्कृत 419 रिक्तियों के सापेक्ष अधियाचन प्रेषित
- योग्य शिक्षकों का लिखित परीक्षा के आधार पर चयन
- लोक सेवा आयोग द्वारा 6,808 सहायक अध्यापक चयनित 1,939 प्रवक्ता एवं 219 प्रधानाचार्यो सहित कुल 8,966 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र/पदस्थापन



## रोजगारोन्मुख उच्च शिक्षा

- सीमैप्स-एचई: अंतिम वर्ष के छात्रों को रु0 100/- करोड़ बजट के साथ भुगतानित इंटर्नशिप
- एईडीपी योजना: स्नातक के दौरान एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की कार्य योजना विकसित करने में अग्रणी है उत्तर प्रदेश
- एक मण्डल एक राज्य विश्वविद्यालय की परिकल्पना हुई साकार
- शिक्षा के क्षेत्र में घरेलू /विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिये उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को लागू किया गया
- एन.सी.सी. प्रशिक्षण अकादमी का जनपद गोरखपुर में निर्माण प्रारंभ
- कौशल पाठयक्रम अनिवार्य किए गए, जिसमें 23.9 लाख स्नातक छात्रों को 760 से अधिक ट्रेड्स में कौशल आधारित शिक्षा दी गयी
- शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता के लिये उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज का किया गया है गठन

ADVERTORIAL

## सिटी ब्रीफ

### आलू की फसल में पानी भरने पर थाने में दी तहरीर

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के बैरी गांव निवासी दुष्यंत कटियार ने रविवार को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि कुंवरपुर गांव में मेरे खेत में आलू की फसल खड़ी है। कुंवरपुर गांव निवासी पुत्तन पुत्र कैलाश कठेरिया शनिवार को अपने खेतों में पानी लगाने गए थे। रात में मौके पर ना रहने पर मेरे आलू के खेत में भारी मात्रा में पानी भर गया जिससे पकी आलू की फसल बर्बाद हो गई। वहीं दूसरी घटना हरनू ग्राम पंचायत के मजरा छब्बा नेवादा में हुई। यहां के निवासी कुलदीप यादव ने रविवार को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही निवासी विनोद पाल द्वारा अपने गेहूं के खेत में पानी लगाते समय ध्यान न देने पर मेरे आलू के खेत में भारी मात्रा में पानी भर गया जिससे आलू की फसल बर्बाद हो गई। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि दोनों आलू के खेत में पानी भरने की शिकायत मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जीपीएल टेनिस सीजन वन का ऑक्शन संपंन

**घाटमपुर।** घाटमपुर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित जीपीएल सीजन वन में सभी आठ टीम मालिकों ने भाग लिया। इयमें जीतू तिवारी और पुनीत दिवाकर सर्वाधिक 33 हजार कॉइन में बिके। ऑक्शन का शुभारम्भ चंद्रभान सिंह परिहार और शेरभान सिंह फौजी ने किया। इसके साथ ही ट्राफी का अनावरण भी किया गया। इस मौके पर सभी आठ टीमों के मालिक रोहित सोनी, पदम परमार, सुनील राठौर, प्रदीप त्रिवेदी, फिरोज मंसूरी, डी के जुल्फिकार ने भाग लिया सभी ने निर्धारित एक लाख कॉइन में 15 प्लेयर खरीदे। इस मौके पर नीरज गुप्ता रोहन शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन नृपेंद्र सचान द्वारा किया गया।

### अवैध खनन की जांच करने पहुंचे एसडीएम

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर काफी दिनों से अवैध खनन जोर शोर से चल रहा था। इसको लेकर आए दिन सोशल मीडिया में खबर प्रसारित होती रहती हैं। लेकिन उच्च अधिकारी परमिशन की बात कर पल्ला झाड़ लेते थे। जबकि पालपुर मलखान पुर बरईगढ़ गौरी बेरीखेड़ा आदि विभिन्न जगहों पर बराबर खनन चल रहा था। वहीं अवैध खनन को लेकर क्षेत्र के अंकुर शुक्ला ने साढ़ से मुख्यमंत्री आवास तक पैदल जाकर खनन के विरुद्ध शिकायत करने की बात कही थी। इस पर साढ़ प्रभारी निरीक्षक ने आश्वासन दिया की आप की बात उच्च अधिकारियों को बता कर विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके चलते अंकुर ने पैदल यात्रा स्थगित कर दिया था। परिणाम स्वरूप रविवार को बरईगढ़ झील में हो रहे खनन पर आज मौके पर एस डी एम नरवल, एसीपी घाटमपुर, जिला खनन अधिकारी, तहसीलदार, कानून गो व लेखपाल सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे और हो रहे खनन की नाप कराई एसडीएम नरवल ने बताया की मौके पर पहुंच नाप कराई गई है। रिपोर्ट तैयार हो रही अगर मानक के विपरीत खनन मिलता है तो विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध रूप से खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जायेगा।

### विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**बिठूर।** परगही स्थित प्राचीन महादेवन मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। सात दिनों तक चली कथा में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मंदिर परिसर हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा। कथा व्यासपीठ से आचार्य अवनीश मिश्र ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, रास पंचाध्यायी तथा भक्त प्रह्लाद, ध्रुव और सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। भागवत कथा के समापन पर हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति दी गई। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा, ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी, कुंवर विक्रम सिंह, सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं आसपास के गांवों के श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्वेता सिंह ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। वहां पर मौजूद सभी लोगों ने भंडारा खाया।

# विवि में 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड और बीएससी-बीएड

## सत्र 2026-27 से लागू होगा आईटीईपी, 50-50 सीटों पर प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अब 12वीं की परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों के लिए शिक्षक बनने का रास्ता और आसान हो गया है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) के तहत बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। खास बात यह है कि अब छात्र-छात्राओं को अलग से स्नातक और बीएड करने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि चार वर्षों में ही दोनों डिग्रियां एक साथ प्राप्त की जा सकेंगी।

विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग को (एनसीटीई) से औपचारिक मान्यता मिल गई है। एनसीटीई अधिनियम के तहत आवश्यक संसाधनों, आधारभूत संरचना, वित्तीय प्रबंधन और योग्य शिक्षकों की उपलब्धता की जांच के बाद यह स्वीकृति दी गई। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर बीए-बीएड और बीएससी-बीएड में 50-50 सीटों की एक-एक इकाई स्वीकृत की गई है। यह कार्यक्रम (एनईपी-2020) के अनुरूप तैयार किया गया है। जिसमें विषय ज्ञान के साथ आधुनिक शिक्षण कौशल, डिजिटल शिक्षण तकनीक, विद्यालयी इंटर्नशिप और शोध-आधारित प्रशिक्षण पर विशेष जोर रहेगा। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि पाठ्यक्रम पूरा करने पर विद्यार्थियों को स्नातक के साथ बीएड की उपाधि मिलेगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। प्रवेश प्रक्रिया वर्ष 2026 में 12वीं उत्तीर्ण या परीक्षा में सम्मिलित हो रहे विद्यार्थियों के लिए खुली रहेगी।

**पीएआर देनी होगी**

- मान्यता की शर्तों के तहत विश्वविद्यालय को प्रत्येक वर्ष परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) क्षेत्रीय समिति को प्रस्तुत करनी होगी और सभी आवश्यक जानकारियों का वेबसाइट पर प्रकटीकरण करना होगा। नियमों के उल्लंघन पर मान्यता वापस लेने का प्रावधान भी है।

**बेहतर होगी शिक्षा**

- विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस नई पहल से कानपुर और आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को अपने शहर में ही गुणवत्तापूर्ण और एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। इससे न केवल छात्रों का शैक्षणिक मार्ग सरल होगा, बल्कि प्रदेश में शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता को भी नई दिशा मिलेगी।



बच्चों के बनाए माडल देखते अतिथि। अमृत विचार

## जेडी एजुकेशन सेंटर में छात्रों ने दिखाया कौशल

**कानपुर।** हनुमंत विहार अर्रा रोड स्थित जेडी एजुकेशन सेंटर में रविवार को सर्व-विषय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान के स्टॉल्स पर छात्रों ने स्मार्ट सिटी और नवीकरणीय ऊर्जा के वर्किंग मॉडल पेश किए। गणित के स्टॉल पर जटिल प्रमेयों को सरल खेलों के माध्यम से समझाया गया। हिंदी और अंग्रेजी साहित्य के स्टॉल पर प्रसिद्ध लेखकों की कृतियों और भाषाई बारीकियों को आकर्षक चार्टर्स के जरिए दर्शाया गया। सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत भारतीय संस्कृति, इतिहास और भूगोल से जुड़े मॉडल प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहे। स्कूल के चेयरमैन चंद्रशेखर द्विवेदी व डायरेक्टर नीलिमा द्विवेदी प्रधानाचार्य विनीता सक्सेना ने छात्रों के प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा की।

### महामंडलेश्वर का हुआ स्वागत

**कानपुर।** अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी आशुतोष नाथ महाराज का रविवार को पहली बार शहर आगमन हुआ। वे हरिद्वार में पट्टाभिषक होने के बाद शहर अपने भक्तों से मिलने आए। शहर आगमन पर महामंडलेश्वर का कई जगहों पर उनके भक्तों ने स्वागत किया। उधर बिरहाना रोड, निराला नगर, काली मंदिर से शोभायात्रा भी निकाली गई। महिलाओं ने भजनों व ढोलताशो के बीच झूमते हुए खूब फूलों की होली का आनंद लिया। इस दौरान शारदा उपाध्यक्ष, अंबुज उपाध्याय एडवोकेट मानस, सुयश साहू, नितेश राठौर, अतुल शुक्ला, अजीत श्रीवास्तव, प्रदीप भाटिया, सिद्धार्थ तिवारी, सतीश शुक्ला, संतोष सिंह थे।

## सिटी डायरी

### अग्रवाल सभा के शिविर में 235 ने कराई नेत्र जांच

**कानपुर।** मेस्टन रोड में रविवार को श्री अग्रवाल सभा ने नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा परीक्षण व आपरेशन शिविर का आयोजन किया। उद्घाटन विशाल अग्रवाल (जेजे साड़ीज) ने किया। शिविर में डॉ. अवध दुबे, डॉ.गौरव दुबे, डॉ.आशुतोष त्रिपाठी व डॉ.तनमीत कौर व अन्य सहयोगी टीम ने 235 मरीजों को परामर्श दिया, जिनमे से 60 मरीजों को आपरेशन के लिए चयन किया गया। सभा के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल ने बताया कि चिन्हित मरीजों का निशुल्क आपरेशन 23 फरवरी को अत्याधुनिक विधि से स्वरूप नगर स्थित आरके देवी आई रिसर्च इन्स्टीट्यूट में डॉ.अवध दुबे व उनकी टीम द्वारा किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री रामबाबू अग्रवाल, मंत्री आलोक अग्रवाल, मंत्री ऋषि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल आदि लोग रहें।



आंख चेक करते डॉक्टर। अमृत विचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

**कानपुर।** एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल दबौली एवं गुजैनी शाखा का वार्षिक समारोह मोतीझील स्थित लाजपत भवन में आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश अवस्थी (सांसद), सुरेन्द्र मैथानी (विधायक), मुकुन्द्र मिश्र (प्रदेश अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल) मौजूद रहे। समारोह के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिनमें नृत्य, गीत, नाटक एवं देशभक्ति आधारित ऑपरेशन सिन्दूर की प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं कार्यक्रम का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं इस आयोजन की तैयारी में विशेष योगदान देने वाले अध्यापकों को विद्यालय के डायरेक्टर नवीन प्रकाश गुप्त एवं मनीषा गुप्ता द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रधानाचार्या रीना प्रकाश जॉन, उप प्रधानाचार्या सुषमा शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक सुरेन्द्र कुमार तिवारी का विशेष योगदान रहा।



बच्चों ने नृत्य पेश किया।



गंगा आरती करते सांसद रमेश अवस्थी, अजय कपूर और अभिजीत सिंह सांगा।

### मां गंगा की आरती, हर-हर महादेव की गूंज

**कानपुर।** गंगा बैराज स्थित अटल घाट पर सांसद रमेश अवस्थी, विधायक अभिजीत सिंह सांगा व वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में मां गंगा की आरती की गई। पूर्व विधायक अजय कपूर के जन्मदिन पर आयोजित उत्सव में मां गंगा का अभिषेक भी किया गया। इस अवसर पर दादानगर कॉपरेटिव एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, उद्योगपति दीपक कोठारी, तिलकराज शर्मा, रमन कपूर, डा. मीनाक्षी कपूर, सीमा शुक्ला, सचिन कपूर, युवराज कपूर, हरविंदर सिंह लार्ड, प्रमोद जायसवाल, भाजपा उत्तर कानपुर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, जगदीश तिवारी, महेश प्रसाद दीक्षित आदि रहे।

## सबसे बुजुर्ग पेंशनर वैद्यनाथ का 115 वर्ष की आयु में निधन

- वयोवृद्ध शिक्षक के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**बिल्हौर।** ककवन ब्लॉक के न्यूराखेड़ा गाँव निवासी और क्षेत्र के सबसे वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक वैद्यनाथ यादव का निधन हो गया है। लगभग 115 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके यादव जी न केवल अपने क्षेत्र के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे, बल्कि शिक्षा जगत के जानकारों के अनुसार वे वर्तमान में सबसे पुराने पेंशन धारक भी थे।



वैद्यनाथ।

स्वर्गीय वैद्यनाथ यादव ककवन के उतारपुर प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके सुदीर्घ जीवन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज उनके परिवार में चार पीढ़ियों के सदस्य वयस्क हो चुके हैं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के शिक्षा जगत और गणमान्य नागरिकों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने उनके पैतृक आवास पहुँचकर पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित किए और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को नानामऊ गंगा घाट पर किया जाएगा।

## भाग्य के विपरीत पाया गया सुख अंत में दुःख ही देता है : शास्त्री जी

- कमालपुर खोदन में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ
- महिलाओं ने श्रद्धाभाव से निकाली कलश यात्रा

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार।** कमालपुर खोदन में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए शोभायात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजन के बाद कथा का प्रारंभ किया गया।



पं. शरद शास्त्री।

व्यासपीठ पर विराजमान सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. श्री शरद शास्त्री जी महाराज ने प्रथम दिवस भागवत महात्म्य, भक्ति, ज्ञान-वैराग्य एवं धुंधकारी प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने आत्मदेव ब्राह्मण की कथा सुनाते हुए बताया कि उनके भाग्य में संतान का योग नहीं था, फिर भी पुत्र प्राप्ति की जिद में उन्होंने महात्मा से आग्रह किया। समझाने के बाद भी जब वे नहीं माने तो एक फल प्रदान किया गया। आत्मदेव की पत्नी ने वह फल स्वयं न खाकर गाय को खिला दिया, जिससे परम विद्वान गोकर्ण जी का जन्म हुआ। बाद में छल से प्राप्त की गई संतान धुंधकारी हुई, जो आगे चलकर दुराचारी और अत्याचारी बना तथा अंत में माता-पिता के लिए ही पीड़ा का कारण सिद्ध हुआ।

अपने उद्बोधन में शरद जी ने कहा कि मनुष्य जब ईश्वर की व्यवस्था के विपरीत चलने का प्रयास करता है, तब उसका परिणाम सुखद नहीं होता। जो वस्तु भाग्य में नहीं होती, उसे किसी भी प्रकार प्राप्त कर लेने पर भी वह स्थायी आनंद नहीं देती। इसलिए संतोष और ईश्वर की इच्छा को स्वीकार करना ही जीवन का सच्चा मार्ग है।

## दो की मौत में क्लीनिक व मेडिकल स्टोर सील

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर शनिवार को उपचार के दौरान दो लोगों की मौत की घटना में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों क्लीनिक व मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। दुकानों पर नोटिस चस्पा कर संचालकों से घटनाओं के बाबत स्पष्टीकरण मांगा गया है।

शनिवार को कस्बा निवासी मुख्तार (35) पेट दर्द के चलते कस्बे के बंदी माता मार्ग स्थित एक क्लीनिक पर इलाज कराने के लिए गया था। उपचार के दौरान इंजेक्शन लगाए जाते ही मुख्तार की हालत बिगड़ गई थी और थोड़ी ही देर में उसने दम तोड़ दिया था। परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप लगा क्लीनिक पर हंगामा किया था।

वहीं दूसरी घटना शिवराजपुर विकास खंड क्षेत्र के भौसाना गांव में हुई थी। जहां क्षेत्र के बोझा गांव निवासी दिनेश गौतम (53) पुत्र कन्हई को बुखार व पेट दर्द के चलते पर परिजन भौसाना गांव स्थित एक मेडिकल स्टोर पर लेकर गए थे, जहां दवाएं व इंजेक्शन दिए जाने के बाद दिनेश की हालत बिगड़ गई थी। परिजन जब तक दूसरे अस्पताल लेकर जाते,दिनेश की मौत हो गई थी। यहां भी मृतक के पुत्र विकास,भाई अविनाश व ग्रामीणों ने गलत उपचार किये जाने का आरोप लगा घण्टों हंगामा काटा था।



नोटिस चस्पा करता स्वास्थ्यकर्मी।

गलत उपचार के चलते दो लोगों मौत की जानकारी संबंधित सी एच सी अधीक्षकों द्वारा उच्चाधिकारियों को दी गई थी। जिसके उपरांत रविवार को चौबेपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ यशोवर्धन सिंह ने कस्बा स्थित व सीएचसी शिवराजपुर अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार द्वारा बोझा गांव स्थित क्लीनिक व मेडिकल स्टोर को सील कर यहां नोटिस चस्पा की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. यशोवर्धन सिंह ने बताया कि क्लीनिक व मेडिकल स्टोर संचालकों से स्पष्टीकरण मांगे जाने के साथ घटनाओं की पड़ताल कराई जा रही है।

**चार दिनों के दौरान तीन लोगों की हुई मौत**

- **चौबेपुर।** क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित क्लीनिक व मेडिकल स्टोर जानलेवा बनते जा रहे हैं। गलत उपचार के चलते विगत चार दिनों के दौरान तीन लोगों की मौत से लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। मालूम हो कि मौजूदा समय में गांव -गांव बिना लाइसेंस के अवैध रूप से मेडिकल दवाओं की बिक्री की जा रही है। इसी तरह झोलाछाप भी बिना किसी रजिस्ट्रेशन के अपनी दुकानें चला रहे हैं और लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बताते चलें कि हफ्ता पूर्व बिठूर स्थित एक नर्सिंग होम में अस्पताल संचालक की लापरवाही के चलते बच्ची की जलकर मौत हो गई थी। इधर गत 17 फरवरी को कस्बा स्थित एक नर्सिंग होम में उपचार के दौरान एक 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो जाने की घटना में परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप लगाया था। शनिवार को भी गलत उपचार के चलते दो लोगों की जान चली गई। एक के बाद एक हो रही घटनाओं से लोगों में जबरदस्त रोष उत्पन्न है। आक्रोशित लोगों ने अवैध ढंग से उपचार कर रहे ऐसे लोगों को चिन्हित कर, इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है।

## दुकानदार से लूट, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार देर रात अपनी दुकान से घर जा रहे युवक के साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की। मारपीअ से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के बाद आरोपी उसके पास मौजूद कैमरा व नकदी लूटकर धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित के चाचा ने थाने में तहरीर देकर लूट और हत्या का प्रयास सहित गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कराया था इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई।

क्षेत्र के काकूपुर निहाल गांव निवासी योगेंद्र शुक्ला ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शुक्ला स्टूडियो के नाम से कस्बे में बर्राजपुर रेलवे स्टेशन के सामने दुकान है। उसका भतीजा अभिनव जो कि प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद करके देर रात अपने घर जा रहा था, जैसे ही वह काकूपुर बंबा पुल के पास ही पहुंचा। तभी क्षेत्र के ही अनुज यादव व उत्कर्ष व चार अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और हाथों में लिए लाठी डंडो से अभिनव के साथ मारपीट कर लूटपाट करने लगे। तभी मैं भी दुकान से अपने घर जा रहा था मोटर साइकिल की रोशनी में देखा कि अनुज एवं उत्कर्ष एवं इसके साथ चार अन्य साथी जिन्हें मैं अंधेरा होने के कारण पहचान नहीं सका यह लोग मारपीट करते हुए वह उसके पास मौजूद कैमरा एवं उसके पास मौजूद नकदी छीन कर धमकी देते हुए भाग गए। गंभीर रूप से घायल हुए अभिनव का इलाज कानपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मारपीट के बाद उसके पास मौजूद एक वीडियो कैमरा, कैमरा भतीजे का मोबाइल एवं 20,000 रुपये नकद लूट लिए व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि तहरीर के बाद जांच पड़ताल करके आरोपी अनुज एवं उत्कर्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। क्षेत्र में आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन चल रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। वहीं पुलिस ने बताया कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले अनुज यादव पर कई अपराधिक मुकदमे पहले से भी दर्ज हैं।

**खेल के मैदान से**

खेल के मैदान में उतरा 'जोश', सपा नेता विनय यादव ने दौड़ प्रतियोगिता का कराया आयोजन

## 1600 मीटर व 5 किमी दौड़ में हरदोई के सौरभ ने मारी बाजी

- द्वितीय विजेता को 2100 और तृतीय विजेता को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया

संवाददाता ,बिल्हौर

**अमृत विचार।** युवाओं को मोबाइल की आभासी दुनिया से बाहर निकालकर मैदान की धूल और पसीने से जोड़ने की एक अनूठी कोशिश मुनौव्वरपुर गांव में देखने को मिली। मुनौव्वरपुर फिजिक ग्राउंड में आयोजित विशाल दौड़ प्रतियोगिता ने न केवल क्षेत्रीय बल्कि आसपास के कई जनपदों के युवाओं में ऊर्जा का संचार किया।

समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष व ककवन ब्लॉक प्रमुख विनय यादव के नेतृत्व में आयोजित इस स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। प्रतियोगिता में दो मुख्य श्रेणियों 5 किमी और 1600 मीटर में धावकों ने अपना कौशल दिखाया।



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कार के रूप में साइकिल देते आयोजक। अमृत विचार

5 किमी दौड़ में हरदोई के सौरभ तिवारी ने प्रथम पुरस्कार के रूप में साइकिल जीती, द्वितीय पुरस्कार के रूप में कानपुर नगर के विकास सिंह को 2100 रुपये नकद और तृतीय पुरस्कार के रूप में कानपुर नगर के ही नवनीत कुमार को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार मिला।

1600 मी. दौड़ में भी हरदोई के सौरभ तिवारी ने बाजी मारी यहां भी उन्हें साइकिल मिली। वहीं द्वितीय स्थान पर फतेहपुर के लोकेन्द्र यादव रहे उन्हें 2100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही तृतीय स्थान पर कन्नौज के आलोक कुमार रहे। उन्हें 1100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। विनय यादव ने स्वयं विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। वहीं इस खेल उत्सव को सफल बनाने में स्थानीय जन प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ मुख्य रूप से ग्राम प्रधान विजय वीर यादव, पूर्व प्रधान दीवान यादव, पूर्व प्रधान जय सिंह यादव, आनंद कुमार, अमन दुबे, राजेश यादव, दीपक यादव, श्रीराम, नवीन, योगेन्द्र सिंह, राहुल यादव, मनीष यादव, जीतू, पंकज, दिलीप, राहुल कुमार, सागर और सत्यम सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

> आज का युवा मोबाइल की लत में अपना कीमती समय गंवा रहा है। खेल ही वह माध्यम है जो उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और एक फौलादी शरीर दे सकता है। हमारा प्रयास है कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर होते रहें।
> -विनय यादव, ब्लॉक प्रमुख व सपा विधानसभा अध्यक्ष

ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें तराशने और सही अवसर देने की जरूरत है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम विटान देवी VITAN DEVI दर्ज है। जो कि शुद्ध व सही है। जब कि मिनी शीट रोल में मेरा गलत नाम बिटान देवी BITAN DEVI दर्ज हो गया। मेरा शुद्ध व सही नाम विटान देवी VITAN DEVI ही माना जाए। **विटान देवी पत्नी अनुरुद्ध सिंह निवासी-ग्राम बलेथा, कोढ़वा, तहसील मैथा, जिला- कानपुर देहात।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सही नाम यशवर्धन शिवहरे है। मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में यशवर्धन है। यशवर्धन शिवहरे और यशवर्धन दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे यश वर्धन शिवहरे के नाम से जाना जाए। **यशवर्धन शिवहरे पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी- मियांपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SAHADAT HUSAIN था अब मैने बदलकर अपना नाम SAHADAT HUSSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे SAHADAT HUSSAIN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-ALI HUSSAIN R/O- MOHALLA THOK POST-MISRIKH, SITAPUR

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि में NAFEES AHMAD NADWI से अपना नाम बदलकर NAFEES AHMAD रख लिया हैं अब मैं मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना हुआ पहचाना जाए। S/O RAHEEM BAKHS निवासी बख्स बसवारी औरनी कौसम्बी का रहने वाला हूँ।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **कमाल अहमद पुत्र स्व. अली अहमद निवासी मोहल्ला हैदरगंज कस्बा मौदहा जिला हमीरपुर** अपने पुत्र इम्तियाज़ अहमद पुत्रवधु शमा बानो से उनके झगड़ालू स्वभाव और अनैतिक कार्यो से अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूँ। इनके द्वारा किए गए नैतिक या अनैतिक कार्यो व लेनदेन के यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा या मेरे संबंधियों का कोई इनसे संबंध नहीं होगा।

**सूचना**
मैं **रामसहेली पत्नी रामजीवन, निवासी-19 बाजार टोला बेनीगंज देहात जिला हरदोई,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 JFSPS5386K में सावित्री अंकित है। जोकि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामसहेली अंकित है। जोकि सही है। अत: मेरे उक्त पैन कार्ड में आधार कार्ड के अनुसार रामसहेली नाम अंकित किया जाए। रामसहेली व सावित्री एक ही महिला के नाम है तथा दोनों नाम मेरे ही है।

न्यूज ब्रीफ

## साहू समाज की मासिक बैठक में दहेज प्रथा पर मंथन

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** साहू समाज की मासिक बैठक रविवार को बिंदा नगर स्थित रोहित साहू के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में दहेज प्रथा पर विचार-विमर्श किया गया। साहू समाज के कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता ने कहा कि दहेज प्रथा के कारण पढ़ी-लिखी और योग्य बेटियों को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने समाज से दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने की अपील करते हुए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान अरविंद साहू ने आगामी होली मिलन समारोह के आयोजन को लेकर प्रस्ताव रखा, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सकारात्मक चर्चा की। बैठक में साहू समाज के अध्यक्ष सुनील साहू, रोहित साहू, संजय साहू, जगदीश साहू, महेश गुप्ता, अनिल साहू, संरक्षक जयपाल साहू, फरीराम साहू, अजय साहू मौजूद रहे।

## झाड़ियों में पड़ा मिला लापता वद्ध का शव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूपतिपुर गांव निवासी 17 दिनों से लापता वृद्ध का शव खेत के पास झाड़ियों में सड़ी हालत में पड़ा मिलने सनसनी फैल गई। भूपतिपुर गांव निवासी शिवपाल रावत (65) गांव के बाहर खेत में छप्पर डालकर रहते थे। 19 फरवरी को गांव के ही रामबाबू ने शिवपाल के कई दिनों से खेत पर न दिखने की सूचना दी। इस पर 20 फरवरी को बहू ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क हादसों में कार व ई रिक्शा चालक की गई जान

### सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा, लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर व अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे पर अलग-अलग हुए सड़क हादसों में कार चालक व ई रिक्शा चालक की मौत हो गई। हादसे में कार भाई बहन भी घायल हुए। जिन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। हादसे की खबर मिलते परिजनों में चीखपुकार मच गई। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव के मजरा करिया खेड़ा निवासी राम नरेश (45) पुत्र दुर्गा ई रिक्शा से भाड़ा ढोने का कार्य करता था। शनिवार देर शाम वह ई रिक्शा लेकर नवीन मंडी भाड़ा लोड करने आया था। काम निपटा कर वह घर वापस लौट रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर एक होटल के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें उसका ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। वह उसी में फंस कर गंभीर घायल हो गया। लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। बड़े भाई विजय ने बताया कि रामनरेश की शादी हुई थी लेकिन कुछ समय बाद वह उसे छोड़ कर चली गई। तब से वह विजय के पास रहता था। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।



पोस्टमार्टम हाउस में खड़े ओमकार के परिजन। ● अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से कार चालक की मौत, मौसा व बहन घायल

**संवाददाता, नवाबगंज :** लखनऊ के गाजीपुर थाना अंतर्गत हरिहर नगर, इंद्रानगर निवासी ओमकार यादव (26) पुत्र राम सेवक अपने मौसा राधे श्याम पुत्र चरित्र प्रसाद व मौसा की बहन अनुष्का के साथ कानपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। जहां देर रात्रि करीब डेढ़ बजे लौटते समय अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवाबगंज पक्षी विहार के पास पीछे से आए ट्रक ने उसकी कार में टक्कर मार दी। इससे कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। दो ट्रकों की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। ओमकार कार की स्टेयरिंग व सीट में फंस गया। वहीं मौसा व उनकी बहन भी कार में फंसी रही। चीख पुकार सुनकर लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने काटर की मदद से तीनों को बाहर निकाल कर सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने ओमकार को मृत घोषित कर दिया। वहीं राधेश्याम व अनुष्का को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पिता ने बताया कि ओमकार पढ़ाई पूरी कर नौकरी की तैयारी कर रहा था। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा है। ट्रक को पकड़ा गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

## गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** डी एस एन कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री की कृपा से गायत्री यज्ञ की पावन सुगंधि के बीच चार बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार विधिविधान से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर परिव्राजक पं. चंद्रकिशोर द्विवेदी ने गुलशन अवस्थी, प्रभाकर पाण्डेय, सुधांशु पाण्डेय एवं आनंद शुक्ला को यज्ञोपवीत धारण कराया। सभी बटुकों ने सुसंस्कारों के साथ श्रेष्ठ चिंतनयुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दीनू शुक्ला, साधना सिंह, निरुपमा शुक्ला, जगदेव प्रसाद शर्मा, मालती मिश्रा, अजय शुक्ला, अशोक राय, चंद्र किशोर द्विवेदी, राम जी, कृष्णा, शैलेन्द्र, सुनीता त्रिपाठी, महेंद्र पाण्डेय, संतोष सिंह, राहुल, संतोषी, सिद्धनाथ श्रीवास्तव एवं अशोक दीक्षित सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मन की बात से भरा कार्यकर्ताओं में जोश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें संस्करण का प्रसारण रविवार को जनपद के सभी बूथों पर सुना गया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर एकत्र होकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन को आत्मसात किया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को एआई और तकनीकी विकास के महत्व से रूबरू कराया। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि कैसे आधुनिक तकनीक की मदद से भारत के प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों को संरक्षित कर आज की पीढ़ी के अनुकूल बनाया जा रहा है। पीएम ने कहा कि दुनिया भर के नेता इस भारतीय नवाचार को देखकर चकित हैं। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की। सदर विधानसभा सिकंदरपुर सरोसी स्थित बूथ संख्या 312 पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मंडल अध्यक्ष सर्वेश लोधी व बूथ टीम के साथ कार्यक्रम सुना। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जो उन्हें जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। विधायक पंकज गुप्ता ने बताया कि पूरी विधानसभा के बूथों पर आम जनमानस ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया।



पीएम के मन की बात सुनते जिलाध्यक्ष, सदर विधायक व अन्य।

# न्याय को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाना लक्ष्य: डीजे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में अरोड़ा रिसोर्ट लॉन दो में विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। न्यायिक अधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने आवेदकों को निःशुल्क कानूनी सलाह दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि न्याय प्रणाली का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सुलभ और सस्ता न्याय पहुंचाना है। कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित न रहे, बल्कि इसे आम आदमी के दरवाजे तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। मौजूद लोगों को जागरूक किया कि वह अपने अधिकारों को पहचाने और सजग रहें। निःशुल्क विधिक सहायता एवं 15100 के माध्यम से 24 घंटे कॉल सुविधा का भी लाभ उठाने के प्रति प्रेरित किया गया। बताया कि 14 मार्च 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों को निस्तारण अवश्य कराएं।



विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर में लगे स्टॉल का निरीक्षण करते जिला जज व अन्य।

● अरोड़ा रिसोर्ट लॉन दो में विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का किया गया आयोजन

शिविर के दौरान पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, सिलाई मशीन और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों में ट्राई-साइकिल और स्टिक, मत्स्य पलक कल्याण कोष अंतर्गत मोपेड विद आइस, खेल विभाग द्वारा खेल सामग्री का वितरण किया गया। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना और कन्या विवाह सहायता योजना के तहत भी धनराशि दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षिकाओं के अतिरिक्त आमजन महिलाओं, बच्चों ने भी प्रतिभाग किया।

# चार किलो गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचारः एसएसपी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस ने 04 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जहां उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को बिंदा नगर चौकी इंचार्जा लक्ष्मी नारायण द्विवेदी एवं दरोगा सुभाष चन्द्र हमराह पुलिस बल के साथ संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गंगा बैराज रोड स्थित प्रखर जी महाराज मोड़ के पास से राजधानी मार्ग धोबिन पुलिया निवासी विजय अवस्थी को रोका। जहां पुलिस को देख वह भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से चार किलो गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना गंगाघाट में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। जिसके बाद उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा गया है।

● थाना गंगाघाट में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत

# देवशरण को मिला अध्यक्ष पद का जिम्मा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** विश्वकर्मा कल्याण समिति का वार्षिक चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी आर.पी. वर्मा सरस एवं हरिशंकर विश्वकर्मा की देखरेख में हुए चुनाव में देवशरण विश्वकर्मा को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यकारिणी का गठन करते हुए सावित्री देवी विश्वकर्मा, शिव विलास शर्मा एवं अनुराग वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। विवेक वर्मा को मंत्री, हरिशंकर विश्वकर्मा को उप मंत्री, विपिन विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष तथा सुशील कुमार शर्मा को लेखा परीक्षक बनाया गया। वहीं ओंमकार शर्मा को संगठन मंत्री, शिवानंद विश्वकर्मा को कार्यालय सचिव, श्याम प्रकाश विश्वकर्मा को मीडिया प्रभारी एवं अमित कुमार शर्मा को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कमलेश कुमार विश्वकर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, लाभम विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा और शैलेन्द्र विश्वकर्मा को शामिल किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री राजन बाजपेई, कवि प्रदीप शर्मा, सुरेश विश्वकर्मा लोग मौजूद रहे।



विश्वकर्मा कल्याण समिति के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते चुनाव अधिकारी।

● विश्वकर्मा कल्याण समिति का वार्षिक चुनाव संपन्न

## सेवादारों ने गंगा सफाई को लेकर चलाया अभियान


**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में अमृत महोत्सव स्वच्छ जल स्वच्छ मन को लेकर रविवार को शुक्लागंज के गंगा घाटों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। जहां मिशन के सैकड़ों सेवादार गंगा तट पर पहुंचे और आनंद घाट पर झाड़ू लगाने के साथ इधर-उधर फैली गंदगी को एकत्र कर भूविसर्जित किया। संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट अमृत महोत्सव स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत रविवार की सुबह गंगा तटों पर स्वच्छता को लेकर सफाई अभियान शुरू किया गया। जहां सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे के बीच रेलवे पुल के नीचे, पर्यावरण घाट, आनंद घाट पर मिशन के करीब 200 संगत व सेवा दल यूनिट के सेवादलों ने घाट पर फैली पॉलीथिन, फूल, दोना, प्लास्टिक की बोतल व अन्य गंदगी को एकत्र किया और भूविसर्जित किया गया।



पीस कार रैली का स्वागत करते गंगाघाट के रोटेरियन। ● अमृत विचार

### नगर में पीस कार रैली का भव्य स्वागत

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रोटरी मंडल 3110 द्वारा आयोजित पीस कार रैली के माध्यम से शांति, सद्भावना और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। रोटरी मंडल अध्यक्ष रोटेरियन राजेन विद्यार्थी के नेतृत्व में यह रैली 18 फरवरी को बरेली शहर से प्रारंभ हुई थी, जो मंडल के विभिन्न शहरों से होते हुए रविवार को शुक्लागंज पहुंची। रैली का स्वागत रोटरी क्लब गंगाघाट द्वारा सुबह करीब ग्यारह बजे बजे राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम स्कूल के सामने किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोटेरियन राजेन विद्यार्थी, मंडल प्रमुख सचिव रोटेरियन मोहन गुप्ता तथा रोटेरियन गौरव जैन उपस्थित रहे। स्वागत समारोह में रोटरी क्लब गंगाघाट के अध्यक्ष रोटेरियन अवनीश शुक्ला के साथ रोटेरियन अशोक त्रिवेदी, विवेक शुक्ला, संतोष तिवारी, रितेश मिश्रा, रवि शुक्ला, धुरव अवस्थी, मनीष शुक्ला, प्रदीप त्रिपाठी, राहुल दीक्षित, अनुराग बाजपेई, पारस गुप्ता, राजेश व दिनेश अवस्थी सहित अनेक रोटेरियन मौजूद रहे।



पीएचसी में स्वास्थ्य मेले में मौजूद मरीज। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में 86 मरीजों का हुआ परीक्षण


**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 86 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, आलोक मिश्रा, विपिन पांडेय मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई गई मनबोधन की जयंती

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पं. मनबोधन लाल बाजपेयी की 119वीं जयन्ती उनके द्वारा स्थापित निराला इंटर कालेज, पतारी में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शिक्षाविदों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाचार्य हरिनाथ द्विवेदी ने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं, वह इन महापुरुषों के त्याग और बलिदान की ही देन है। उन्होंने युवाओं से बाजपेयी जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक आनन्द मोहन द्विवेदी ने उनके जीवन संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1963 से 1970 तक जिला परिषद उन्नाव के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने जनपद में शिक्षा की अलख जगाई और सड़कों का जाल बिछाया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश रावत ने उन्हें युग पुरुष बताते हुए नमन किया, वहीं प्रताप नारायन द्विवेदी ने उन्हें एक क्रांतिकारी युगदृष्टा के रूप में याद किया।



पं. मनबोधन लाल बाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

● शिक्षाविदों व अन्य लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

# कार रैली से दिया भाईचारे का संदेश


कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब द्वारा समाज में शांति, सद्भावना और आपसी भाईचारे का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित पीस कार रैली रविवार शहर पहुंची। रोटरी मंडल अध्यक्ष राजेन विद्यार्थी और सीडीएस मोहन गुप्ता के नेतृत्व में यह रैली बरेली से शुरू होकर मंडल के विभिन्न शहरों का भ्रमण करते हुए यहां पहुंची, जहां रोटेरियन्स ने इसका स्वागत किया।

आदर्श नगर स्थित में आयोजित कार्यक्रम में रैली का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने फूलों के गुलदस्ते भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर जीएस भदौरिया, आशीष शुक्ला अध्यक्ष, रोटरी रॉयल, अशोक गुप्ता अध्यक्ष, रोटरी क्लब, डीसी जैन अध्यक्ष, सिटी और अवनीश शुक्ला अध्यक्ष, गंगाघाट सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, रोटरी क्लब सदैव समाज सेवा और सौहार्द के कार्यों में अग्रणी रहता है। इस प्रकार की कार रैली न केवल लोगों को जोड़ती है, बल्कि सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करती है। मंडल अध्यक्ष राजेन विद्यार्थी ने कहा कि यह यात्रा केवल सड़कों पर सफर नहीं है, बल्कि दिलों को जोड़ने का एक माध्यम है। उन्होंने अपील की कि आज के समय में आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और सहयोग की भावना अपनाना बेहद ज़रूरी है।



पीस कार रैली को झंडी दिखाते सदर विधायक पंकज गुप्ता।



कंट्रोल रूम की निगरानी करते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### कंट्रोल रूम से हुई 122 परीक्षा केंद्रों की निगरानी

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जनपद में कुल 122 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रविवार को परीक्षा न होने के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से सभी 122 परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाती रही। कंट्रोल रूम में तैनात एक दर्जन शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा पूरे दिन निगरानी का कार्य किया गया। ड्यूटी पर लगी शिक्षिकाओं ने बताया कि भले ही रविवार को बोर्ड परीक्षा नहीं थी, लेकिन उन्हें उसी प्रकार से ड्यूटी करनी पड़ी, जैसे परीक्षा वाले दिनों में की जाती है। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम की निगरानी के साथ-साथ यह भी देखा जाता रहा कि किस परीक्षा केंद्र में कौन आ-जा रहा है और संबंधित केंद्रों पर जिनकी ड्यूटी लगी है, वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं या नहीं। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर कड़ी सतर्कता बरती जा रही है।

धर्म-कर्म

### श्याम भक्तों द्वारा द्वितीय फागुन महोत्सव के अवसर पर निशान यात्रा का किया गया आयोजन

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** रविवार को शहर में श्याम भक्तों द्वारा द्वितीय फागुन महोत्सव के अवसर पर निशान यात्रा का आयोजन किया गया। रंग-गुलाल और श्याम भजनों की धुन पर थिरकते भक्तों ने पूरे शहर को श्याममयी बना दिया।

निशान यात्रा का शुभारंभ छोटे चौराहा स्थित बालाशाह मंदिर परिसर से विधि-विधान के साथ हुआ। यहां से हाथों में श्याम बाबा का निशान ध्वज थामे भक्तों का जत्था शहर के मुख्य मार्गों की ओर बढ़ा। यात्रा गांधीनगर तिराहा और आदर्श नगर होते हुए श्री सिद्धेश्वर धाम पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे श्याम भजनों पर भक्त खुद को झूमने से नहीं रोक सके। हारे का सहारा-बाबा श्याम हमारा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि पिछले वर्ष शुरू हुई यह परंपरा इस बार और भी विशाल रूप ले चुकी है। यात्रा के सिद्धेश्वर धाम पहुंचने पर सामूहिक हवन-पूजन हुआ, जिसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा प्रभारी तन्मय श्रीवास्तव ने कहा सभी भक्तों ने बहुत ही शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से गुलाल खेलकर महोत्सव का आनंद लिया। हमारा प्रयास रहेगा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और भी भव्य और ऐतिहासिक बनाया जाए। इस दौरान अभिषेक शुक्ला, अंकित, मोनू, शाश्वत बाजपेई, आशीष, सूरज, रामसुमेर साहू, राजकिशोर तिवारी, सोनी, मीनाक्षी, रानी, पूजा, सरोज, सुषमा सहित अन्य मौजूद रहे।




श्याम निशान यात्रा में शामिल श्याम प्रेमी। ● अमृत विचार

### खाटू श्याम की निशान यात्रा में झूमे श्रद्धालु

**संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव :** रविवार को श्री सांवरिया परिवार सेवा समिति की ओर से सतरंगी फागुन निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत गोपीनाथपुरम राधा कृष्ण मंदिर में निशान की पूजा हुई। जिसके बाद राजधानी मार्ग से पोनी रोड होते हुआ श्रीनगर श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्याम भक्त श्याम नाम की पताका लिए व निशान ध्वज श्याम भक्त निशान लहराते हुए। गुलाल खेलते हुए, भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। पूरा क्षेत्र फाल्गुन महोत्सव पर्व पर केसरिया रंग में रंगा दिखा। गोपीनाथपुरम स्थित राधा कृष्ण मंदिर में निशान की विधिविधान से पूजा की गई। आचार्य ने परंपरागत तरीके से पूजन-अर्चन कराया। समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। उधर, फाल्गुन उत्सव के तहत हजारों की संख्या में श्याम भक्तों ने निशान यात्रा निकाली। श्याम भक्त पैदल चलकर श्री श्याम प्रभु श्री नगर खाटू श्याम मंदिर पहुंचे और श्याम प्रभु को निशान अर्पित किया। इस दौरान भजनों पर महिलाएं झूमते नाचते चल रहीं थीं। वहीं क्षेत्रीय लोगों द्वारा श्रद्धालुओं पर पुष्प की वर्षा की गई। सांवरिया परिवार समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा समापन पर श्री श्याम मंदिर में भजनोत्सव का आयोजन किया गया।



जीवन को टुकड़ों में नहीं बांटा जा सकता, उसका 'पूर्णता' में ही विचार किया जाना चाहिए।
–अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री



## समझौते के संदेश

भारत और ब्राजील के बीच हाल में हुए महत्वपूर्ण समझौते वैश्विक भू-राजनीति में भारत की रणनीतिक पुनर्स्थापना का संकेत हैं। विशेषकर क्रिटिकल और रेयर अर्थ मिनरल्स को लेकर समझौता अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हुई वार्ता में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से आगे ले जाने, एआई और सेमीकंडक्टर सहयोग बढ़ाने तथा महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर सहमति बनी है। इस समझौते का सबसे अहम पक्ष क्रिटिकल मिनरल्स- लिथियम, निकेल, ग्रेफाइट और रेयर अर्थ तत्व पर सहयोग है। वर्तमान में इन खनिजों की वैश्विक आपूर्ति पर चीन का प्रभुत्व है।

भारत, जो इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी स्टोरेज, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को विस्तार देना चाहता है, उसके लिए कच्चे माल की स्थिर और विविधीकृत आपूर्ति अनिवार्य है। ब्राजील, जो खनिज संसाधनों से समृद्ध है, भारत के लिए एक स्वाभाविक साझेदार बन सकता है। इस दृष्टि से यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' की रणनीति को अंतरdराष्ट्रीय आधार देता है। समझौते का पहला लाभ आपूर्ति श्रृंखला का विविधीकरण है। यदि भारत ब्राजील के साथ दीर्घकालिक खनन और प्रसंस्करण समझौते स्थापित करता है, तो वह चीन पर निर्भरता कम कर सकेगा। दूसरा लाभ प्रौद्योगिकी सहयोग है। एआई, ग्रीन एनर्जी और सेमीकंडक्टर में संयुक्त अनुसंधान। तीसरा, सहयोग की सुदृढ़ता; यह करार दिखाता है कि उभरती अर्थव्यवस्थाएं परस्पर साझेदारी से वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं, हालांकि चुनौतियां भी हैं। जैसे- लॉजिस्टिक्स और परिवहन लागत। दक्षिण अमेरिका से भारत तक खनिजों का आयात भौगोलिक दूरी के कारण महंगा हो सकता है। खनिजों का केवल आयात पर्याप्त नहीं, उनका घरेलू प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन भी जरूरी है। यदि भारत केवल कच्चा माल आयात करता है और उच्च-तकनीकी उत्पाद विदेशों में निर्मित होते हैं, तो लाभ सीमित रहेगा। खनन परियोजनाओं से जुड़े स्थानीय विरोध और पारिस्थितिक चिंताएं इस सहयोग की गति को प्रभावित कर सकती हैं। यह समझौता चीन के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि भारत रणनीतिक संसाधनों के मामले में वैकल्पिक मार्ग तलाश रहा है, हालांकि इसे 'चीन-विरोधी' कदम के रूप में देखना अतिशयोक्ति होगी। अधिक उचित यह कहना होगा कि भारत बहुध्रुवीय आपूर्ति तंत्र की ओर बढ़ रहा है। पाकिस्तान जैसे देशों पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित होगा, पर क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन में भारत की स्थिति मजबूत होगी। वर्तमान संदर्भ में यह करार भारत की औद्योगिक नीति को गति दे सकता है, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन, अक्षय ऊर्जा, रक्षा निर्माण और डिजिटल अवसंरचना में। भविष्य में यदि दोनों देश संयुक्त निवेश कोष, अनुसंधान केंद्र और विनिर्माण इकाइयां स्थापित करते हैं, तो यह साझेदारी 20 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य से कहीं आगे जा सकती है।

अंततः, भारत–ब्राजील समझौता केवल खनिजों का सौदा नहीं, बल्कि रणनीतिक आत्मनिर्भरता और ग्लोबल साउथ की साझी आकांक्षाओं का प्रतीक है।

### प्रसंगवश

## हरियाणा में महिला सुरक्षा में दर्ज हुआ सुधार

कभी कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा के कारण आलोचना झेल चुका हरियाणा आज महिला सुरक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बनकर उभर रहा है। वर्ष 2025 में राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में वर्ष 2024 की तुलना में 16.26 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक प्रतिबद्धता, प्रभावी पुलिसिंग और सामाजिक जागरूकता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

सीसीटीएनएस के तुलनात्मक विश्लेषण के अनुसार गंभीर अपराधों में भी कमी दर्ज की गई है। दुष्कर्म के मामलों में लगभग 25 प्रतिशत, दुष्कर्म के प्रयास के मामलों में 33 प्रतिशत, छेड़छाड़ के मामलों में करीब 16 प्रतिशत, पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों में लगभग 10 प्रतिशत, अपहरण व किडनैपिंग के मामलों में 17 प्रतिशत से अधिक तथा दहेज मृत्यु जैसे संवेदनशील अपराधों में 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि महिला सुरक्षा को लेकर अपनाई गई रणनीतियां प्रभावी रही हैं और अपराधियों में कानून का भय स्थापित हुआ है।



धनीश शर्मा
लेखक

महिला विरुद्ध अपराधों के निपटारे के स्तर पर भी पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली सुदृढ़ रही है। वर्ष 2025 में महिला विरुद्ध अपराधों की वर्कआउट दर लगभग 98 प्रतिशत दर्ज की गई, जो यह दर्शाती है कि मामलों की जांच और कार्रवाई में तेजी लाई गई है। तकनीकी संसाधनों का उपयोग, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक प्रक्रिया और समयबद्ध चार्जशीट दाखिल करने से न्याय प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनी है। इससे पीड़ित महिलाओं में विश्वास बढ़ा है कि उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा।


हरियाणा में महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हॉटस्पॉट आधारित विशेष अभियान चलाए गए। छेड़छाड़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां सिविल ड्रेस में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैंडों, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाई गई। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन अभियानों का सकारात्मक प्रभाव यह रहा कि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की उपस्थिति और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हुई है।

तकनीक के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। हरियाणा पुलिस द्वारा 'ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम' की शुरुआत एक अभिनव कदम है। इसके माध्यम से अकेले यात्रा करने वाली महिलाएं 'हरियाणा 112' पर स्वयं को पंजीकृत कर सकती हैं और गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने की निगरानी प्राप्त कर सकती हैं। यह व्यवस्था विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराना इस प्रणाली की बड़ी विशेषता है।

महिला पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता को और सशक्त किया गया है। प्रशिक्षण में महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, पीड़ितों से संवेदनशील संवाद, परामर्श प्रक्रिया और फीडबैक आधारित पुलिसिंग पर जोर दिया गया। इससे पुलिस और आम जनता के बीच भरोसे का संबंध मजबूत हुआ है। पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित वातावरण में अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है, जो न्याय प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## भारत-बांग्लादेश के बीच सुधरने लगे रिश्ते





नवीन गुप्ता
बरेली

बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली के साथ ही भारत से रिश्ते सुधरने लगे हैं। नई सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सर्विस बहाली की घोषणा करके इसके संकेत दे दिए हैं।

बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली के साथ ही भारत से रिश्ते सुधरने लगे हैं। नई सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सर्विस बहाली की घोषणा करके इसके संकेत दे दिए हैं। इसके साथ ही अगरतला से ढाका और कोलकाता मैत्री बस सेवा शुरू करने की पहल भी इसी बात का संकेत है। बांग्लादेश का यह फैसला न सिर्फ पाकिस्तान को परेशान करने वाला है, बल्कि चीन को भी परेशान करने वाला है, क्योंकि चीन और पाकिस्तान को यह लग रहा था कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी अपने पुराने रुख पर कायम रहेगी और भारत से दूरी बनाकर रखेगी, लेकिन प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने इस फैसले के साथ ही यह बता दिया कि उनका देश अब सभी फैसले खुद करेगा। उसकी विदेशी नीति किसी दूसरे देश के इशारे पर संचालित नहीं होगी। इस फैसले को भारत से रिश्ते सुधारने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, हालांकि अब भारत पर शेख हसीना को लेकर दबाव बनेगा। नई सरकार चाहेगी की भारत सरकार शेख हसीना को उन्हें सौंपे।

बांग्लादेश में 2024 में हुए आंदोलन में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता गंवानी पड़ी थी। वह किसी तरह जान बचाकर भारत पहुंचीं और यहीं पर शरण लिए हुए हैं। आवामी लीग की मुखिया शेख हसीना और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की मुखिया पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बीच कट्टर दुश्मनी रही है। बांग्लादेश की सत्ता इन्हीं दोनों महिला नेताओं के आसपास घूमती रही है। शेख हसीना के शासनकाल में ही खालिदा जिया को जेल जाना पड़ा और देहांत से कुछ माह पहले ही वह जेल से बाहर आईं थीं। तारिक रहमान को भी इसी लिए देश छोड़ना पड़ा था।

शेख हसीना की सरकार में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऊंचाईयों पर रहे, लेकिन खालिदा जिया की सरकार में भारत के विरुद्ध खूब साजिशें हुईं। पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन वहां सक्रिय हुए, तो चीन ने भी वहां पांव पसारा। यहां तक कि बांग्लादेश में आईएसआई ने कई आतंकी संगठन खड़े किए, जिन्होंने भारत के विरुद्ध साजिशें रचीं और कई हमलों को अंजाम भी दिया। शेख हसीना ने इस पर रोक लगाया। ऐसे में शेख हसीना के विरुद्ध शुरू हुए आंदोलन को पाकिस्तान और चीन ने बैकडोर से हवा दी और जब शेख हसीना ने देश छोड़ा तो अपना प्रभाव वहां जमा लिया।

यहां तक कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने तो भारत के चिकन नेक को तोड़ने तक की धमकी दिलवा दी। चिकन नेक तक चीन व पाकिस्तान के अधिकारियों को दौरे भी कराए। भारत विरोधी गतिविधियों के कारण ही दोनों देशों की ओर से वीजा सेवाएं बंद हुईं और बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने सुरक्षा को खतरा बताकर भारत में टी20 विश्वकप खेलने से मना कर दिया। इससे रिश्ते और बिगड़े। यही वजह थी कि पाकिस्तान और चीन को लग रहा था कि नई सरकार के मुखिया भारत के प्रति उसी रुख को अपनाएंगे जो उनकी मां बेगम खालिदा जिया अपनातीं रही हैं, लेकिन तारिक रहमान ने बता दिया है कि उनका अपना एजेंडा होगा और उसी के तहत भारत से रिश्ते सुधारेंगे।

उन्होंने शपथ ग्रहण में पीएम नरेंद्र मोदी को बतौर मेहमान न्योता दिया पर एआई इंपैक्ट समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ बैठक पहले से ही निर्धारित होने की वजह से पीएम मोदी वहां नहीं जा सके। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला को भेजकर रिश्ते को बहाल करने के संकेत दिए। साथ ही तारिक रहमान को भारत आने का न्योता भी दे दिया। तारिक रहमान के आदेश पर ही अब वीजा सर्विस को बहाल करने का निर्णय लिया और बांग्लादेश हाई कमीशन ने शुक्रवार सुबह टूरिस्ट और मेडिकल वीजा समेत सभी वीजा कैटेगरी के लिए अपने कॉन्सुलर ऑपरेशन खोल दिए।

गुवाहाटी में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त रुहुल अमीन ने कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों वाली बराक घाटी से बांग्लादेश के लिए वीजा की काफी मांग होने की बात कही है और यह बताया है कि यहां एक वीजा केंद्र खोला जाएगा। बांग्लादेश वीजा केंद्र कब खुलेगा, इसकी तारीख जल्द तय होगी।

बांग्लादेश सरकार के फैसले के बाद भारत ने भी रुख नरम करने का संकेत देते हुए बांग्लादेशी नागरिकों के लिए भी सभी वीजा सर्विस फिर से शुरू करने की तैयारी की बात कही है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान जल्द ही भारत की यात्रा का एलान कर सकते हैं। इससे पहले भारत-बांग्लादेश के बीच सड़क मार्ग से व्यापार पर लगे प्रतिबंधों में भी ढील मिलने के संकेत मिलने की उम्मीद है। दोनों देशों ने कुछ वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा रखा है।

गौर करने वाली बात यह है कि शेख हसीना की सत्ता से बेदखली में अमेरिका का हाथ माना जा रहा है। ऐसे में नई सरकार पर अमेरिकी दबाव तो लाजिमी है। ट्रेड डील के बाद अमेरिका और भारत के बीच रिश्ते में भी सुधार हुआ है। ऐसे में अब तारिक रहमान की सरकार को भारत से रिश्ते सुधारने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच जैसे-जैसे रिश्ते मजबूत होते जाएंगे, वैसे- वैसे शेख हसीना को सौंपने का दबाव भी भारत पर बढ़ेगा।

यह भारत को तय करना है कि वह शेख हसीना को किस तरीके से बांग्लादेश वापस भेजता है। उन्हें मिली सजा को माफ कराता है या फिर बिना किसी शर्त के सौंप देता है, हालांकि नई सरकार ने यह संकेत दिया है कि वह भारत से संबंध बहाली में शेख हसीना के मुद्दे का आड़े नहीं आने देगा, लेकिन जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों की संसद में बढ़ी ताकत के बाद प्रधानमंत्री तारिक रहमान के लिए इस मुद्दे को भूल जाना आसान नहीं होगा। कट्टरपंथी ताकतें अभी से ही कई मुद्दों पर सरकार पर दबाव बना रहीं हैं और आंदोलन की चेतावनी भी दे रही हैं।

### आमने सामने



सभी को वह बिहार याद है, जिसे 'जंगलराज' कहा जाता था? उस समय के 'राजा' को बिहार रूपी हस्तिनापुर की चिंता नहीं थी। उन्हें केवल अपने 'दुर्योधन' की फिक्र थी। महाभारत में जैसे युधिष्ठिर के शासन में शांति स्थापित हुई, उसी तरह नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास और शिक्षा के रास्ते पर आगे बढ़ा।
–मैथिली ठाकुर
बीजेपी विधायक

उनके पास ज्ञान की कमी है। कम उम्र में अगर उपलब्धि मिल जाती है, तो इंसान ऐसे ही बोलता है, इसलिए पढ़े-लिखे लोगों की जरूरत है, जिनको देश-दुनिया की जानकारी है। उनको यह पद मिलना चाहिए। ऐसे शब्द का इस्तेमाल उनको नहीं करना चाहिए।
–खेसारी लाल यादव
भोजपुरी कलाकार



## वैश्विक बाजार और भारत में गोल्ड की सच्चाई



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हल्की नरमी और डॉलर में मजबूती से सोने की कीमतों में गिरावट है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि यह गिरावट आगे और तेज हो सकती है?

पिछले कुछ महीनों से सोने की कीमतें निवेशकों, परिवारों और बाजार विशेषज्ञों के बीच चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई हैं। एक समय जब भारत में सोना लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा था, वहीं हाल के दिनों में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इसी बीच यह चर्चा भी तेज हुई है कि क्या सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर सकता है और क्या रूस द्वारा अमेरिका को दिए गए किसी प्रस्ताव से भारत में सोना सस्ता होने वाला है। इन सवालों का जवाब समझने के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था, भू-राजनीतिक घटनाओं और कमोडिटी बाजार की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है।

वर्ष 2026 की शुरुआत में सोने की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय तनाव, डॉलर की कमजोरी और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीद के कारण ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थीं। भारत में भी सोने ने ऐतिहासिक ऊंचाई को छुआ, लेकिन फरवरी 2026 तक आते-आते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हल्की नरमी और डॉलर में मजबूती के कारण सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इससे निवेशकों के मन में यह सवाल उठने लगा कि क्या यह गिरावट आगे और तेज हो सकती है।

सोने की कीमत को प्रभावित करने वाले कई बड़े वैश्विक कारक होते हैं। जब दुनिया में युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता या मंदी का डर बढ़ता है, तो निवेशक सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की ओर जाते हैं और कीमतें बढ़ती हैं। इसके विपरीत जब अर्थव्यवस्था मजबूत दिखाई देती है, ब्याज दरें ऊंची रहती हैं और शेयर बाजार बेहतर प्रदर्शन करते हैं, तो सोने की मांग कुछ कम हो जाती है और कीमतों पर दबाव आता है। हाल के महीनों में अमेरिका की अर्थव्यवस्था से जुड़े कुछ मजबूत संकेत और डॉलर में मजबूती ने सोने की कीमतों पर दबाव बनाया है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि रूस का इससे क्या संबंध है? पिछले कुछ वर्षों में रूस ने पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच डॉलर पर निर्भरता कम करने और सोने के भंडार बढ़ाने की नीति अपनाई थी। इससे वैश्विक बाजार में सोने की मांग मजबूत बनी रही, लेकिन हाल के समय में यह चर्चा सामने आई कि यदि रूस अपने भंडार का कुछ हिस्सा बेचता है या अंतरdराष्ट्रीय व्यापार में नई व्यवस्था स्वीकार करता है, तो वैश्विक बाजार में सोने की आपूर्ति बढ़ सकती है, जिससे कीमतों पर दबाव आ सकता है।

यही वह कारण है, जिसके चलते यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि सोना सस्ता हो सकता है, हालांकि यह समझना जरूरी है कि किसी एक देश की नीति से ही सोने की कीमत तय नहीं होतीं। सोने का बाजार पूरी दुनिया से जुड़ा होता है। केंद्रीय बैंकों की खरीद, वैश्विक मुद्रास्फीति, ब्याज दरों का रुख, डॉलर की स्थिति और भू-राजनीतिक तनाव— ये सभी कारक मिलकर सोने की दिशा तय करते हैं, इसलिए केवल रूस की किसी संभावित रणनीति के आधार पर यह कहना कि सोना बहुत तेजी से गिर जाएगा, वास्तविकता से थोड़ा दूर माना जाता है।

भारत के संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण पहलू है- आयात और रुपये की स्थिति। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश सोना आयात करता है। जब अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में गिरावट आती है या रुपया मजबूत होता है, तो भारत में सोना अपेक्षाकृत सस्ता हो सकता है, लेकिन यदि रुपया कमजोर होता है या आयात शुल्क बढ़ता है, तो अंतर्राष्ट्रीय कीमत कम होने के बावजूद भारत में सोना महंगा बना रह सकता है, इसलिए भारत में सोने की कीमत केवल अंतर्राष्ट्रीय बाजार से तय नहीं होती, बल्कि घरेलू आर्थिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह भी सच है कि वैश्विक स्तर पर सोने की मांग अभी भी पूरी तरह कमजोर नहीं हुई है।


कई देशों के केंद्रीय बैंक अभी भी अपने भंडार बढ़ा रहे हैं और दुनिया के कई हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव बना हुआ है। ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, व्यापार युद्ध की आशंका और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता जैसे कारक सोने को अभी भी एक सुरक्षित निवेश बनाए हुए हैं। यही कारण है कि विशेषज्ञों का मानना है कि सोने में गिरावट संभव है, लेकिन बहुत बड़ी और स्थायी गिरावट तभी संभव होगी, जब वैश्विक परिस्थितियां पूरी तरह बदलें।

यदि एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिरावट की संभावना पर विचार करें, तो यह एक संभावित लेकिन दूर का परिदृश्य माना जा सकता है। इसके लिए कई शर्तें एक साथ पूरी होनी होंगी। जैसे- डॉलर की लगातार मजबूती, ब्याज दरों का लंबे समय तक ऊंचा रहना, केंद्रीय बैंकों की खरीद में भारी कमी और वैश्विक अर्थव्यवस्था का स्थिर और मजबूत रहना। वर्तमान परिस्थितियों में इनमें से सभी कारक एक साथ दिखाई नहीं देते, इसलिए निकट भविष्य में इतनी बड़ी गिरावट की संभावना सीमित मानी जा रही है। निवेशकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सोने को केवल कीमत के आधार पर नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक सुरक्षा कवच के रूप में देखा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## अभिनेता के खाने का बिल





आरती सिंह
ब्लॉगर

एक आदमी ने बंबई के एक साधारण रेस्तरां में भरपेट भोजन किया और जब वेटर ने बिल पेश किया तो वह सीधे मैनेजर के पास गया और ईमानदारी से स्वीकार किया कि उसके पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले दो दिनों से कुछ नहीं खाया था और बहुत भूखे थे, इसलिए ऐसा करने के लिए मजबूर हुए।

मैनेजर ने उनकी कहानी धैर्यपूर्वक सुनी, क्योंकि उस आदमी ने वादा किया था कि जिस दिन उसे नौकरी मिलेगी, सबसे पहले वह बिल का भुगतान करेगा। मैनेजर मुस्कुराया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए जाने के लिए कहा। वेटर जो खड़ा होकर नाटक देख रहा था, हैरान था। उन्होंने मैनेजर से सवाल किया 'साब आपने उसे जाने क्यों दिया'। मैनेजर ने उत्तर दिया, 'जाओ और अपना काम करो'।

कुछ महीने बाद वही आदमी रेस्तरां में आया और अपना लंबित बिल चुकाया, जिससे वेटर बहुत निराश हो गया। उस आदमी ने मैनेजर को धन्यवाद दिया और बताया कि उसे एक्टिंग का ऑफर मिला है। मैनेजर ने खुश होकर उसे एक कप चाय की पेशकश की और दोनों के बीच दोस्ती हो गई। अभिनेता जल्द ही एक जाना माना चेहरा बन गए और उन्होंने एक समय में कई फिल्में कीं।

बाद में उनके पास एक बंगला और एक ड्राइवर चालित कार थी। समय बदल गया था, लेकिन जब भी वह उस क्षेत्र से गुजरते थे, तो वह प्रबंधक के साथ एक कप चाय के लिए रेस्तरां में जाने का निश्चय करते थे, जिसने वर्षों पहले अविश्वसनीय सहानुभूति दिखाई थी।

आस्था कभी-कभी चमत्कार कर देती है। अगर मैनेजर ने उस दिन भूखे आदमी को पीटा होता और अपमानित किया होता तो शायद इंडस्ट्री को ओमप्रकाश नाम के प्रतिभाशाली और नैसर्गिक अभिनेता नहीं मिलते।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## बच्चों के दिमाग में आतंक भरते वीडियो गेम

अमेरिकी दैनिक न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के अनुसार माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो खेल किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का मानवता विरोधी काम कर रहे हैं। आपके लाडले को यदि मोबाइल पर गेम खेलने की लत लग गई है, तो होशियार हो जाइए। इस सच्चाई को उजागर करने का काम यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी ने किया है। इसके अनुसार यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 प्रतिशत आरोपी नाबालिग हैं। 2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना अधिक है।

नीदरलैंड के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर काउंटर-टेररिज्म के अनुसार यूरोप में 20 से 30 प्रतिशत आतंकवाद विरोधी गतिविधियों में हुई जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल पाए गए हैं। अनेक ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए कट्टरपंथी संगठन तेजी से किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का खेल खेल रहे हैं। इस सच्चाई का खुलासा संयुक्त राष्ट्र भी कर चुका है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

पूरी दुनिया में इस समय डिजिटल खेलों का कारोबार बढ़ रहा है। इस कारण दुनिया इनके निर्माण और निर्यात में दिलचस्पी ले रही है। नतीजतन इसका रूप दैत्याकार होता जा रहा है। ये सभी खेल भारत समेत लगभग सभी देशों में उपलब्ध हैं। भारत से संचालित होने वाली खेल कंपनियों में चीन सहित कई देशों की कंपनियों की पूंजी लगी हुई है। इन खेलों के अमेरिका, चीन, भारत, ब्राजील और स्पेन बड़े खिलाड़ी हैं।

हाल ही में गजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों द्वारा नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। इन बहनों ने ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेलने की लत लग गई थी। इसी आत्मघाती खेल को खेलते हुए इन बहनों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली थी। इस घटना से साफ होता है कि ये खेल कितने खतरनाक हैं।

कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन ने दुनियाभर के विद्यार्थियों की मुट्ठी में एनरॉयड मोबाइल जरूरी कर दिया था। अब मनोविज्ञनी और समाजशास्त्री इसके बढ़ते चलन पर निरंतर चिंता प्रकट कर रहे हैं। माता-पिता बच्चों में खेल देखने की बढ़ती लत और उनके स्वभाव में आते परिवर्तन से चिंतित व परेशान हैं। अब ऐसे वीडियो खेल भी आभासी दुनिया के लिए बनाए जाने लगे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड के चर्च और मस्जिदों पर हुए हमलों को भी खेलों का हिस्सा बनाया जा रहा है। ये उपाय बच्चों को धार्मिक कट्टरपंथी बनाए जाने की दृष्टि से किए जा रहे हैं।

किशोर और युवाओं को लुभाने के लिए एक्टिव क्लब्स नाम के समूह बनाए जा रहे हैं। ये ऐसे समूह हैं, जो खेलते हुए नस्लीय युद्ध की तैयारी में जुट जाते हैं और नस्लीय भावना से लड़ते दिखाई देते हैं। 27 देशों में फैले इन क्लबों द्वारा 15 से 17 साल के नादान किशोरों को लक्षित किया जा रहा है। इन्हें देखते हुए किशोर अपनी गोरी या काली पहचान से जुड़कर नस्लवादी मानसिकता की गिरफ्त में आकर आतंकी बनने की दिशा में अनायास मुड़ जाते हैं। ऑनलाइन खेल आंतरिक श्रेणी में आते हैं, जो भौतिक रूप से मोबाइल पर एक ही किशोर खेलता है, लेकिन इनके समूह बनाकर इन्हें बहुगुणित कर लिया जाता है। ब्लू व्हेल, पब्जी, माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे खेल उत्सुकता और जुनून का ऐसा मायाजाल रचते हैं कि मासूम बालक के दिमाग की परत पर नकारात्मकता की पृष्ठभूमि रच देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बचपन का सपना बॉक्स ऑफिस पर धमाल



गुजरात के एक बिल्डर भूपति साखिया के घर में पैदा हुए अंकित को बचपन से ही यह शौक पैदा हुआ कि बड़ा होकर फिल्म बनाऊंगा। घर वालों ने इस शौक का विरोध नहीं किया, लेकिन उसके सामने यह शर्त रखी कि अपनी शिक्षा पूरी करो, फिर जो चाहो करो। पिता चाहते थे कि बेटा इंजीनियर बने। अंकित ने पिता की इच्छा का सम्मान करते हुए पढ़ाई की और समय के साथ वह सिविल इंजीनियर बन गया।

*-शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ*



## पूरा हुआ बचपन का सपना

कहानी तैयार हो गई। सभी दोस्तों ने पैसा जुटाया। एक दोस्त के फार्म हाउस पर शूटिंग शुरू हुई। अपनी कोशिशों से अच्छा कैमरामैन जुटाया। कुछ बाहर की लोकेशन भी देखीं। रास्ता धीरे-धीरे मंजिल की तरफ बढ़ चला। फिल्म लालो शूट हो गई। लालो यानी लड्डू गोपाल। 50 लाख रुपये खर्च हो गए थे। सपना बगैर धुली रील में बंद था। रील धुलवाकर सपने का सच देखना था। फिर से पैसा जुटाने की कोशिशें शुरू हुईं। सभी दोस्तों ने पैसा जुटाया। कहीं से लोन नहीं लिया। 60 लाख रुपये और खर्च हुए। एक करोड़ 10 लाख रुपये का जुआ खेलने के बाद 600 सिनेमाघरों में एक साथ अपने सपनों की फिल्म लालो रिलीज कर दी। रिलीज होते ही फिल्म ने कमाल कर दिया। 9 जनवरी 2026 को रिलीज हुई फिल्म ने 14 जनवरी तक 120 करोड़ रुपये कमा लिए। बचपन का सपना इस तरह से पूरा होगा अंकित ने सोचा नहीं था। बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद सभी दोस्त मथुरा में कृष्ण जी का शुक्रिया अदा करने गए। वहां से वापसी में लखनऊ आए।

## अंकित की जुबानी



उत्साह से भरे अंकित साखिया बताते हैं कि जिंदगी की कोई भी कोशिश बेकार नहीं जाती है। पिताजी ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई थी ताकि उनके बिल्डर के बिजनेस में इजाफा हो जाए, लेकिन मैंने फिल्मों का रुख किया तो यहां भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई काम आई। इंजीनियरिंग में सीखा मेजरमेंट फिल्मों में काम आया। जुगाड़ की तकनीक इंजीनियरिंग से सीखी। इसके अलावा सामने वाले को समझने की कोशिश और सभी को सुनने की आदत ने सफलता दिलाने में मदद की। अंकित से जब यह पूछा कि अपना सपना पूरा करने के लिए एक करोड़ 10 लाख रुपये का जुआ खेला था, अगर फिल्म फ्लाप हो जाती तो सपने का क्या होता। वो बोले कि फिल्म फेल हो जाती तो दूसरी फिल्म बनाता, दूसरी फेल हो जाती तो तीसरी बनाता, यह तो जर्नी है, रास्ता तो रिस्क वाला ही है, पैसा कमाना तो मकसद था भी नहीं, अब पैसा कमा लिया है, तो लगता है कि हमने कृष्ण को नहीं चुना, कृष्ण ने ही हमें इस काम के लिए चुना था। उत्साह से भरे अंकित बताते हैं कि फिल्म में आपको सौराष्ट्र दिखेगा, खूबसूरत लोकेशन और खूबसूरत सोच दिखेगी। सफलता मिली है, तो शांत रहने का फन सीख रहा हूं, जो हासिल हुआ है, उसे मेहनत का प्रसाद मान रहा हूं। पहचान बढ़ी है, तो इसमें बढ़ी हुई जिम्मेदारी भी देख पा रहा हूं। मैं पैसे वाले घर में पैदा हुआ हूं, लेकिन अपने शौक के पैसे खुद कमाए हैं। अपनी जरूरतों के लिए प्री वेडिंग शूट से शुरुआत की थी। लोगों की शादियों के वीडियो बनाए थे। फिल्म को सफलता मिली है, तो यह एक टीम की सफलता है। टीम को जोड़े रखना है और आगे बढ़ते जाना है।

## फिल्म बनाने पर हुआ मंथन




अंकित सिविल इंजीनियर बन तो गए,लेकिन उसके बाद बचपन की दबी इच्छा ने फिर जोर मारा। उसने कुछ शार्ट फिल्म बनाईं। वेब सीरीज पहला गुलजार का निर्देशन किया, लेकिन सपना तो फिल्म बनाने का था। जैसी सोच वैसे साथी। समय के साथ कारवां बनना शुरू हुआ। धीरे-धीरे 15 लड़के एक जैसी सोच के मिल गए। सभी फिल्म बनाना चाहते थे। फिल्म में क्या बनेगा यह किसी ने नहीं सोचा। सिर्फ यह दिमाग में रखा कि कुछ अलग बनाएंगे। सभी दोस्त साथ में बैठे। विषय पर खूब दिमाग लगाया। सोचा ऐसी फिल्म बनाएं, जिसमें भगवान आम आदमी जैसा नजर आए। श्रीमद्भागवत पढ़ी। कृष्ण का किरदार एक हीरो जैसा किरदार लगा। फिर कहानी पर काम शुरू हुआ। कहानी ऐसी, जिसमें किसी भी मेहनतकश इंसान की मदद भगवान आम आदमी के रूप करता है। भगवान आता है, समझाता है, रास्ता दिखाता है, डांटता है, तारीफ करता है, उत्साह बढ़ाता है और सफलता के रास्ते पर ले जाता है।

---

**ओटीटी**

## बैशन 36

फ्रेंच पुलिस एक्शन ड्रामा फिल्म बैशन 36 के इस इंग्लिश रूपांतर को मैंने हिंदी डब्ड वर्जन में देखा है। यह मिशेल टॉर्चर द्वारा 2013 में लिखे नॉवेल "फ्लिक्स रिक्वियम" पर आधारित है। यह सच्ची कहानी नहीं है, पर इसमें जो परिस्थितियां दिखाई गई हैं, वो किसी भी पुलिस व्यवस्था में, किसी भी देश में संभव हैं। फिल्म मुख्यत: एक बहुत ही काबिल और लोकप्रिय पुलिस इंस्पेक्टर एंटोइन सेरडा (विक्टर वेलमोंडो) के जीवन की घटनाओं पर केंद्रित है, जिसे अपने प्राइवेट (परंतु गैर कानूनी) फाइट के शौक और उसके कारण एक भारी मारपीट की घटना के लिए अपने महत्वपूर्ण "गैंगवार विभाग" से निकालकर दूसरे सामान्य पुलिसिंग विभाग में स्थानांतरित कर दिया जाता है। परंतु इसके बाद उसके विभाग में बहुत हलचल मचा देने वाली असामान्य घटनाएं होती हैं। उसके दोस्त मारे जाते हैं और एक गायब भी हो जाता है। किसी खतरनाक गैंग पर शक होता है, परंतु सेरेडा को इस मामले में न पड़ने की कई बार हिदायत के बावजूद वह नहीं मानता और उसे सस्पेंड कर दिया जाता है। अब वह अकेले ही इसकी खोजबीन में लग जाता है। इसके आगे आप फिल्म में देखिए।




वह कितना सफल होता है और किन परिस्थितियों में पुलिस विभाग और उसके साथी कैसे-कैसे अनपेक्षित निर्णय और कदम उठाते हैं, यह ही फिल्म की विशेषता है। अपने देश में भी अक्सर ऐसा होता है, जब बहुचर्चित पेचीदा केस हल तो हो जाते हैं, परंतु दंडित अपराधियों और खोजबीन के परिणामों पर रहस्य बना रहता है। जैसे प्रसिद्ध निठारी हत्याकांड या एक डॉक्टर की बेटी की हत्या जो दिल्ली में हुई थी। पश्चिमी लेखकों के दिल ओ दिमाग से "सिग्मंड फ्राइड" की थ्योरी का भूत उतरता ही नहीं कि हर वयस्क व्यक्ति अपने बचपन, माता-पिता और पालन-पोषण का बोझ लिए रहता है और उसका व्यक्तित्व उन्हीं का परिणाम होता है। सेरेडा अपने बददिमाग बाप और डोमेस्टिक वायलेंस के प्रभाव के कारण प्रायवेट फाइट्स लड़ता है, जो उसके करियर को खराब कर देती है। मैं इससे इस हद तक सहमत नहीं हूं और कम से कम यह भारत में तो संभव नहीं हैं और इसके कारण भी हैं।

खैर, घटनाएं तेजी से घटती हैं , पुलिस एक्शन वास्तविक लगता है, रेडीमेड पार्श्व संगीत भी अच्छा लगता है, तेजगति कार चेज को बिल्कुल अलग धुनों पर चलाया गया है, शायद फ्रांसीसी लोगों का प्रयोग है, लेकिन अच्छा है। ऐसी फिल्मों में अदाकारी घटनाओं के दृष्यांकन की उत्कृष्टता के पीछे छिपी रह जाती है। मुख्य चरित्रों ने अच्छा काम किया है, जिससे उनके चरित्र विश्वसनीय बने हैं। अंत कुछ सीमा तक ओपन है, पर संभावनाएं स्वीकारने योग्य हैं। एक दो गाली और एडल्ट दृश्य भी हैं। Imdb रेटिंग सामान्य होने के बावजूद यह फिल्म देखने लायक है। मुझे तो अच्छी लगी। स्पॉयलर न हो जाए इसलिए कई लिखने लायक बातें छोड़नी पड़ी है।

**समीक्षक-ब्रज राज नारायण सक्सेना**

---

# गहरे संदेश देती कंजक

हिंदुओं के लिए नवरात्रि सिर्फ त्योहार नहीं, एक गहरी भावना है, जो हमारी संस्कृति में बसी हुई है। साल में दो बार मनाया जाने वाला यह त्योहार अष्टमी या नवमी पर कंजक या कन्या पूजन के साथ खत्म होता है। इस दिन घर में नौ छोटी लड़कियों और एक लड़के (जिसे अक्सर लोंकड़ा या लंगूर कहते हैं) को बुलाया जाता है और उन्हें मां दुर्गा का जीवंत रूप मानकर पूजा जाता है। उन्हें पूड़ी, हलवा और चना खिलाया जाता है, उपहार दिए जाते हैं और उनके पैर छुए जाते हैं। यह रस्म शुद्धता, भक्ति और स्त्री शक्ति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार




नवरात्रि में होने वाली कंजक रस्म बहुत पवित्र और प्यारी है, लेकिन इसमें कुछ सामाजिक बारीकियां और रोजमर्रा की मुश्किलें भी छिपी हैं। इन्हीं बातों को बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है फिल्म 'कंजकः द गर्ल विदाउट अ नेम' में। यह फिल्म सच्चिदानंद जोशी की कहानी पर आधारित है। राहुल यादव ने इसे बहुत संवेदनशीलता से निर्देशित किया है। यह हाल ही में रिलीज हुई एक छोटी, लेकिन गहरी छाप छोड़ने वाली कहानी है, जो दिल्ली के एक मध्यमवर्गीय घर में दुर्गा पूजा के दौरान घटित होती है।

**पूजा से पहले का हंगामा-** कहानी की मुख्य किरदार हैं एक सम्मानित और धार्मिक महिला, जिन्हें सब प्यार से 'आंटी' कहते हैं। मालविका जोशी ने इस रोल को बहुत शिद्दत से निभाया है। आंटी कन्या पूजन की हर छोटी-बड़ी तैयारी पूरी लगन से कर रही हैं, लेकिन सुबह होते ही सब उल्टा-पुल्टा हो जाता है। घर की मदद करने वाली मीना नहीं आती। प्लेटें, चढ़ावा, यहां तक कि पूजा की दरी भी गायब हो जाती है। घर वाले बेचैन और चिढ़े हुए हैं। आंटी की घबराहट बढ़ती जाती है। उनकी यह परेशानी एक गहरी सच्चाई दिखाती है। औरतों पर ही अक्सर संस्कृति और धर्म की रस्मों को पूरी तरह निभाने का बोझ पड़ता है। रस्म की पवित्रता खतरे में लगती है और घर का माहौल तनाव से भर जाता है। फिल्म इन घरेलू बातों को बहुत सच्चाई से दिखाती है। छोटी-छोटी चिढ़, पीढ़ियों का फर्क और नीचे-नीचे छिपी भक्ति बिना ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर, जो शुरू में घरेलू हंगामे जैसी हल्की-फुल्की कॉमेडी लगती है, वो धीरे-धीरे बहुत गहरी सोच वाली बात बन जाती है।

### अचानक आई वो रहस्यमयी दीदी

फिल्म में जब तनाव चरम पर पहुंचता है, तभी एक युवती जिसे सिर्फ 'दीदी' कहा जाता है, अचानक आ पहुंचती है और ठीक नौ लड़कियों के साथ। उसका आना ऐसा लगता है, जैसे भगवान ने खुद भेजा हो। वो शांत और आत्मविश्वास से भरी हुई है। वो गायब चीजें ढूंढ निकालती है, सबको बैठाती है, बच्चों से प्यार से बात करती है और आंटी को ढाढ़स बंधाती है। एक पल में सब बदल जाता है। घर जो तनाव से भरा था, अब गर्मजोशी और सुखद माहौल से भर जाता है। लड़कियां हंसती-खेलती हैं, गाती हैं और पूजा में खुशी-खुशी हिस्सा लेती हैं। दीदी की शांत कार्यक्षमता और संयम से रस्म सिर्फ रस्म नहीं रह जाती, बल्कि सच्ची भक्ति और एकता का रूप ले लेती है। ये लड़की (सवलीन कौर) घर की मालकिन आंटी से बात करते हुए एक कड़वी सच्चाई कह देती है। हमने अपनी नदियों को बहुत गंदा कर दिया है। उसकी बात उत्सव की खुशी में चुभ जाती है। खासकर दिल्ली में, जहां कंजक के बाद लोग यमुना किनारे जाकर बचे-खुचे प्रसाद को बहा देते हैं और यही नदी को और गंदा करते हैं। यह पल हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या बिना जिम्मेदारी वाली रस्म सच में भगवान की इज्जत करती है?

### एक आध्यात्मिक मोड़

पूजा खत्म होने पर माहौल गंभीर हो जाता है। कबीर का भजन धीरे-धीरे बजता है: 'मोको कहां ढूंढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में।' यह भजन फिल्म के मुख्य संदेश को रेखांकित करता है। बिना ज्यादा खुलासा किए, कहानी में दीदी की असलियत का एक दमदार ट्विस्ट लाता है। यह ट्विस्ट कहानी को घरेलू सच्चाई से आध्यात्मिक प्रतीक तक ले जाता है। यह बताता है कि भगवान सिर्फ बड़ी-बड़ी रस्मों या दूर की मूर्तियों में नहीं, बल्कि इंसानी रिश्तों, दया और सच्ची श्रद्धा में बसता है। 'बिना नाम वाली लड़की' एक प्रतीक बन जाती है, उस पवित्रता की, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। क्लाइमेक्स ड्रामेटिक नहीं, बल्कि सोचने वाला है। फिल्म खत्म होने के बाद भी दिमाग में घूमती रहती है।

### रस्म से परे भक्ति

सच्चिदानंद जोशी की कहानी सामाजिक टिप्पणी के लिए जानी जाती है और फिल्म ने उसे अच्छे से अपनाया है। यह समावेशिता, औरतों की संस्कृति बचाने की भूमिका और जाति-वर्ग-धर्म की दीवारों को तोड़ने की बात करती है। यह सवाल उठाती है कि क्या सिर्फ यांत्रिक रस्में करने से भक्ति बची रहती है या असली भक्ति तो सहानुभूति और खुले दिल में है। राहुल यादव का निर्देशन हास्य, कोमलता और दर्शन के बीच संतुलन बनाए रखता है। गति तेज है, एक्टिंग स्वाभाविक है और कहानी बिना बनावट के है। मालविका जोशी ने आंटी के घबराहट से आश्चर्य तक के सफर को खूबसूरती से निभाया है। बच्चे भी बहुत सहज और मासूम लगते हैं। 'कंजक: द गर्ल विदाउट अ नेम' सिर्फ त्योहार वाली शॉर्ट फिल्म नहीं है। यह एक कोमल याद दिलाती है कि सच्ची भक्ति कठोर रस्मों में नहीं, बल्कि इंसानियत में है। आजकल जब त्योहार दिखावा बन जाते हैं, यह फिल्म हमें भक्ति का असली मतलब फिर से याद दिलाती है। यह हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम भगवान को कहां ढूंढते हैं? शायद वो दूर नहीं, हमारे बगल में ही हैं, बिना नाम का, अनदेखा, लेकिन बहुत असली। अपने शांत और सादे अंदाज में यह फिल्म भारतीय परंपरा, सामाजिक सोच और सार्थक कहानी का बेहतरीन मिश्रण है, जो भारतीय संस्कृति, सामाजिक मुद्दों और अच्छी कहानी पसंद करते हैं, उनके लिए यह फिल्म जरूर देखने लायक है। दिल को छूने वाली और लंबे समय तक याद रहने वाली।

---

**जिंदगी का सफर**

# हर फिल्म में 'प्राण' डालने वाले प्राण



अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के चुनिंदा दमदार कलाकारों में होती है। प्राण कृष्ण सिकंद यानी प्राण की पहचान हिंदी फिल्म जगत के सबसे खूंखार विलेन के तौर पर की जाती है। प्राण का जन्म 12 फरवरी 1920 को हुआ। उनके पिता सिविल इंजीनियर थे। युवा अवस्था में फोटोग्राफी सीख रहे प्राण ने विभाजन से पहले कुछ पंजाबी और हिंदी फिल्मों में बतौर लीड एक्टर काम किया। विभाजन के बाद वे हिंदुस्तान आ गए और यहां उन्हें फिल्मों में बतौर विलेन पहचान मिली। 1950 से 1980 के दशक तक वे इंडस्ट्री के सबसे खतरनाक विलेन के रूप में मशहूर रहे। 2013 में मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल में सांस लेने की समस्या के कारण 93 साल की आयु में निधन हो गया।



प्राण के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की दास्तान किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। प्राण अक्सर लाहौर में एक पान की दुकान पर जाया करते थे। उसी पान की दुकान पर मशहूर फिल्म राइटर वली मोहम्मद भी पान खाने जाते थे। जब वली मोहम्मद फिल्म यमला जट बना रहे थे, तो उसमें उन्हें खलनायक के रोल के लिए किसी नए चेहरे की तलाश थी। वली मोहम्मद की नजर जब प्राण पर पड़ी तो उन्होंने प्राण को मिलने के लिए बुलाया। अभिनेता प्राण ने वली मोहम्मद की बात को कोई तवज्जों नहीं दी। जब दोबारा दोनों की मुलाकात हुई, तो वली ने प्राण को फिल्म में काम करने के लिए तैयार कर लिया। इसके बाद प्राण ने फिल्म यमला जट में काम किया। इस फिल्म में अभिनय करने के बाद फिर कभी प्राण ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्राण ने राम और श्याम, मिलन, जंजीर और डॉन जैसी एक से बढ़कर एक बहुत सी शानदार फिल्मों में काम किया। अभिनय का जौहर दिखा चुके अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के महानतम कलाकारों में की जाती है। प्राण ने जिंदगीभर वली मोहम्मद को अपना गुरू माना। प्राण ने अपने शानदार काम की बदौलत कई बार फिल्म फेयर का पुरुस्कार जीता। इसके साथ ही सन् 2000 में स्टारडस्ट ने विलेन ऑफ द मिलेनियम के खिताब से नवाजा गया। 2001 में भारत सरकार ने पद्मभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा 2013 में प्राण को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड दिया गया। वो आज भी अपने जबरदस्त एक्टिंग के कारण हम सबके दिलों में जिंदा हैं।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 23 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### चांदी-सोने की कीमतों में अगले सप्ताह बढ़ोतरी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक शुल्क बढ़ाने के फैसले और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बाद नए सिरे से व्यापार तनाव के बीच निवेशकों ने सुरक्षित-संपत्ति में सुरक्षा की मांग की है, जिससे अगले सप्ताह चांदी और सोने में तेजी आने की उम्मीद है।

## बिजनेस ब्रीफ

### बिजली की खपत बढ़ने से कोयले की मांग में तेजी आने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** देश में कोयले की मांग में आने वाले दिनों में बिजली की खपत बढ़ने के साथ तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में अब तक कोयले की मांग कमजोर बनी हुई है। 'एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर में लगातार महीनों की नकारात्मक वृद्धि के बाद, दिसंबर में बिजली की मांग में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत सुधार हुआ है। वर्मा ने कहा, कड़ाके की सर्दी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार से जनवरी में भी बिजली खपत में बढ़ोतरी जारी रही, जिससे यह रफ्तार बनी रही।

### भारतीय डाक के पास 38 करोड़ बचत खातों में 22 लाख करोड़ रुपये

**गुंटूर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को बताया कि भारतीय डाक के पास लगभग 38 करोड़ बचत खाते हैं, जिनमें 22 लाख करोड़ रुपये की धनराशि जमा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय डाक में सुकन्या समृद्धि योजना के 3.8 करोड़ खाते हैं, जिनमें 2.27 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। सुकन्या समृद्धि योजना एक सरकारी बचत योजना है, जो लड़कियों के माता-पिता के लिए बनाई गई है। इसके जरिए वे अपनी बेटी की पढ़ाई और भविष्य के लिए पैसे बचा सकते हैं। ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन में सिंधिया ने बताया कि भारतीय डाक का मेल नेटवर्क तेजी से आधुनिक बनाया जा रहा है।

### ओडिशा में बना आरबीआई का उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की महत्वपूर्ण वित्तीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मुख्य प्रणालियों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से ओडिशा में एक उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर बनाया है। यह केंद्र संभावित सीमापार खतरों और भूकंप जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रणनीतिक रूप से स्थित है। विश्लेषकों और अधिकारियों के अनुसार, भुवनेश्वर में बना यह नया केंद्र केंद्रीय बैंक की मुख्य कंप्यूटर प्रणाली और तकनीकी सुविधाओं के लिए बनाया गया है, जो मुद्रा प्रबंधन, भुगतान-निपटान और नियामकीय डेटा को संभालेंगे।

# अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत में रूस से और घटा तेल का आयात

## भारतीय आयात रणनीति में शुरू हुआ बदलाव, सऊदी अरब से बढ़ी आपूर्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है।

रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया। यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है। जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई।

वैश्विक जिंस आंकड़े विश्लेषक कंपनी 'केपलर' के मुख्य शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, फरवरी में भारत का रूसी कच्चा तेल आयात लगभग 10-12 लाख बीपीडी रहने का अनुमान है, जिसके मार्च में घटकर करीब 8-10 लाख बीपीडी तक आने की संभावना है। वर्ष 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद भारी छूट पर मिलने के कारण भारत ने रूसी तेल की खरीद बड़े पैमाने पर शुरू की थी, लेकिन अब यह आवक बढ़ने के बजाय स्थिर होती दिख रही है। उन्होंने कहा, हालांकि, हम इसे एक अल्पकालिक स्थिरता के रूप में देख रहे हैं, न कि 2025 के मध्य में देखे गए उच्चतम स्तर पर वापसी के रूप में। हमारा अनुमान है कि व्यावसायिक और नीतिगत बाधाओं के कारण, 2024-2025 की तुलना में 2026 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम होकर एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाएगी।

वर्तमान आकलन के अनुसार, अमेरिका और भारत के बीच एक व्यावहारिक समझ बनी है जो भारत को बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात की अनुमति देती है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती।



### सऊदी अरब से आपूर्ति 7 साल के उच्च स्तर पर

जैसे-जैसे रूसी तेल की मात्रा कम हो रही है, पश्चिम एशिया के खाड़ी देश इस कमी को पूरा कर रहे हैं। रितोलिया ने बताया, सऊदी अरब से होने वाली आपूर्ति फरवरी में 10 से 11 लाख बीपीडी तक पहुंचने की उम्मीद है, जो नवंबर, 2019 के बाद का उच्चतम स्तर है। महीने की शुरुआत से अब तक सऊदी अरब से आने वाले तेल का प्रवाह लगभग 14 लाख बीपीडी दर्ज किया गया है। हालांकि, मार्च की शुरुआत में इसमें कुछ नरमी आने की संभावना है। वर्तमान रुझानों के आधार पर, सऊदी अरब फरवरी में भारत के शीर्ष आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है, जिसके बाद रूस और इराक का नंबर आता है।

### एफपीआई ने फरवरी में की 31,815 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 31,815 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की।

सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 16,912 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। डेट में भी उनका निवेश 15,859 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 1,280 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 325 करोड़ रुपये रहा है। दो महीने बाद एफपीआई लिवाल दिख रहे हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार में 29,071 करोड़ रुपये और दिसंबर 2025 में 38,721 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी।

### बीयर उद्योग तीन साल में यूपी में 5,500 करोड़ का निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** बीयर उद्योग अगले तीन साल में उत्तर प्रदेश में नई इकाइयां और सहायक सुविधाएं स्थापित करने पर करीब 5,500 करोड़ का निवेश करेगा। ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने यह घोषणा की है।

बीएआई ने कहा कि बीयर उद्योग उत्तर प्रदेश पर बड़ा दांव लगा रहा है। राज्य सरकार की ओर से घोषित नई आबकारी नीति का स्वागत करते हुए, उद्योग ने इसे प्रगतिशील बताया है। बीएआई ने कहा कि यह उद्योग की वृद्धि के लिए एक बेहद संतुलित रुख को दर्शाता है। बीएआई के महानिदेशक विनोद गिरि ने कहा, बीयर उद्योग और उसकी सहायक इकाइयां अगले तीन साल में राज्य में 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि करीब 1,500 करोड़ रुपये की लागत वाली दो नई ब्रूअरीज पर काम पहले से ही चल रहा है।



- दो हजार करोड़ रुपये के निवेश वाले दो एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र भी पाइपलाइन में

गिरी ने बताया, इसी तरह, 2,000 करोड़ रुपये के निवेश वाले दो बड़े एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र भी पाइपलाइन में हैं, जबकि 2,000 करोड़ रुपये की कुछ ग्लास उत्पादन इकाइयां भी जल्द लगाई जाएंगी।

### महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही वापस लेने का निर्देश

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को वापस लेने का निर्देश दिया है। यह निर्देश कंपनी और उसके वित्तीय ऋणदाता के बीच समझौता होने के बाद आया है।

एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने महागुन (इंडिया) और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप के बीच 12 फरवरी को हुए समझौते को रिकॉर्ड पर लिया। वित्तीय ऋणदाता आईडीबीआई ट्रस्टीशिप ने ही एनसीएलएटी के समक्ष रियल्टी फर्म के खिलाफ जारी दिवाला कार्यवाही को वापस लेने के लिए आवेदन दिया था। एनसीएलएटी ने आदेश में कहा, दोनों पक्षों ने 12 फरवरी, 2026 को एक समझौता किया है। वित्तीय ऋणदाता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। इसे स्वीकार करते हुए, अपीलीय न्यायाधिकरण ने वित्तीय ऋणदाता द्वारा दायर दिवाला याचिका को वापस लिए जाने के कारण खारिज कर दिया।

### गिफ्ट निफ्टी ने कारोबार का नया रिकॉर्ड बनाया

**गांधीनगर।** गिफ्ट निफ्टी ने 20 फरवरी को 23.48 अरब डॉलर के साथ कारोबार का नया रिकॉर्ड कायम किया।

एनएसई अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज (एनएसईआईएक्स) ने बताया है कि 20 फरवरी को गिफ्ट निफ्टी में 4,57,989 अनुबंधों के तहत 23.48 अरब डॉलर (2,13,587 करोड़ रुपये) का कारोबार हुआ जो नया रिकॉर्ड है। गिफ्ट निफ्टी ने अपना दो साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। बताया गया है कि 23 जनवरी 2024 को 22.88 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था। गिफ्ट निफ्टी गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (गिफ्टी आईएफएससी) में एनएसईआईएक्स का मुख्य सूचकांक है।

### बायोगैस मिश्रण पर एक लाख करोड़ रुपये का निवेश संभव

**नई दिल्ली।** इंडियन बायो-गैस एसोसिएशन (आईबीए) ने कहा है कि संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में मिलाई जाने वाली बायोगैस पर प्रस्तावित उत्पाद शुल्क छूट और स्पष्ट नीतिगत दिशा से देश में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में मदद मिल सकती है।

आईबीए ने कहा कि सरकार ने हाल ही में घोषित आम बजट 2026-27 में सीएनजी के साथ मिश्रित संपीडित बायो-गैस (सीबीजी) पर उत्पाद शुल्क में छूट प्रदान की है। यह 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की ओर भारत के ऊर्जा बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा गया है, यदि देश भर में शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क अगले पांच वर्षों में केवल पांच प्रतिशत बायो-गैस मिश्रण का स्तर भी हासिल कर लेते हैं, तो इसके लिए सालाना लगभग 25-30 लाख टन सीबीजी की आवश्यकता होगी।

### एफएमसीजी कंपनियों को अगले वित्त वर्ष में बिक्री मात्रा बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से बढ़ी उम्मीद

देश की रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) का मानना है कि अगले वित्त वर्ष में उनकी वृद्धि मुख्य रूप से बिक्री की मात्रा पर आधारित होगी। कंपनियों का कहना है कि महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से उनके मुनाफे पर दबाव कम होने की उम्मीद है।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इन कंपनियों ने मध्यम से उच्च स्तर की मात्रा वृद्धि दर्ज की। हाल की बैठकों में उद्योग के दिग्गजों ने कहा कि कई महीनों की अस्थिरता के बाद कारोबार का माहौल अब बेहतर हो रहा है। आवश्यक कच्चे माल जैसे खाद्य तेल, गेहूं, नारियल और रसायनों की कीमतें कम हुई हैं। साथ ही जीएसटी दरों में सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि और अच्छी फसल के कारण मांग में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। कई कंपनियों ने पहले ही चालू वित्त वर्ष में मामूली मूल्य वृद्धि की है और अब उनका मानना है कि वृद्धि कीमतों के बजाय बिक्री की मात्रा से होगी।

डाबर इंडिया के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई काफी बढ़ी थी। अब महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है। नारियल तेल, साबुन, रसायन और वनस्पति तेल की कीमतें घट रही हैं।

### हरियाणा सरकार के खातों में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा

**मुंबई।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निजी क्षेत्र के ऋणदाता के साथ हरियाणा सरकार के खातों में अपने कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा की गई 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने शेयर बाजार को बताया है कि उसने बैंकिंग नियामक को मामले की जानकारी देने के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बैंक ने बताया, जांच में पाया गया कि चंडीगढ़ की एक विशेष शाखा में कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खातों में बिना अनुमति और धोखाधड़ी की गतिविधियां कीं, जिसमें अन्य व्यक्ति/इकाइयां भी शामिल हो सकते हैं। बैंक ने कहा कि धोखाधड़ी की राशि 590 करोड़ रुपये अनुमानित है।



# विश्व के नेता एआई के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से प्रभावित : मोदी

## कहा- एआई का उपयोग किस तरह होगा, इस दिशा में निर्णायक मोड़ रही समिट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह शिखर सम्मेलन एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है।

मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के प्रति सतर्क रहने का भी आग्रह किया और सभी से अपील की कि वे बैंकों के केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) के अनुरोधों का पालन करें क्योंकि यह किसी व्यक्ति के बैंक खाते की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में दिल्ली में आयोजित 'एआई समिट' के दौरान देश ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवोन्मेषी और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आए। उन्होंने कहा, आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह समिट निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। मोदी ने कहा कि शिखर सम्मेलन में उन्होंने विश्व के नेताओं को कई चीजें प्रदर्शित कीं, खासकर दो चीजें जिनसे वे बहुत प्रभावित हुए। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में मदद पहुंचा रहा है और कैसे 24 घंटे एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। दूसरा भारतीय संस्कृति से संबंधित उत्पाद था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम अपने प्राचीन ग्रंथों, प्राचीन ज्ञान और पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं और आज की पीढ़ी के अनुरूप उन्हें ढाल रहे हैं।



मन की बात

### नाम रोशन कर रहे हैं भारतीय मूल के खिलाड़ी

मोदी ने कहा कि भारतीय मूल के कई खिलाड़ी अपने-अपने देशों का नाम रोशन कर रहे हैं और यह बात टी20 विश्व कप में साफ तौर पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, कनाडा की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। अमेरिका की टीम में कई चेहरे भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं और अपनी कर्मभूमि यानी जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं।

### अंकपत्र की अहमियत नहीं, खुद पर भरोसा रखिए

मोदी ने विभिन्न परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए भी एक संदेश दिया। छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी योग्यता अंकों से निर्धारित नहीं होती है। उन्होंने कहा, हां, ऐसे समय में मन में थोड़ी शंका आना भी स्वाभाविक है। कभी लगता है, सब याद रहेगा या नहीं रहेगा। कभी लगता है, समय कम तो नहीं पड़ जाएगा न ! ये भाव हर पीढ़ी के बच्चों ने महसूस किए हैं, आप अकेले नहीं हैं। आप याद रखिए, आपकी अहमियत आपके अंक पत्र से तय नहीं होती। इसलिए खुद पर भरोसा रखिए।

मोदी ने कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में विश्व के नेता एआई की इन अभूतपूर्व उपलब्धियों से प्रभावित हुए।इस शिखर सम्मेलन में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन 'मेड इन इंडिया एआई मॉडल' भी पेश किए। यह अपने आप में अब तक का सबसे बड़ा एआई समिट रहा है। डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी जब आपको आपके बैंक से केवाईसी अपडेट या पुनः केवाईसी कराने के संदेश आते हैं तो मन में सवाल उठता है, मैं तो पहले ही केवाईसी करा चुका हूं तो फिर यह क्यों। मेरा आपसे आग्रह है कि झुंझलाइए नहीं, ये आपके पैसे की सुरक्षा के लिए ही है।

### लश्कर-ए-तैयबा के आठ सदस्य गिरफ्तार, इनमें सात बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तीन राज्यों में चलाए गए बड़े आतंकवाद रोधी अभियान के तहत आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मॉड्यूल का पर्दाफाश करके इससे जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें से सात बांग्लादेशी के नागरिक हैं। ये सातों बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और जाली पहचान पत्र बनवा लिए थे।

- दिल्ली पुलिस ने किया देशव्यापी मॉड्यूल के पर्दाफाश का दावा, तीन राज्यों से गिरफ्तारी

ये गिरफ्तारियां पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में समन्वित छापेमारी के बाद हुईं। इसके पहले दिल्ली में कई स्थानों पर मारे जा चुके आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीर दर्शाने वाले आतंकवाद समर्थक पोस्टर लगाने में एक समूह की संलिप्तता का पता लगाया गया था। एसीपी स्पेशल सेल प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि इस मॉड्यूल को बांग्लादेश से शब्बीर अहमद लोन उर्फ राजा उर्फ कश्मीरी द्वारा संचालित किया जा रहा था। शब्बीर जम्मू-कश्मीर का रहने वाला लश्कर-ए-तैयबा का एक प्रशिक्षित आतंकवादी है। इसे पहले 2007 में दिल्ली पुलिस ने एके-47 राइफल और ग्रेनेड समेत हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी से जुड़े एक मामले में शब्बीर को गिरफ्तार किया था।

श्रीनगर का रहने वाला शब्बीर 2018 में तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद बांग्लादेश भाग गया था। इसके बाद से वह आतंकी संगठन से जुड़े और भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के स्लीपर सेल को सक्रिय करके लश्कर के आतंकी नेटवर्क को पुनर्जीवित करने का काम कर रहा था।

#### दिल्ली में बुरहान वानी के पोस्टर मिलने के बाद शुरू हुई जांच

एसीपी के मुताबिक सीआईएसएफ के शिफ्ट प्रभारी ने आठ फरवरी को जनपथ मेट्रो स्टेशन पर चिपकाए गए पाकिस्तान समर्थक और आतंकवाद समर्थक पोस्टर के संबंध में सुप्रीम कोर्ट मेट्रो पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद जांच शुरू हुई। बाद में दिल्ली में अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के पोस्टर मिले। पोस्टरों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मारे गए आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीरें थीं और उन पर 'भारत नरसंहार बंद करो' और 'कश्मीर को आजाद करो' जैसे संदेशों के साथ-साथ उर्दू में 'हम पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान हमारा है' और 'कश्मीरी एकजुटता दिवस' जैसे नारे भी लिखे गए थे।

#### दो की पश्चिम बंगाल और छह की तमिलनाडु से गिरफ्तारी

एसीपी के मुताबिक एक जांच टीम ने दो संदिग्धों का पता कोलकाता के हटियारा गोटे स्थित मझरपारा में लगाया। इसके बाद 15 फरवरी को छापा मारा गया और पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी 31 वर्षीय उमर फारूक और बांग्लादेश के मूल निवासी 31 वर्षीय रोबिउल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया।तमिलनाडु के तिरुप्पुर में 21 फरवरी को एक साथ छापेमारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकी संगठन से जुड़े छह और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान मोहम्मद मिजानुर रहमान (32), मोहम्मद सेफायत हुसैन (34), मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम (40), मोहम्मद लिटन (40), मोहम्मद उज्जल (27) और उमर (32) के रूप में हुई है। ये सभी बांग्लादेश के बोगुरा जिले के मूल निवासी हैं।

### असम इकाई के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा भाजपा में हुए शामिल

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा रविवार को यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। उनके साथ पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता संजू बोरा, राजेश कुमार जोशी, कंगन दास, गगन चंद्र बोरा और विपक्षी दल के कई और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।



बोरा ने 16 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था, जिसे पार्टी आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया था और वरिष्ठ नेता उनके आवास पर पहुंचे थे। राहुल गांधी ने भी उनसे बात की थी। उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए समय मांगा था लेकिन अगले दिन मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा उनके आवास पर गए और घोषणा की कि वह 22 फरवरी को भाजपा में शामिल हो जाएंगे। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मार्च-अप्रैल में चुनाव प्रस्तावित हैं। बोरा ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, मैंने कांग्रेस से यह सोचकर इस्तीफा नहीं दिया था कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। मैंने यह सोचकर इस्तीफा दिया था कि कांग्रेस में हुई गलतियों के बारे में आत्मनिरीक्षण किया जाएगा और मुझे यह उम्मीद थी कि उन्हें सुधारने का वादा किया जाएगा।

### चेन्नई : समुद्र में उतरी महाराष्ट्र की छात्रा की डूबने से मौत, छात्र लापता

**नागपुर।** चेन्नई में समुद्र में उतरने के बाद महाराष्ट्र की एक छात्रा की डूबने से मौत हो गई और एक छात्र लापता हो गया। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि विद्यार्थी किस संस्थान के हैं और यह घटना वास्तव में कहां हुई। यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब 26 विद्यार्थियों का एक समूह समुद्र तट पर गया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, शनिवार को चेन्नई के समुद्र में उतरे तीन विद्यार्थियों में से नागपुर की मयूरी चौधरी की डूबने से मौत हो गई, जबकि जय पाटिल नामक एक छात्र लापता है। लापता छात्र की तलाश के लिए अभियान जारी है। एक अन्य छात्र राज केदारी को सुरक्षित बचा लिया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस संबंध में तमिलनाडु सरकार से संपर्क किया है और वह स्वयं राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

### विपक्ष करेगा फडणवीस सरकार के कार्यक्रम जलपान का बहिष्कार

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) के वरिष्ठ नेता भास्कर जाधव ने कहा है कि विपक्ष महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से आयोजित पारंपरिक जलपान कार्यक्रम का बहिष्कार करेगा। उन्होंने इसका कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को बताया।

जाधव ने कहा, इस समझौते से राज्य के कपास उत्पादकों और मछुआरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जाधव ने बताया कि फडणवीस ने वरिष्ठ सदस्यों को इस कार्यक्रम के लिए पत्र लिखकर आमंत्रित किया है, जो प्रत्येक सत्र से पहले की एक परंपरा है। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ दल अहंकारी है और विपक्ष के प्रति सम्मान नहीं दिखाता। जब सम्मान, शिष्टता और संविधान के प्रति आदर नहीं है।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौता 'अबकी बार ट्रंप से हार' का प्रमाण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस ने कहा- नए हालात में ठंडे बस्ते में डाल दिया जाना चाहिए समझौता

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने कहा कि यह समझौता ''अबकी बार ट्रंप से हार'' का प्रमाण है और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक शुल्क को रद्द किए जाने के फैसले के बाद उत्पन्न भ्रम की स्थिति को देखते हुए इसे ठंडे बस्ते में डाल देना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अंतरिम समझौते की रूपरेखा की शर्तों पर फिर से बातचीत होनी चाहिए और आयात उदारीकरण, विशेष रूप से कृषि उत्पादों के आयात उदारीकरण से संबंधित खंड को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि समझौता लेनदेन पर आधारित होता है, लेकिन भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत केवल दिया ही है। रमेश ने से कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में ह्यूस्टन में ''अबकी बार ट्रंप सरकार'' का नारा दिया था, लेकिन अंतरिम समझौते की यह रूपरेखा ''अबकी बार ट्रंप से हार'' का प्रमाण है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि दो फरवरी को ऐसा क्या हुआ था कि प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति ट्रंप को व्यापार समझौते की घोषणा करने के लिए मजबूर करना पड़ा।

रमेश ने आरोप लगाया, यह सीधे तौर पर संसद में प्रधानमंत्री पर बाह्य सुरक्षा मोर्चे की विफलताओं को लेकर राहुल गांधी के हमले से जुड़ा है। इसलिए इस समझौते की घोषणा खबरों और सुर्खियों को प्रभावित करने की रणनीति का हिस्सा थी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा में यह कहा गया है कि किसी भी पक्ष की ओर से किसी भी प्रकार के बदलाव की स्थिति में अमेरिका और भारत इस बात पर सहमत हैं कि वे अपनी प्रतिबद्धताओं में संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ में बदलाव किया है, इसलिए भारत को अपनी प्रतिबद्धताओं में बदलाव करने का पूरा अधिकार है।

### राज्य चुनाव कार्यालयों के साथ गोल मेज सम्मेलन करेगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोग और राज्य चुनाव अधिकारियों का एक गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस सम्मेलन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। आयोग ने कहा कि यह सम्मेलन 27 साल के बाद हो रहा है। पिछली बार इसकी बैठक 1999 में हुई थी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य चुनाव अधिकारी अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) भी इसमें भाग लेंगे।

# भारतीय उच्चायुक्त बांग्लादेश के विदेश मंत्री से मिले, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

● उच्चायुक्त बोले- बांग्लादेश से वार्ता को इच्छुक है भारत

ढाका, एजेंसी

ढाका में नियुक्त उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संवाद को आगे बढ़ाने के लिए भारत उत्सुक है। उन्होंने नई दिल्ली की ओर से ढाका के साथ फिर से सक्रिय रूप से बातचीत की इच्छा व्यक्त की।

तारिक रहमान के 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ दिनों बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान से मुलाकात के बाद उच्चायुक्त वर्मा पत्रकारों से बात कर रहे थे। वर्मा ने मुलाकात के बाद कहा कि विदेश मंत्री के साथ आज की बैठक में मैंने अपना रुख दोहराया कि हम बांग्लादेश में नई सरकार के साथ संवाद के लिए उत्सुक हैं। बैठक में विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद भी शामिल थीं। उच्चायुक्त के अनुसार, उन्होंने बताया कि हम परस्पर हित और पारस्परिक लाभ के आधार पर सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी सोच के साथ मिलकर काम करते हुए हर क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना चाहते हैं। वर्मा ने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार भेंट बताया।

### यूनुस के कार्यकाल में संबंध बिगड़े

यूनुस के कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंधों में गिरावट आई थी और 1971 के बाद यह अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। उच्चायुक्त ने चुनाव में 13 फरवरी को बीएनपी की जीत के तुरंत बाद तारिक रहमान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई संदेश की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप बांग्लादेश के साथ हमारे हालिया उच्च स्तरीय संवाद से अवगत हैं। वर्मा ने रविवार को कहा किउन्होंने उस दिन बाद में फोन पर भी बातचीत की।

## संभावित युद्ध के मुहाने पर दुनिया

फरवरी 2026 के मध्य में मध्य-पूर्व एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को एक संभावित भीषण युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि 10-15 दिनों के भीतर परमाणु समझौते पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इस तनाव के केंद्र में ईरान का परमाणु कार्यक्रम, उसकी बैलिस्टिक मिसाइलें और हाल के महीनों में देश के भीतर हुए बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों का हिंसक दमन है। युद्ध की स्थिति में इसके परिणाम केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान ने कहा है कि हमले की स्थिति में वह होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की महत्वपूर्ण नस है। ईरान ने इसे एक क्षेत्रीय या विश्व युद्ध में बदलने की धमकी दी है।

## अमेरिका-ईरान द्वंद



### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के परिणाम

- वैश्विक व्यापार ठप : लगभग 3,000 जहाज हर महीने इस संकीर्ण मार्ग से गुजरते हैं। ईरान द्वारा समुद्री बारूद बिछाने या मिसाइल हमलों से यह मार्ग पूरी तरह असुरक्षित हो जाएगा।
- भारत पर प्रभाव : भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का 40% और गैस (एलएनजी) का 54% इसी मार्ग से आता है। इस मार्ग के बंद होने से भारत में ऊर्जा संकट पैदा हो सकता है।
- चीन की प्रतिक्रिया : चीन ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। इस मार्ग के बंद होने से चीन की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचेगी।

### विनाशकारी होंगे प्रभाव

- ऊर्जा संकट और तेल की कीमतें : दुनिया का लगभग 20-30% कच्चा तेल और 20% एलएनजी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस मार्ग के बंद होने से तेल कीमतें एक ही दिन में 120 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।
- आर्थिक मंदी : तेल की कीमतों में उछाल से वैश्विक मुद्रास्फीति बढ़ेगी, जिससे विकसित और विकासशील दोनों तरह की अर्थव्यवस्थाएं मंदी की चपेट में आ सकती हैं। भारत व चीन जैसे देश, जो ऊर्जा जरूरतों के लिए इस क्षेत्र पर निर्भर हैं, सबसे अधिक प्रभावित होंगे।
- क्षेत्रीय अस्थिरता : ईरान के प्रॉक्सी संगठन जैसे हिज्बुल्लाह लेबनान से इजराइल पर हमले कर सकते हैं, जिससे पूरा लेबनान और सीरिया युद्ध की आग में झुलस सकता है।
- विमानन और व्यापार मार्ग : मध्य-पूर्व का हवाई क्षेत्र बंद होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का रूट बदल जाएगा, जिससे हवाई किराया और लॉजिस्टिक्स लागत में भारी वृद्धि होगी।

### अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप का इतिहास

- वियतनाम युद्ध अमेरिका के लिए एक बड़ा सबक था, जहां साम्यवाद को रोकने के नाम पर अमेरिका ने भारी सैन्य बल झोंका, लेकिन अंततः उसे पीछे हटना पड़ा।
- अफगानिस्तान पर हमले ने आधुनिक इतिहास की सबसे लंबी जंग शुरू की। ● अमेरिका ने सामूहिक विनाश के हथियारों का दावा करते हुए इराक में सद्दाम हुसैन के शासन को उखाड़ फेंका ● लीबिया में कर्नल गद्दाफी को हटाने के लिए किए गए हवाई हमलों ने उस समृद्ध अफ्रीकी देश को आज तक अराजकता और गृहयुद्ध की स्थिति में छोड़ दिया है।
- सीरिया में भी रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल को आधार बनाकर किए गए हस्तक्षेप ने गृहयुद्ध को और उलझा दिया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में कर्फ्यू अवधि अनिश्चितकाल बढ़ी

**काठमांडू।** नेपाल में मधेस प्रांत की गौर नगरपालिका में दो समुदायों के बीच हुई झड़पों के बाद लगाए गए कर्फ्यू की अवधि रविवार को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दी गई। जिला प्रशासन कार्यालय ने कहा कि पूर्वी मुदबलवा गेट, पश्चिमी लालबकैया बांध, बाम नहर के उत्तर और गौर सीमा शुल्क कार्यालय के दक्षिण में निषेधाज्ञा रविवार सुबह साढ़े आठ बजे से अगले नोटिस तक प्रभावी रहेगी। दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुट के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया था।

### रूस के हमले में एक यूक्रेनी की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसमें कीव क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने रविवार को बताया कि ध्वस्त इमारतों के मलबे से एक बच्चे समेत आठ अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हमले के कारण कीव के उपनगरों के पांच जिलों ओबुखिव, ब्रोवरी, बोरिस्पिल, बुचा और फास्तिव में नुकसान हुआ और वहां आग लग गई। फास्तिव जिले के पुत्रिवका गांव में आपातकालीन राहतकर्मी मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए अभियान चला रहे थे।

### नेपाल के कोशी प्रांत में भूकंप के हल्के झटके

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, 4.1 तीव्रता का यह भूकंप सुबह सात बजकर 31 मिनट पर आया और इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रिताक क्षेत्र में स्थित था। संखुवासभा जिला राजधानी काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके पड़ोसी तपलेजुंग और भोजपुर जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि, किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली।

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड को देगा हॉस्पिटल बोट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड में हॉस्पिटल बोट भेज रहे हैं। ट्रंप ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि लुइज़ियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर हम ग्रीनलैंड में एक बड़ा हॉस्पिटल बोट भेजने जा रहे हैं, ताकि वहां के उन कई बीमार लोगों की देखभाल की जा सके जिनका इलाज नहीं हो पा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रतीकात्मक तस्वीर साझा की है।

# परमाणु समझौते लिए ईरान और आईएईए के बीच नए तंत्र पर चर्चा

## अमेरिका से स्थायी परमाणु समझौते तक पहुंचने के लिए सार्थक सहभागिता पर जोर

● दोनों पक्षों ने ताजा घटनाक्रमों पर जानकारी साझा की

तेहरान, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने स्थायी परमाणु समझौते तक पहुंचने के लिए सार्थक सहभागिता और बातचीत पर जोर दिया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को इस सप्ताह की दूसरी फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने ईरान-अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा के साथ जानकारी साझा की।

आईआरएनए के मुताबिक, बुधवार को अपनी पिछली फोन कॉल में अराघची और ग्रॉसी ने जिनेवा में ईरान-अमेरिका अप्रत्यक्ष वार्ता के परिणामों की समीक्षा की और बातचीत के ढांचे का मसौदा तैयार करने और कार्यप्रणाली विकसित करने पर चर्चा की। अराघची ने भविष्य की बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए प्रारंभिक और सुसंगत ढांचा विकसित करने पर ईरान के ध्यान केंद्रित करने की बात कही। ग्रॉसी ने जिनेवा वार्ता को सकारात्मक बताया और वार्ता का ढांचा तैयार करने तथा इस प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए आईएईए की सहयोग की तैयारी का जिक्र किया। शुक्रवार को एमएसएनबीसी के साथ साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि ईरान दो-तीन दिनों के भीतर अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा तैयार करेगा और इसे अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को सौंप देगा। यह नये सिरे से हो रही बातचीत ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और मध्य पूर्व क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के बीच हो रही है।



### ईयू देशों की सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित किया

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों की नौसेनाओं और वायु सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्‌र्स कॉर्प्स को आतंकी संगठन घोषित करने के जवाब में उठाया गया है। इसमें कहा गया कि ईरानी सरकार ने 2019 के एक कानून के तहत यह जवाबी कार्रवाई की है। इस कानून के अनुसार, वे सभी देश जो किसी भी तरह से आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का पालन या समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान के विवि में छात्रों का विरोध प्रदर्शन

**तेहरान।** ईरान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्रों ने रविवार को रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की। तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर एकत्र होकर तानाशाह मुर्दाबाद के नारे लगाए। मशहद के फ़िरदौसी विश्वविद्यालय, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किए। साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी और शरीफ यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनकारियों ने यह नारा भी लगाया, हम साथियों के खून की कसम खाते हैं, अंत तक डटे रहेंगे।

## अरब देशों की निंदा के बाद बयान से पलटे हकाबी

**काहिरा/रियाद।** इजराइल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने अरब लीग, मिस्र और सऊदी अरब की निंदा के बाद अपने बयान से कदम वापस खींचते हुए कहा है कि पूरे पश्चिमी एशिया पर इजरायल के कब्जे वाला उनका बयान 'अतिशयोक्ति' था। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने कहा था कि इज़राइल को पूरे पश्चिमी एशिया पर दावा करने का अधिकार है। हकाबी ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार में बाइबिल को आधार बनाकर कहा कि पश्चिमी एशिया में फरात से लेकर नील नदी तक की जमीन ईश्वर ने इजराइल को दी है। जब हकाबी से बाइबिल के संदर्भ में पूछा गया कि क्या पूरे पश्चिमी एशिया पर इजराइल का अधिकार है, तो कहा कि वे सब कुछ ले लें, तो भी ठीक होगा। अरब देशों की ओर से निंदा के बाद हकाबी ने अपना रुख बदलते हुए कहा कि उनका बयान अतिश्योक्तिपूर्ण था। यूएईने हकाबी के इस बयान की निंदा की। कहा कि इस पर यूएई, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान, सीरिया और फिलिस्तीन के साथ इस्लामिक सहयोग संगठन, अरब लीग और खाड़ी-सहयोग परिषद ने हस्ताक्षर किए हैं।

# अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 23 की मौत

● पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने सात आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने देश में हुए हालिया हमलों के बाद अफगानिस्तान में शनिवार रात कम से कम सात आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों ने रात भर हमले किए। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल और एक सैनिक की मौत हो गई थी।

हमले को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि आतंकवाद की ये घटनाएं ख्वारिज ने अफगानिस्तान स्थित अपने आकाओं और संचालकों के इशारे पर कीं। पाकिस्तान ने कहा कि इन हमलों की जिम्मेदारी फितना अल ख्वारिज (एफएके) से संबंधित अफगानिस्तान आधारित पाकिस्तानी तालिबान और उनके सहयोगियों तथा इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरसान प्रांत (आईएसपीके) ने ली है। सरकार फितना-अल-ख्वारिज शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए करती है। कहा कि अफगान के तालिबान शासन से बार-बार आग्रह किया गया कि वह आतंकवादी समूहों और विदेशी एजेंटों को पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अफगान क्षेत्र का उपयोग करने से रोके लेकिन वह उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा। इस पृष्ठभूमि में, पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान-अफगान सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी तालिबान, एफएके और उसके सहयोगियों तथा आईएसकेपी से संबंधित सात आतंकवादी शिविरों और ठिकानों को निशाना बनाया है।



### काबुल ने दी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

**अफ़गानिस्तान।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के आक्रामकता वाले कृत्य का सही समय पर नपा-तुला और उचित जवाब दिया जाएगा। रविवार की सुबह अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान वायु सेना के रात भर किए गए हवाई हमलों में पक्तिका और नंगरहार के सीमावर्ती प्रांतों में महिलाओं और बच्चों सहित 23 नागरिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तानी सैन्य शासन ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में मदरसों और भवनों सहित कई नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं।

## ट्रंप के रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले को मार गिराया

● हथियारबंद था मारा गया संदिग्ध फ्लोरिडा के पाम बीच की घटना

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया गया। अमेरिकी खुफिया विभाग के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ट्रंप आमतौर पर सप्ताहांत मार-ए-लागो रिजॉर्ट में गुजारते हैं, लेकिन शनिवार रात को घटना के समय वह व्हाइट हाउस में थे।

उन्होंने बताया कि प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप भी घटना के समय राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में थीं। अधिकारियों ने मारे गए व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। खुफिया विभाग के मुताबिक, मार-ए-लागो रिजॉर्ट के उत्तरी गेट पर तैनात कर्मियों ने एक व्यक्ति को शॉटगन और ईंधन के कैन के साथ घुसते देखा। विभाग ने बताया कि खुफिया सेवा के एजेंट और पाम बीच काउंटी के शेरिफ के डिप्टी ने व्यक्ति को मार गिराया। इस घटनाक्रम पर व्हाइट हाउस की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ब्रैडशॉ ने कहा कि उसे अपने पास मौजूद कैन और हथियार को छोड़ने का आदेश दिया गया था। उसी समय उसने गैस का डिब्बा नीचे रख दिया और शॉटगन को गोली चलाने के लिए उठा लिया। दोनों एजेंट और डिप्टी ने खतरे को बेअसर करने के लिए अपनी बंदूकें चलाईं।

## नेटफ्लिक्स से सुसान को हटाने की ट्रंप की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेटफ्लिक्स से बोर्ड सदस्य सुसान राइस को हटाने की मांग की है और कंपनी को चेतावनी दी है कि वह तुरंत कार्रवाई करे वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। उनकी यह टिप्पणी राइस द्वारा हाल ही में एक पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान की गई टिप्पणियों के बाद आई है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर साझा की गई एक पोस्ट में लिखा, नेटफ्लिक्स को नस्लवादी और मेरे प्रति नफरत रखने वाली सुसान राइस को तुरंत निकाल देना चाहिए, अन्यथा परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि सुसान पास कोई प्रतिभा या कौशल नहीं है। वह पूरी तरह से एक राजनीतिक एजेंट हैं।

## सर्विया में नए कानूनों के खिलाफ वकील व जज

● बदलाव के विरोध में राजधानी बेलग्रेड में किया प्रदर्शन

बेलग्रेड, एजेंसी

सर्बिया में वकीलों और जजों ने मौजूदा और नए कानूनों में बदलाव के खिलाफ बेलग्रेड में एक विरोध-प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह आजादी पर प्रतिबंध लगाता है। वकीलों और जजों का यह शांतिपूर्ण 'मार्च फॉर जस्टिस' शनिवार को सर्बियाई कर्मचारी भवन से शुरू हुआ। यह मुख्य सड़कों से होते हुए संगठित अपराध अभियोजन कार्यालय के मुख्यालय तक गया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकारी वकीलों से अपील की कि वे भ्रष्टाचार के दोषियों को गिरफ्तार करें, चाहे उनका आधिकारिक पद कुछ भी क्यों न हो। अपीलीय अदालत के जज मिलिमिर लुकिक ने प्रदर्शनकारियों के समूह से कहा, पक्षपातपूर्ण हितों से प्रेरित कानूनों में बदलाव और सरकार की नापसंद उन खास अदालत की कार्यवाही को रोकने के लिए कानूनी तरीकों का इस्तेमाल , सर्बिया गणराज्य में कानूनी व्यवस्था पर बुरा असर डाल रहा है। जनवरी के आखिर में सर्बियाई संसद ने सत्तारूढ़ सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी की सदस्य उगलेसा मृदिस के प्रस्तावित दस्तावेजों के एक पैकेज को मंजूरी दी। जनवरी के आखिर और फरवरी की शुरुआत में ईयू आयुक्त मार्टा कोस और बाद में पूरे यूरोपियन कमीशन ने कानूनों की समीक्षा करने को कहा।

## हेराइन तस्करी मामले में सेना के जवान सहित छह गिरफ्तार

● पंजाब पुलिस ने किया तस्करी के संगठित गिरोह का भंडाफोड़

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक संगठित गिरोह का रविवार को भंडाफोड़ करते हुए सेना के एक जवान और राज्य पुलिस के एक बर्खास्त पुलिसकर्मी सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों से शामिल हैं।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि फरीदकोट पुलिस ने दो महीने तक जेल में निगरानी के बाद एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हेरोइन तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक सैन्यकर्मी और एक बर्खास्त पुलिसकर्मी सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और करीब 4.8 किलोग्राम हेरोइन, एक हथियार, एक थार (एसयूवी) और एक 'एक्सयूवी' बरामद की है। डीजीपी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। बाउन्होंने एक बयान में कहा कि यह सफलता एक सुनियोजित, खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान और दो महीने तक जेल में की गई निगरानी का परिणाम है, जिसने गिरोह के गहरे संबंधों को उजागर किया। यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के सीधे संपर्क में थे, जो ड्रोन का इस्तेमाल करके हेरोइन की खेप भारतीय क्षेत्र में पहुंचाते थे।

बर्लिन फिल्म महोत्सव | अरुंधती, मीरा समेत कई ने किया है समारोह का विरोध

# रीमा दास को नॉट ए हीरो के लिए पुरस्कार

● जूरी ने रीमा की फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा

बर्लिन, एजेंसी

प्रशंसित फिल्म निर्माता रीमा दास ने अपनी फिल्म नॉट ए हीरो के लिए बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 में क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन' पुरस्कार जीता है। पुरस्कार समारोह शनिवार को आयोजित किया गया था। इसमें जूरी ने फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा है। असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में बनी इस फिल्म को पिछले सप्ताह प्रतियोगिता के 'जेनरेशन के प्लस' खंड में प्रदर्शित किया गया था।

चिल्ड्रन जूरी 'जेनरेशन के प्लस' के सदस्यों में वाल्टर मोरित्ज अरंड्स, गुस्ताव अर्न्ज, थाबानी डाबुलमान्जी, रोजा सोफी क्रास्जनाहोरकाई, वेरा मार्श, एमिर एफे ओजेरन और अल्मा सोफिया विलानेवा बुलेमर शामिल थे।



रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है। वहां के वातावरण में अपनी ताकत और साहस की नयी परिभाषा ढूंढ़ता है। बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रीमा दास की यह लगातार तीसरी फिल्म थी, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार यह फिल्म फेस्टिवल न सिर्फ भारतीय फिल्मकार रीमादास की फिल्म को पुरस्कार मिलने की वजह से चर्चा में है, बल्कि भारत की मानवाधिकार कार्यकर्ता और मशहूर लेखिका अरुंधति राय समेत कई कलाकार-फिल्मकारों के समारोह का बहिष्कार करने की वजह से भी चर्चा में है। समारोह को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब जूरी अध्यक्ष और दिग्गज फिल्मकार विम वेंडर्स ने महोत्सव की शुरुआत में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फिल्मकारों को 'राजनीति से दूर रहना चाहिए'।

जब उनसे गाजा संघर्ष और उसमें जर्मनी की भूमिका पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि फिल्में दुनिया बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक तरीके से नहीं। भारत की मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय ने विम वेंडर्स के इस बयान के विरोध में समारोह से अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने विम वेंडर्स की टिप्पणी को हैरान करने वाला बताया। रॉय ने कहा कि जब मानवता के खिलाफ अपराध हो रहे हों, तब यह कहना कि कला को राजनीतिक नहीं होना चाहिए, यह बातचीत बंद करने का तरीका है। उन्हें अपनी 1989 की फिल्म 'इन ह्विच एनी गिव्स इट दोज वंस' की स्क्रीनिंग के लिए वहां जाना था। बहिष्कार करने में रॉय के अलावा फिलिस्तीनी फिल्मकार अकीम कवासमी और ईरानी-जर्मन कलाकार मैरी लोहानी भी हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। मित्रों से उपहार मिल सकता है। आप मृदु व्यवहार से लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**तुला** — आज का दिन कारोबारी अनुबंधों के लिए बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धियों से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी।

**वृष** — आज कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं। स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा।

**वृश्चिक** — आज शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। सहकर्मियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आप मन लगाएंगे।

**धनु** — आज अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करना हितकर होगा। विषम स्थितियों को संभालने का प्रयास करेंगे। खोया हुआ रुपया मिलेगा।

**कर्क** — आज आपके व्यवहार में गंभीरता की प्रशंसा होगी। लोग आपसे अत्यधिक अपेक्षा रखेंगे। घर में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं।

**मकर** — आज के दिन यात्रा करना मंगलकारी होगा। त्वचा की कुछ समस्या हो सकती है। अपनी जीवनशैली को संतुलित रखें।

**सिंह** — आज रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ** — आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। मांगलिक उत्सवों में भाग ले सकते हैं। विवेकपूर्ण कार्य करना लाभकारी होगा।

**कन्या** — आज सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कानूनी मामलों में नहीं फंसना चाहिए। अजनबी लोगों पर सहसा विश्वास न करें।

**मीन** — आज आपकी आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। जोखिम भरे निवेश करने से आपको बचना चाहिए।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 23 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 09.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- भरणी 16.33 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

### सुडोकू -70

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |



> जिम्बाब्वे को किसी भी तरह से कम आंकने की गलती नहीं करें, क्योंकि इससे वह लक्ष्य से भटक सकते हैं। जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी वरीयता प्राप्त टीमों के साथ रखे जाने से अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी इसी वजह से उसने क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया।
>
> -डैरेन सैमी



### सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे | शाम 7 बजे |

# सुपर-8 में भारत की दयनीय शुरुआत दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों से परास्त

## टी-20 विश्व कप : अभिषेक शर्मा सहित सभी प्रमुख बल्लेबाजों ने किया निराश


**अहमदाबाद, एजेंसी**

आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर-8 में मेजबान टीमों का दिन रविवार को बेहद खराब रहा। एकतरफा मुकाबलों में पहले श्रीलंका फिर भारत को हार का सामना करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्को यानसेन की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से एकतरफा मैच में भारत को 76 रनों से रौंदकर इस प्रतियोगिता में उसके विजयी क्रम पर रोक लगा दी।

भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए पिछले टी20 विश्व कप में एक भी मैच नहीं गंवाते हुए खिताब जीता था, जबकि मौजूदा टूर्नामेंट में उसकी यह पहली हार है। यह रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार भी है। दक्षिण अफ्रीका के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत यानसेन (22 रन पर चार विकेट), केशव महाराज (24 रन पर तीन विकेट) और कोर्बिन बॉश (12 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गया। मेजबान टीम की ओर से सिर्फ शिवम दुबे (42 रन, 37 गेंद, तीन छक्के, एक चौके) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। मिलर ने 35 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 63 रन की पारी खेलने के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 97 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 20 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 187 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने पांच रन तक ही अच्छी फॉर्म में चल रहे ईशान किशन (00) और तिलक वर्मा (01) के विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (15) ने कागिसो रबाडा पर चौका और छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद यानसेन की गेंद को हवा में लहरा गए और बॉश ने शानदार कैच लपका। भारत ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 31 रन बनाए। भारत को अंतिम पांच ओवर में 100 रन की दरकार थी। वाशिंगटन सुंदर (11), रिंकू सिंह (00), अर्शदीप (01) दबाव नहीं सह सके। दुबे ने रबाडा पर लगातार दो छक्कों के साथ 16वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में मिलर ने उनका कैच टपकाया। अगले दो ओवर में सिर्फ चार रन बने जिससे भारत की बड़ी हार तय हो गई।



शॉट लगाते दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर। एजेंसी

### दक्षिण अफ्रीका

**187/7** (20 ओवर)

- एडेन मारक्रम का पंड्या बो अर्शदीप 04
- क्विंटन डिकॉक बो बुमराह 06
- रेयान रिकेल्टन का दुबे बो बुमराह 07
- डेवाल्ड ब्रेविस का अभिषेक बो दुबे 45
- डेविड मिलर का तिलक बो चक्रवर्ती 63
- ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद 44
- मार्को यानसेन का रिंकू बो अर्शदीप 02
- कोर्बिन बॉश का एवं बो बुमराह 05
- कागिसो रबाडा नाबाद 00

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-28-2, बुमराह 4-0-15-3, चक्रवर्ती 4-0-47-1, वाशिंगटन 2-0-17-0, पंड्या 4-0-45-0, दुबे 2-0-32-1

### भारत

**111/10** (18.5 ओवर)

- ईशान किशन का रिकेल्टन बो मारक्रम 00
- अभिषेक शर्मा का बॉश बो यानसेन 15
- तिलक वर्मा का डिकॉक बो यानसेन 01
- सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो बॉश 18
- वाशिंगटन सुंदर का डिकॉक बो बॉश 11
- शिवम का का एनगिडी बो यानसेन 42
- हार्दिक पंड्या का स्टब्स बो महाराज 18
- रिंकू सिंह का स्टब्स बो महाराज 00
- अर्शदीप सिंह का स्टब्स बो महाराज 01
- वरुण चक्रवर्ती नाबाद 00
- बुमराह का मारक्रम बो यानसेन 00

विकेट पतन : 1-0, 2-5, 3-26, 4-43, 5-51, 6-86, 7-86, 8-88, 9-111

गेंदबाजी : मारक्रम 1-0-5-1, यानसेन 3.5-0-22-4, रबाडा 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-15-0, महाराज 3-0-24-3, बॉश 3-0-12-2

### हम इससे बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे: सूर्यकुमार



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा उनकी टीम बल्लेबाजी में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। शुरुआत में हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। सात से 15वें ओवर के बीच उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और फिर हमने वापसी की। उन्होंने कहा बहुत अच्छी गेंदबाजी की लेकिन और बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। कभी-कभी आपको सोचना पड़ता है कि आप पावरप्ले में मैच नहीं जीत सकते, लेकिन आप मैच हार सकते हैं। हमें जिन साझेदारी की जरूरत थी वे नहीं हुईं। यह खेल का हिस्सा है। हम इससे सीखेंगे और वापसी करेंगे। सूर्यकुमार ने बुमराह और अर्शदीप की तेज गेंदबाजी जोड़ी की सराहना की। उन्होंने कहा हर कोई जानता है कि उनकी जोड़ी कितनी खतरनाक रही है। दोनों ने आठ ओवर गेंदबाजी की, पांच विकेट लिए और 45-50 रन दिए। वे साझेदारी में अच्छी गेंदबाजी करते हैं और उन्हें अपनी टीम में पाकर अच्छा लगता है। बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि अर्शदीप ने 28 रन देकर दो विकेट हासिल किए।



अभ्यास सत्र के दौरान वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ कैच के लिए उछल गए।

### विंडीज की परीक्षा लेगा जिम्बाब्वे

**मुंबई।** बेहद आत्मविश्वास से भरी वेस्टइंडीज की टीम को सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प से सतर्क रहना होगा। यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है और वे यह सिलसिला जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों ने पहले दौर में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन काम अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि आगे और भी कड़ी चुनौतियां उनका इंतजार कर रही हैं। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की यह उस प्रारूप में कड़ी परीक्षा होगी जिसमें वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपने कौशल का ऐसा नमूना पेश करते हैं जैसा शायद ही कोई अन्य टीम कर पाती है। पूर्व चैंपियन कप्तान डेरेन सैमी की कोचिंग वाली टीम ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है लेकिन उसके लिए निरंतरता बनाए रखना चुनौती होगी। वेस्टइंडीज ने लगातार चार मैच में जीत हासिल करके यह सुनिश्चित कर लिया है कि विश्व कप से पहले सात द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में मिली हार अब अतीत की बात हो गई है।

### हाईलाइट

#### मेसी की मौजूदगी में इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार

**लॉस एंजिलिस।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए। बुआंगा ने मैच के बाद कहा वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है।

#### विनिसियस जूनियर ने फिर गोल किया पर रियल मैड्रिड हारा

**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने इस सप्ताह के शुरू में चैंपियंस लीग मैच में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर नस्लीय अपमान करने का आरोप लगाया था लेकिन उन्होंने चार मैचों में अपना पांचवां गोल करके यह साबित कर दिया कि इस घटना का उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा है। लेकिन रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक, बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं।

## टेनिस स्टार स्टीफंस ने तोड़ा जोजी से वैवाहिक बंधन

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- पूर्व फुटबाल खिलाड़ी से महज चार साल साल चल सका रिश्ता

अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पूर्व चैंपियन स्लोएन स्टीफंस और अमेरिकी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी जोजी अल्टिडोर ने चार साल बाद अपना वैवाहिक बंधन समाप्त समाप्त कर दिया है। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्टीफंस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में जोजी से अलग होने की घोषणा की।

स्टीफंस ने लिखा जोजी और मैंने अपना वैवाहिक बंधन खत्म करने का फैसला क्या है। मैं आपसी सहमति और पूरे सम्मान के साथ इस बदलाव का सामना कर रही हूं और इस दौरान निजता बनाए रखने का अनुरोध करती हूं। आपके प्यार और निरंतर समर्थन बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार।

बत्तीस वर्षीय स्टीफंस 2018 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही थी जबकि 36 वर्षीय अल्टिडोर ने 2007 से 2019 तक अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम के लिए 115 मैचों में 42 गोल किए। इसके अलावा मेजर लीग सॉकर और विदेशों में उनका लंबा पेशेवर करियर रहा है।



## दोहा में होगी आईसीसी बोर्ड की बैठक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है।

आईसीसी ने कहा यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है। आईसीसी ने कहा हाल ही में क्रिकेट महोत्सव के शुरू होने से क्रिकेट की पहुंच और भी बढ़ गई है।

## शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया

**पल्लेकल, एजेंसी**

- फिल सॉल्ट की पारी से मेहमानों ने बनाया था चुनौतीपूर्ण स्कोर
- आर्चर और जैक्स ने ध्वस्त किया मेजबानों का शीर्षक्रम

फिल सॉल्ट (40 गेंदों पर 62 रन) की दमदार बल्लेबाजी के बाद जोफ्रा आर्चर और विल जैक्स की तेज और स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने श्रीलंका के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर इंग्लैंड को रविवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में 51 रन की शानदार जीत दिलाई।

बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालगे (26 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में श्रीलंका की अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 146 रन तक सीमित कर दिया था, जिससे लग रहा था कि मुकाबला मेजबान टीम की पकड़ में है। आर्चर और ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर जैक्स ने हालांकि मैच का रुख पूरी तरह पलट दिया। दोनों ने पावरप्ले में कहर बरपाते हुए छठे ओवर तक श्रीलंका का स्कोर पांच विकेट पर 34 रन कर दिया। श्रीलंकाई टीम इससे उबर नहीं पाई और कप्तान दासून शनाका की 30 रन की पारी के बावजूद 16.4 ओवर में 95 रन पर आउट हो गई।



कामिल का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर।

जैक्स ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि आर्चर ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उन्हें लियाम डॉसन (चार ओवर में 27 रन पर दो विकेट) और आदिल रशीद (3.4 ओवर में 13 रन पर दो विकेट) का भी शानदार साथ मिला। मैच में सॉल्ट की छह चौके और दो छक्के जड़ित पारी निर्णायक साबित हुई। जैक्स ने बल्ले से भी 14 गेंद में 21 रन का योगदान दिया और इस हरफनमौला प्रदर्शन के लिए ''प्लेयर ऑफ द मैच'' चुने गये। इंग्लैंड के अन्य बल्लेबाज पूरी तरह विफल रहे।

इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही थी तो श्रीलंका की शुरुआत उससे भी बदतर रही। आर्चर ने खतरनाक पाथुम निसांका (आठ गेंदों पर नौ रन) को जल्दी पवेलियन भेज दिया। जेमी ओवरटन को ठीक उसी गेंद से पहले डीप मिडविकेट पर तैनात किया गया था और निसांका तेज और फुल लेंथ गेंद की योजना में फंस गए। पहली पारी में वेलालगे की भूमिका को दोहराते हुए जैक्स ने लगातार दो गेंदों पर कुसल मेंडिस और पवन रत्नायके को आउट कर श्रीलंका पर दबाव बना दिया। आर्चर ने कमिल मिशारा को गली में ओवरटन के हाथों कैच कराया।

### इंग्लैंड

**146/9** (20 ओवर)

- फिल साल्ट का हेमंथा बो वेलालगे 62
- जोस बटलर पगबाधा वेलालगे 07
- जैकब बेथल का मदुशंका बो तीक्षणा 03
- टॉम बैटन रन आउट 06
- हैरी ब्रुक पगबाध वेलालगे 14
- सैम कुरेन का मिशारा बो चमीरा 11
- विल जैक्स का वेलालगे बो मदुशंका 21
- डॉसन का शनाका बो तीक्षणा 06
- जैमी ओवरटन नाबाद 10
- जोफ्रा आर्चर का हेमंथा बो मदुशंका 00
- आदिल राशीद नाबाद 01

**गेंदबाजी :** मदुशंका 4-0-25-2, वेलालगे 4-0-26-3, तीक्षणा 4-0-21-2, हेमंथा 4-0-38-0, चमीरा 4-0-34-1

### श्रीलंका

**95/10** (16.4 ओवर)

- पथुम निसंका का ओवरटन बो आर्चर 09
- कामिल का ओवरटन बो आर्चर 06
- कुसल मेंडिस का एवं बो जैक्स 04
- पवन रत्नायके का बैंटन बो जैक्स 00
- दुनिथ वेलालगे का ब्रुक बो जैक्स 10
- कामिंदु मेंडिस का एवं बो डॉसन 13
- दासुन शनाका का बैटन बो रशीद 30
- दुशान हेमंथा हिट विकेट बो ओवरटन 05
- दुष्मंथा चमीरा बो डॉसन 06
- महीश तीक्षणा नाबाद 10
- दिलशान मदुशंका बो रशीद 00

**गेंदबाजी :** आर्चर 3-0-20-2, जैक्स 4-0-22-3, डॉसन 4-0-27-2, रशीद 3.4-0-13-2, ओवरटन 2-0-13-1

## भारत ए ने लगातार दूसरी बार एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता

**बैंकॉक, एजेंसी**

तेजल हसबनिस के नाबाद अर्धशतक और लेग स्पिनर प्रेमा रावत की फिरकी के जादू से भारत ए ने रविवार को यहां कम स्कोर वाले एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रन से हराकर एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीत लिया।

भारतीय टीम 44 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन तेजल ने 34 गेंद में नाबाद 51 रन की प्रभावी पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने कप्तान राधा यादव (30 गेंद में 36 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी भी की। भारतीय टीम ने इसके बाद प्रेमा (12 रन पर तीन विकेट) की फिरकी के जादू से बांग्लादेश को 19.1 ओवर में 88 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश ने तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। बांग्लादेश ने पहला विकेट इशमा तंजीम के रूप में गंवाया जो तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर का शिकार बनीं। प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को अतिरिक्त उछाल लेती शानदार लेग स्पिन पर आउट किया। भारत ए ने 2023 में पहले टूर्नामेंट के फाइनल में भी बांग्लादेश ए को हराकर खिताब जीता था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम जल्द ही संकट में घिर गई लेकिन तेजल ने अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए टीम को परेशानी से उबारा। उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।




## अल्काराज को कतर ओपन का खिताब

**दोहा।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ ने शानदार खेल का नमूना पेश करते हुए आर्थर फिल्स को केवल 50 मिनट में 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

स्पेन के इस स्टार खिलाड़ी ने इस तरह से 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 12 मैच तक पहुंचा दिया है।

उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने यानि चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने के 20 दिन बाद कतर ओपन में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अल्काराज़ ने कहा साल की शुरुआत वाकई बहुत शानदार रही है। दोहा में खिताब जीतने के साथ ही अल्काराज़ के टूर-स्तरीय खिताबों की संख्या 26 हो गई है।

**संकल्प** | भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा-अब टी20 विश्व कप पर टिकी हैं निगाहें

## विश्व क्रिकेट पर दबदबा बनाए रखना चाहती है टीम

**एडिलेड, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम लगातार शीर्ष पर बने रहकर विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है। पिछले साल पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की निगाहें इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप में जीत हासिल करने पर टिकी हैं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की अपनी तैयारी की शानदार शुरुआत की। मंधाना ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''''यह भारतीय टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रही है। हम अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम या अतीत में जो कुछ भी हुआ उसके बारे में नहीं सोचते हैं। हमने इसे हराया, हमने उसे हराया। मुझे लगता है कि अब यह सब उतना महत्वपूर्ण नहीं है।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हम एक ऐसे बदलाव के दौर में हैं जहां हम विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। हम किसे हराते हैं, कहां हराते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम बस उन्हें लगातार हराने और शीर्ष पर बने रहने में सफल होना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मंधाना ने 82 रन की पारी खेली। उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्स (59) के साथ 121 रन की साझेदारी की जिससे भारत छह विकेट पर 176 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम नौ विकेट पर 159 रन ही बना पाई।मंधाना ने कहा मुझे एडिलेड शहर बहुत पसंद है। यहां खेलने से पहले भी मुझे यहां शहर पसंद था। यह बहुत शांत और सुंदर शहर है। कुछ ऑस्ट्रेलियाई बहुत खुश होंगे जब मैं कहूंगी कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर है। वास्तव में मुझे यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर लगता है। महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मंधाना ने कहा यह साल टी20 का साल है। पिछला साल एकदिवसीय क्रिकेट का साल था जिसमें हमने बहुत सारे वनडे मैच खेले। लेकिन अब हम अपने टी20 खेल पर काम कर रहे हैं।



स्मृति मंधाना।

### धोनी आईपीएल के लिए उपलब्ध

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र की तैयारियों के बीच एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है कि क्या दिग्गज पूर्व कप्तान इस साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सभी मैचों में खेलते नजर आएंगे? फ्रेंचाइजी के एक शीर्ष सूत्र ने इसकी पुष्टि की कि 45 वर्ष के होने जा रहे धोनी आगामी आईपीएल सत्र के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ उपलब्ध रहेंगे। टीम में इस बार बड़ी रकम के साथ ट्रेडिंग के जरिए संजू सैमसन के शामिल होने के बाद हालांकि यह संभावना कम मानी जा रही है कि पूर्व भारतीय कप्तान लीग चरण के सभी मुकाबलों में खेलेंगे।